एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी प्रो.खरताराम पटेल ने बताया कि भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित यह शिविर 26 अक्टूम्बर से 4 नवम्बर तक चंडीगढ़ में आयोजित किया जायेगा। इस 10 दिवसीय शिविर में परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आधार पर दिल्ली में होने वाले मुख्य शिविर के लिए चयन होगा। एनएसएस के समन्वयक प्रो.जेताराम विश्नोई चयनित स्वयंसेवकों को बधाई दी।

**जेएनवीयू के दो विद्यार्थियों का प्री गणतंत्र दिवस परेड में चयन**



जोधपुर। जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के दो स्वयंसेवको का दिल्ली के राजपथ पर होने वाली गणतंत्र दिवस परेड के प्री केम्प में चयन हुआ है। बीएससी अंतिम वर्ष के छात्र सुखराम जाणी और एम.ए. पूर्वाद्ध की छात्रा राधिका को इस शिविर के लिए चुना गया है। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. खरताराम पटेल ने बताया कि भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित यह शिविर 26 अक्टूबर से 4 नवम्बर तक चंडीगढ़ में आयोजित किया जायेगा। इस 10 दिवसीय शिविर में परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रमो के आधार पर दिल्ली में होने वाले मुख्य शिविर के लिए चयन होगा। एनएसएस के समन्वयक प्रो.जेताराम विश्नोई चयनित स्वयंसेवको के बधाई दी।

इसी क्रम सुखराम जाणी व राधिका 06 नवम्बर 2016 को 10 दिवसीय गणतंत्र दिवस परेड पूर्व शिविर में भाग लेकर लौटे। उन्होनें बताया कि यह शिविर चण्डीगढ़ के जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ। स्वयं सेवकों ने शिविर में परेड व शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया तथा राजस्थान की कला और संस्कृति को विभिन्न विद्यार्थियों के साथ साझा किया। डॉ. के. आर. पटेल व डॉ. प्रवीण गहलोत ने दोनों स्वयं सेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

ग्री गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेकर लौटे




जोधपुर. युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से आयोजित उत्तरी क्षेत्र पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में भाग लेकर जेएनवीयू और इससे संबद्ध महाविद्यालयों के छात्रों का दल वापस लौटा। विवि के एनएसएस समन्वयक प्रो जैताराम विश्नोई ने बताया कि यह शिविर चंडीगढ़ के जवाहर नवोदय विद्यालय में हुआ। इसमें 7 राज्यों के 200 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शिविर में जेएनवीयू के स्वयंसेवको ने परेड और शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया और राजस्थान की कला और संस्कृति को विभिन्न राज्यों के साथ साझा किया। परेड और सांस्कृतिक प्रदर्शन के आधार पर इस शिविर में से 40 स्वयंसेवको का राजपथ पर होने वाली गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन किया जाएगा। दल में जेएनवीयू के सुखराम जाणी, मदन सोलंकी, राधिका वैष्णव, पाली के अजय सिंह, रेखा वैष्णव, निखिल दाधीच और आरती शामिल थे।

**प्री गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेकर लौटे**

**नवज्योति/जोधपुर।**

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित उतरी क्षेत्र पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर में भाग लेकर जेएनवीयू और इसके संघटक महाविद्यालियों के छात्रों के दल विश्वविद्यालय लौट आया। यह शिविर चंडीगढ़ के जवाहर नवोदय विद्यालय में 26 अक्टूम्बर से 4 नवम्बर तक आयोजित किया गया। इसमें 7 राज्यों दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, जम्मु कश्मीर और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के 200 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शिविर में व्यास विश्वविद्यालय के स्वयंसेवको ने परेड और शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन किया और राजस्थान की कला और संस्कृति को विभिन्न राज्यो के साथ साझा किया। परेड और सांस्कृतिक प्रदर्शन के आधार पर इस शिविर में से 40 स्वयंसेवको का दिल्ली के राजपथ पर होने वाली गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन किया जायेगा। दिल्ली में मुख्य शिविर 1 जनवरी से 30 जनवरी तक जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।

## नांदडा कलां गाँव में स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम

13 व 14 नवम्बर 2016 को राष्ट्रीय सेवा योजना की विज्ञान संकाय की इकाईयों द्वारा विश्वविद्यालय के गोद लिए नांदडा कलां गाँव में स्वच्छ भारत अभियान के तहत् डॉ. के. आर. पटेल के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें स्वयं सेवकों ने श्रमदान किया। गाँव के विद्यालय व अटल सेवा केन्द्र के आस–पास उगी झाड़ियों को साफ किया व तालाब पर जलस्वावलम्बन का कार्य किया। इसके अलावा घर–घर जाकर समस्याओं की जानकारी ली। इसमें कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. शरद बिस्सा आदि ने ग्रामीणों से बात कर उनकी समस्या को जाना तथा समस्या समाधान हेतु सम्बंधित जिला अधिकारियों को पत्र लिखकर तुरन्त समस्या का समाधान करने हेतु आश्वस्त किया।

**विवि ने गोद लिए नांदडकला गांव में चलाया स्वच्छ भारत अभियान**

**नवज्योति/जोधपुर।**

व्यास विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की विज्ञान संकाय ईकाई के तत्वावधान में सोमवार को विवि के गोद लिए नांदडाकलां गांव में स्वच्छ भारत कार्यक्रम के तहत डॉ.केआर पटेल के नेतृत्व में सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के पहले दिन संकाय के स्वयंसेवकों ने सुबह 9 से 12 बजे तक श्रमदान किया। जिसमें गांव के विद्यालय और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र व अटल सेवा केन्द्र के आसपास उगी झाडियों को साफ किया। इसके अलावा घर-घर जाकर सर्वे करके समस्याओं की भी जानकारी ली। इस दौरान डॉ.अनुराग चौधरी, डॉ.शरद बिस्सा, डॉ.बीआर गढ़ी व अन्य मौजूद रहे।

**नांदड़ा कलां में स्वच्छता सप्ताह शुरू**

जयनारायण व्यास विवि के राष्ट्रीय सेवा योजना की विज्ञान संकाय के सभी 8 इकाई की ओर से रविवार को विवि द्वारा गोद लिए गए गांव नांदड़ा कलां में स्वच्छता सप्ताह की शुरुआत की गई। विवि कुलपति डॉ. आरपी सिंह के निर्देश पर मनाए जा रहे स्वच्छता सप्ताह का उद्घाटन समन्वयक प्रो. जैताराम विश्नोई ने किया। समारोह की अध्यक्षता सरपंच हनुमानराम डूडी ने की। प्रो. विश्नोई ने बताया कि स्वच्छता सप्ताह अंतर्गत स्वयंसेवक ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे। कार्यक्रम में डॉ. केआर पटेल, डॉ. केआर गेनवास, डॉ. आरपी सारण, डॉ. शरद बिस्सा, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. ओमप्रकाश आदि उपस्थित थे।

## बाल दिवस समारोह कार्यक्रम

14 नवम्बर 2016 को राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों तथा स्वयं सेवकों ने कच्ची बस्ती के बच्चों के साथ बाल दिवस मनाया। बस्ती के बच्चों को मिठाई व खाने–पीने की वस्तुएँ, फल, चॉकलेट आदि वितरित की तथा स्थानीय निवासियों को अपने बच्चों को स्कूल भेजने के प्रति जागरूक किया। इसमें कार्यक्रम अधिकारी डॉ. किशनाराम गेनवा, डॉ. भानाराम गाडी, डॉ. ओम प्रकाश, डॉ. प्रवीण गहलोत ने भाग लिया। डॉ. प्रवीण गहलोत ने कच्ची बस्ती के बच्चों के माता पिता से बात कर उन्हें प्रतिदिन स्कूल भेजने की समझाइस की। डॉ. भानाराम गाडी ने बच्चों को स्कूल सामग्री उपलब्ध करवाने व अन्य समस्या का समाधान करने हेतु अपने मोबाइल नम्बर साझा किए।



कच्ची बस्ती के बच्चों के साथ मनाया बाल दिवस

एबीवीपी की एसएफडी इकाई व एनएसएस कार्यकर्ताओं ने कच्ची बस्ती के बच्चों के साथ मनाया बाल दिवस।

जोधपुर. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की एसएफडी इकाई ने एनएसएस कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर गुरुनानक जयंती और बाल दिवस मनाया। कार्यकर्ताओं ने कच्ची बस्ती के बच्चों को मिठाई और खाने की वस्तुएं भेंट की। एबीवीपी एसएफडी महानगर संयोजक अनिल बिश्नोई जोलियाली ने बताया कि स्वयंसेवक सुखराम जाणी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भगत की कोठी स्थित कच्ची बस्तियों में छोटे बच्चों को टॉफियां व बिस्किट वितरित किए। बच्चों के अभिभावकों से उन्हें स्कूल भेजने का आग्रह किया। अवसर पर डॉ किसनाराम गेवा, डॉ भानाराम व डॉ ओम प्रकाश ने सहयोग दिया। ज्योत्सना सिंह शेखावत ने बाल दिवस की शुभकामनाएं दी।

ऐश्वर्या कॉलेज के विद्यार्थियों ने पाल रोड स्थित बाल बसेरा अनाथालय में बच्चों के साथ भी बाल दिवस मनाया। विद्यार्थियों ने बच्चों को फल व चॉकलेट वितरित किए। कॉलेज के चेयरमैन भूपेंद्र सिंह राठौड़ ने विद्यार्थियों व बच्चों के साथ मिलकर केक काटा। अवसर पर बच्चों को चाचा नेहरू के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए कहा।

निक्कमा ग्रुप और नया सवेरा ने लव-कुश नवजीवन और वात्सल्यापुरम के बच्चों के साथ बाल दिवस मनाया। इस अवसर पर सभी बच्चों ने डांस का आनंद लिया। इस

## नांदडा कलां गाँव में विशेष शिविर

27 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2016 तक विभिन्न संकायों की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाईयों द्वारा अलग–अलग दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गोद लिए गाँव नांदडा कलां में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसके तहत् गाँव में 25 सूत्रीय सर्वे किया गया। जिसमें मुख्य रूप से नशामुक्ति अभियान, राष्ट्रीय कौशल विकास कार्यक्रम, साक्षरता कार्यक्रम, मतदाता जागरूकता अभियान, बाल विवाह रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान, बेटी बचाओं–बेटी पढ़ाओं अभियान, कैशलेस पर कार्यक्रम, स्वच्छ भारत अभियान आदि की जानकारी देते हुए विभिन्न समाजिक कुरीतियों को जड़मूल से नष्ट करके नव समाज निर्माण का संदेश समाज में प्रसारित किया। इसके तहत् गाँव में रैलियां निकाली गई व घर–घर जाकर लोगों को जागरूक किया गया। इसके साथ गाँव में प्रत्येक दिन स्वयं सेवकों द्वारा श्रमदान एवं जलस्वावलम्बन के लिए तालाब की खुदाई एवं रख–रखाव के कार्य किए गए। इस शिविर के अंतिम दिन 4 दिसम्बर को **महामहिम कुलाधिपति एवं राज्यपाल श्री कल्याण सिंह जी** ने गाँव का दौरा किया। माननीय राज्यपाल ने राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गाँव में चलाए जा रहे कार्यक्रमों का जायजा लिया तथा स्वयं सेवकों द्वारा किए जा रहे कार्यों पर संतोष प्रकट किया तथा उनके कार्यों की भूरि–भूरि प्रशंसा

की। समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना की महत्ती योजनाओं यथा गरीब परिवारों के लिए सिलाई मशीन, विकलांगो के लिए ट्राइसाइकिल वितरण राज्यपाल महोदय के कर कमलों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कुलपति महोदय ने गाँव की सफाई हेतु टैक्सी का अनुबंध बढ़ाने की घोषणा की। कार्यक्रम को क्षेत्रीय विधायक जोगाराम पटेल, जिला प्रमुख पूनाराम चौधरी, सरपंच हनुमान राम विश्नोई ने भी सम्बोधित किया। इसमें कुलसचिव बी. एस. सांदू, वित्त नियंत्रक गजसिंह कविराज सहित कई गण्यमान्य नागरिक, कार्यक्रम अधिकारी, विश्वविद्यालय परिवार के सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। विज्ञान संकाय के कार्यक्रम अधिकारियों ने शिविर की व्यवस्था को संभाला।

## श्रमदान शिविर

11 दिसम्बर 2016 को विज्ञान संकाय की सभी इकाईयों का संयुक्त शिविर हुआ जिसमें स्वयं सेवकों ने श्रमदान किया। संकाय में लगे पेड़–पौधों का रख–रखाव के कार्य किए, कंटीली झाड़ियों को कंटाई एवं साफ–सफाई का अभियान चलाया। श्रमदान शिविर में डॉ. के. आर. पटेल, डॉ. प्रवीण गहलोत इत्यादि कार्यक्रम अधिकारियों ने श्रमदान शिविर का नेतृत्व किया।

## वित्तीय साक्षरता एवं कैशलेस पर कार्यशाला

13 दिसम्बर 2016 को राष्ट्रीय सेवा योजना की विज्ञान संकाय की सभी इकाईयों द्वारा वित्तीय साक्षरता एवं कैशलेस पर स्वयं सेवकों को जागरूक करने के एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने कहा कि नोटबंदी के बाद कैशलेस वित्तीय साक्षरता पर कार्यशाला का आयोजन अतिआवश्यक हैं। कार्यशाला में स्वयं सेवकों को कैशलेस लेन–देन के बारे में बताया गया और जन–जन तक यह जानकारी पहुंचाने की शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया। शिविर में लगभग 200 स्वयं सेवकों ने भाग लिया।



**विवि में कैशलेस लेनदेन पर कार्यशाला आयोजित**

जोधपुर। व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की विज्ञान संकाय इकाई द्वारा मंगलवार को वित्तीय साक्षरता अभियान का आगाज किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस के समन्वयक प्रो.जेताराम विश्नोई ने कहा कि नोटबन्दी के बाद कैशलेस भारत के सपने को साकार करने में एनएसएस के स्वयंसेवकों की यह अच्छी पहल है। वर्कशॉप में स्वयंसेवकों को कैशलेस लेनदेन के बारे में बताया गया और जन-जन तक यह जानकारी पहुंचाने की शपथ दिलवायी गई। इस दौरान डॉ. केआर गेवा और डॉ. अनुराग चौधरी ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। इस वर्कशॉप में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. केआर पटेल, डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. बीआर गडडी, डॉ. ओपी विश्नोई तथा स्वयंसेवक सुखराम जाणी, भरत पटेल, लोकेश बलवीर, मदन आदि मौजूद रहे।

# शहर में कैशलेस ट्रांजैक्शन हेतु अभियान (05.01.2017 से 10.01.2017)

माननीय कुलपति प्रो. आर. पी. सिंह के निर्देशानुसार माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कैशलेस ट्रांजैक्शन अभियान को मूर्तरूप देने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के संयुक्त तत्वावधान में 05 जनवरी से 10 जनवरी 2017 तक वित्तीय साक्षरता अभियान चलाया गया जिसके तहत् सोजती गेट से घंटाघर की तरफ, नई सड़क के दोनों तरफ की दुकानों तथा घंटाघर से कटला बाजार की तरफ सड़क के दोनों ओर की दुकानों के दुकानदारों तथा ग्राहकों को कैशलेस ट्रांजैक्शन हेतु साक्षरता अभियान कुलसचिव बी. एस. सांदू की उपस्थिति में 05 जनवरी को शुरू हुआ। इस अभियान के संयोजक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई तथा बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकारी देवेन्द्र गहलोत ने दुकानदारों एवं ग्राहकों को कैशलेस ट्रांजेक्शन के लिए जागरूक किया तथा बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा कैशलेस ट्रांजैक्शन के लिए निःशुल्क सेवाएं देने की जानकारी भी दी गई। प्रो. विश्नोई ने बताया कि प्रत्येक दिन डॉ. अशोक कुमार, डॉ. ज्ञान सिंह, डॉ. ओमप्रकाश विश्नोई, डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. एम. एल. वसीटा, प्रो. बीना भाटिया, डॉ. पंकज नामा एवं डॉ. आर. डी. पंकज के निर्देशन में स्वयं सेवकों के साथ चार टीमें बनाई गई। इन टीमों द्वारा प्रत्येक दिन लगभग 200 से अधिक दुकानों के व्यापारियों तथा ग्राहकों को कैशलेस हेतु क्यूआर कोड स्कैनर, इन्सटॉलेशन ऑफ स्विप मशीन, क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड का उपयोग, इंटरनेट बैंकिंग तथा साइबर सिक्योरिटी व मोबाईल बैंकिंग आदि की जानकारी दी गई तथा व्यापारियों एवं ग्राहकों को कैशलेस ट्रांजैक्शन के संबंध में भ्रांतियों को भी दूर किया। प्रो. विश्नोई ने बताया कि सोजती गेट व्यापारी संस्था के अध्यक्ष शिवकुमार सोनी तथा नई सड़क व्यापार संघ के अध्यक्ष नवीन सोनी एवं अन्य कई व्यापरियों के साथ कैशलेस ट्रांजैक्शन करने के विभिन्न मोड तथा बैंक द्वारा कैशलेस ट्रांजैक्शन करने हेतु दी जाने वाली पेंपलेट के बारे में विस्तार से चर्चा भी की। दोनों संघो के अध्यक्षों ने विश्वविद्यालय द्वारा चलाए जा रहे कैशलेस ट्रांजैक्शन हेतु वित्तीय साक्षरता अभियान में सभी व्यापारियों द्वारा सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस अभियान में जोधपुर शहर के विभिन्न हिस्सों में घूमकर अलग–अलग टीमों द्वारा कैशलेस ट्रांजैक्शन के लिए लगभग 1000 दुकानदारों तथा ग्राहकों को प्रेरित किया गया।



**कैशलेस ट्रांजेक्शन के लिए साक्षरता अभियान आज से**

**जोधपुर.** जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आरपी सिंह के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कैशलेस ट्रांजेक्शन योजना को मूर्त रूप देने के लिए वित्तीय साक्षरता अभियान गुरुवार से जोधपुर के सोजती गेट बाजार से शुरू होगा। इस कार्यक्रम के संयोजक प्रो. जैताराम बिश्नोई ने बताया कि इसके तहत विवि और बैंक ऑफ बड़ौदा के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिवसीय कार्यक्रम चलाया जाएगा।

इसके लिए बनाई गई टीमें सोजती गेट से घंटाघर तक नई सड़क के दोनों तरफ की दुकानों के दुकानदारों और ग्राहकों को तथा घंटाघर से कटला बाजार की सड़क के दोनों तरफ की दुकानों के दुकानदारों और ग्राहकों को कैशलेस ट्रांजेक्शन से व्यापार करने एव सामान खरीदने के लिए प्रेरित करेंगी। प्रो. बिश्नोई ने बताया कि प्रत्येक टीम में दो-दो प्रोफेसर, एक बैंक का अधिकारी तथा पांच-पांच एनएसएस तथा एनसीसी के कैडेट होंगे, जो दुकानदारों व ग्राहकों को क्यूआर कोड स्कैनर, इन्सटॉलेशन ऑफ स्वैप मशीन, इन्टरनेट बैंकिंग तथा साइबर सीक्यूरिटी व मोबाइल बैंकिंग आदि की जानकारी देंगे।



**कैशलेस ट्रांजेक्शन के लिए वित्तीय साक्षरता अभियान पूर्ण**

नवज्योति/जोधपुर।

व्यास विश्वविद्यालय में कैशलेस ट्रांजेक्शन योजना को मूर्त रूप देने के लिए वित्तीय साक्षरता अभियान (विशाका) 5 जनवरी से जोधपुर के सोजती गेट बाजार से शुरू होकर 10 जनवरी को पूर्ण हुआ। इस कार्यक्रम के संयोजक प्रो. जैताराम बिश्नोई ने बताया कि यह अभियान विश्वविद्यालय एवं बैंक ऑफबड़ौदा से संयुक्त तत्वावधान में चलाया गया। प्रो. बिश्नोई ने बताया कि इस अभियान के सफल संचालन के हेतु चार टीम बनाई गयी थी। के शलेस ट्रांजेक्शन के लिए लगभग 1000 दुकानदारों तथा ग्राहकों को प्रेरित किया गया। प्रो. बिश्नोई ने बताया कि प्रत्येक टीम में दो-दो प्रोफेसर, एक बैंक ऑफ बड़ोदा का अधिकारी तथा पांच-पांच एन.एस.एस तथा एन.सी.सी के कैडेट थे। दुकानदारों एवं ग्राहकों को क्यू.आर. कोड स्कैनर, इन्सटोलेशन आफ स्वेप मशीन, इन्टरनेट बैंकिग तथा साइबर सीक्यूरिटी, मोबाइल बैंकिग आदि की जानकारी दी गयी।

गुलाब जामुन
जनता

योजना का चार सदस्यीय दल ने युवा महोत्वस में भाग लिया। एनएसएस के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने बताया कि महोत्सव के उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री विडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए संबोधन किया। केन्द्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह समारोह में मुख्य अतिथि थे। इस समारोह में सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेश के प्रतिभागियों ने सांस्कृतिक जुलूस में भाग लिया। युवा महोत्सव की थीम **यूथ फॉर डिजिटल इंडिया** थी। इस अवसर पर होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में युवा कृति प्रदर्शनी, फ्रूड फेस्टिवल, एडवेंचर इवेंट्स, डिफेंस व युवा आर्टिस्ट कैंप आदि का सफलता पूर्वक आयोजन हुआ।



**राष्ट्रीय युवा महोत्सव में एनएसएस दल भाग लेगा**

जोधपुर। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय युवा महोत्सव 12 से 16 जनवरी तक हरियाणा के रोहतक में आयोजित होगा। जिसमें व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना का चार सदस्यीय दल महोत्सव में भाग लेगा। एनएसएस के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस राष्ट्रीय युवा महोत्सव के उद्घाटन समारोह में विडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए संबोधन करेंगे। गृह मंत्री राजनाथ सिंह उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। केन्द्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्य मंत्री विजय गोयल विशिष्ट अतिथि होंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। हरियाणा के खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्री अनिल विज बतौर विशेष अतिथि होंगे। विवि के टीम लीडर सुखराम जाणी, दिलीप सियाग, सुमन, अनू कुमारी शामिल होंगे।





**युवा महोत्सव में धाक जमाने एनएसएस ने कसी कमर**

जोधपुर केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की ओर से राष्ट्रीय युवा महोत्सव गुरुवार से 16 जनवरी तक हरियाणा के रोहतक में होगी। जेएनवीयू की राष्ट्रीय सेवा योजना का चार सदस्यीय दल इसमे भाग लेगा। एनएसएस के समन्वयक प्रो जेताराम विश्नोई ने बताया कि महोत्सव के उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री विडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधन करेंगे। केन्द्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। इस समारोह में सभी राज्यों के प्रतिभागी और केन्द्र शासित प्रदेश के दल सांस्कृतिक जुलूस में शिरकत करेंगे। युवा महोत्सव की थीम यूथ फॉर डिजिटल इंडिया रहेगी। इस अवसर पर होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में युवा कृति प्रदर्शनी, फूड फेस्टिवल, एडवेंचर इवेंट्स, डिफेंस व युवा आर्टिस्ट कैंप आदि आयोजन होंगे।

**विज्ञान संकाय–सात दिवसीय विशेष शिविर**

**(23.01.2017–29.01.2017)**

**(प्रथम दिवस)**

## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती पर रक्तदान

## (23.01.2017)

**23 जनवरी 2017** से विज्ञान संकाय की सभी 08 इकाईयों का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। विशेष शिविर के प्रथम दिवस नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में संकाय के स्वयं सेवकों ने बढ़–चढ़ कर भाग लेते हुए रसायन शास्त्र विभाग के सेमीनार हॉल में 62 यूनिट रक्तदान किया। इस दौरान 11 छात्राओं ने भी रक्तदान करके नया कीर्तिमान स्थापित किया। इसी कड़ी में वनस्पति शास्त्र विभाग में स्वयं सेवकों ने बोटेनिकल सोसायटी के साथ मिलकर नेताजी के जीवन से संबंधी सेमीनार का आयोजन किया।

स्वयं सेवकों का उत्साहवर्धन करने कुलपति प्रो. आर. पी. सिंह, विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. पी. के. शर्मा, कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. डी. सी. जैन, वाणिज्य संकाय के अधिष्ठाता प्रो. पी. के. भण्डारी व सभी कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित थे। समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने बताया की रक्तदान से पहले स्वयं सेवकों ने रक्तदान जागरूकता रैली निकाल कर रक्तदान के प्रति छात्रों को जागरूक किया गया। रैली का नेतृत्व डॉ. प्रवीण गहलोत व डॉ. के. आर. पटेल ने किया।

## जेएनवीयू का सात दिवसीय एनएसएस शिविर 23 से

जोधपुर | जेएनवीयू के विज्ञान संकाय की राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर 23 जनवरी सोमवार से शुरू होगा। विज्ञान संकाय की राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. खरताराम पटेल तथा प्रो. केआर गेंवा ने बताया कि इस सत्र के लिए विज्ञान संकाय की राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाइयों के शिविर 29 जनवरी तक चलेंगे। डा. पटेल ने बताया कि इन सात दिनों के दौरान कैशलेस ट्रांजेक्शन की जानकारी, रक्तदान के लिए प्रोत्साहन सत्र एवं रक्तदान,यातायात नियमों की जानकारी, स्वच्छता अभियान, व्यक्तित्व विकास से संबंधित जानकारी के साथ ही एड्स जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा रोजाना 2 घंटे तक श्रमदान कर संकाय परिसर से झाड़ियां हटा सफाई की जाएगी। विद्यार्थियों की ओर से विभिन्न कॉलोनियों में साफ सफाई की जाएगी। प्रो. केआर गेंवा ने बताया कि 23 जनवरी को कुलपति प्रो आरपी सिंह की अध्यक्षता व राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम बिश्नोई की उपस्थिति में सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन होगा। रोजाना दो सत्र आयोजित होंगे. पहला श्रमदान तथा दूसरा सत्र बोद्धिक सत्र होगा।













## युवाओं ने रक्तदान कर नेताजी को किया सलाम



ओल्ड कैम्पस : विधि संकाय



जीत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स

जोधपुर. जयनारायण व्यास विश्वविद्याल की राष्ट्रीय सेवा योजना के 62 स्वयंसेवकों ने रक्तदान कर नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की जयन्ती मनाई। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम बिश्नोई ने बताया कि इस अवसर पर विवि के पुराना परिसर स्थित विधि संकाय में 21 तथा न्यू कैम्पस स्थित रसायनशास्त्र विज्ञान विभाग के सेमिनार हॉल में 41 स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया।

कार्यक्रम अधिकारी प्रो. केआर गेंवा व डॉ. निधि ने भी विचार व्यक्त किए।

इसी कड़ी में वनस्पति शास्त्र विभाग में बोटेनिकल सोसायटी की ओर से नेताजी के जीवन संबंधी सेमिनार हुआ। मुख्य अतिथि संकाय अधिष्ठाता प्रो पीके शर्मा थे। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो सुन्दरामूर्ति ने की।

जीत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को समूह की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। समूह के रजिस्ट्रार डॉ. राकेश कोठारी ने बताया कि जीत समूह की तीनों इकाइयों में हुए रक्तदान शिविर का उद्घाटन चेयरमैन डॉ. एसएल अग्रवाल व महानिदेशक नवनीत अग्रवाल ने किया। शिविर के संयोजक प्रो. मनीष बाफना व प्रो. हरीश रूपानी ने बताया कि शिविर का आयोजन राज्य रक्तदान परिषद के दिशा निर्देशों के अनुरूप किया गया।

नेताजी की जयंती के उपलक्ष्य में राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के कर्मचारी और विद्यार्थियों ने मिलकर कुल 19 यूनिट रक्तदान किया।

## जेएनवीयू में सुभाष जयंती पर रक्तदान कल

जेएनवीयू में सुभाषचंद्र बोस की जयंती पर सोमवार को स्टूडेंट्स रक्तदान करेंगे। परीक्षा नियंत्रक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जैताराम बिश्नोई ने बताया कि विवि के सभी छात्र संगठन एनएसएस तथा एनसीसी के विद्यार्थी 23 जनवरी को रक्तदान करेंगे। ओल्ड कैंपस में विधि संकाय के सेमिनार हॉल में तथा न्यू कैंपस में रसायन शास्त्र विज्ञान विभाग के सेमिनार हॉल में सुबह 10 बजे रक्तदान शिविर शुरू होगा।

## (तृतीय दिवस)
## कैशलेस ट्रांजैक्शन

**25 जनवरी 2017** को विज्ञान संकाय के सभी कार्यक्रम अधिकारी एवं स्वयं सेवकों ने बैंक ऑफ बड़ोदा के अधिकारियों के साथ नांदडा कलां गाँव में कैशलेस ट्रांजैक्शन पर अभियान चलाया तथा स्वच्छता के प्रति गाँव वालों को जागरूक करने के लिए रैली निकाली। कैशलेस ट्राजैक्शन अभियान का नेतृत्व डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया।

## (चतुर्थ दिवस)
## गणतंत्र दिवस समारोह

**26 जनवरी 2017** को नांदडा कलां गाँव में सभी कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्वयं सेवकों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर गणतंत्र दिवस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। देश को स्वतंत्रता दिलाने वाले सैनिकों एवं देश के लिए अपनी जान की बाजी लगाने वाले शहीदों को याद किया गया।

## (पंचम दिवस)
## नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम

**27 जनवरी 2017** को नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मथुरादास माथुर अस्पताल के नेत्रदान प्रभारी डॉ. नरपत चौधरी ने स्वयं सेवकों को नेत्रदान के बारे में जानकारी दी और नेत्रदान करने के दौरान होने वाली प्रक्रिया को बताया। इस दौरान समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने कहा कि एक व्यक्ति के नेत्रदान करने से दो नेत्रहीनों को रौशनी प्राप्त होती हैं। कार्यक्रम में 35 स्वयं सेवकों द्वारा नेत्रदान करने के संकल्प पत्र भरे गए। संकल्प पत्र भरवाने का कार्य डॉ. प्रवीण गहलोत द्वारा किया गया।











### नेत्रदान के लिए किया जागरूक

जोधपुर। जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की विज्ञान संकाय इकाई द्वारा 7 दिवसीय विशेष शिविर चलाया जा रहा है। शिविर के पांचवें दिन नेत्रदान जागरूकता कार्यक्रम रखा गया। मथुरादास माथुर अस्पताल के नेत्रदान प्रभारी डॉ. नरपत चौधरी ने स्वयंसेवकों को नेत्रदान के बारे में जानकारी दी और नेत्रदान करने के दौरान होने वाली सरल प्रक्रिया को बताया। इस दौरान प्रो. के आर गेंवा ने कहा कि एक व्यक्ति के नेत्रदान करने से दो नेत्रहीनों को रोशनी प्राप्त होती है। सुखराम जाणी ने बताया कि इस दौरान 35 स्वयंसेवकों द्वारा नेत्रदान करने के संकल्प पत्र भरे गए। कार्यक्रम के अंत में प्रो. शरद बिस्सा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण गहलोत ने बताया कि इससे पूर्व स्वयंसेवकों ने हमेशा की भांति स्वच्छता अभियान के तहत रसायन विज्ञान विभाग के आसपास साफ सफाई की। जिसमें विकास मेहरिया, विष्णु गौड़, रामेश्वर, चेतनराम, रामनिवास, सेठाराम, रवि रॉयल, सुनील सियाग आदि ने सहयोग किया।

## (षष्ठ दिवस)

## ट्रैफिक जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा

**28 जनवरी 2017** को ट्रैफिक जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा पर जिला परिवहन अधिकारी श्री अर्जुन सिंह राठौड़ द्वारा व्याख्यान दिया गया। जिसमें यातायात नियमों, ड्राईविंग लाइसेन्स एवं हेलमेट की अनिवार्यता आदि पर जानकारी दी गई। इसके पश्चात् सड़क सुरक्षा पर वाद–विवाद एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें प्रो. आर. एस. सिंदल ने निर्णायक की भूमिका अदा की।







## (सप्तम दिवस)

## योग एवं मेडिटेशन

**29 जनवरी 2017** को स्वयं सेवकों के मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए योग विशेषज्ञ प्रो. विमला शैरान द्वारा योग एवं मेंडिटेशन करवाकर, योग की विभिन्न मुद्राओं व उनके करने से शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बताया गया।



# वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह
## (29-1-2017)

राष्ट्रीय सेवा योजना की विज्ञान संकाय का सम्मान समारोह का आयोजन कुलपति प्रो. आर. पी. सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें सैकड़ों स्वयं सेवकों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रो. सिंह ने कहा कि पढ़ाई के साथ–साथ राष्ट्रीय सेवा योजना का विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में अहम् योगदान हैं। पूर्व समन्वयक प्रो. चेनाराम चौधरी, समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई और भौतिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. आर. जे. सेंगवा ने स्वयं सेवकों को संबोधित किया और समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल ने राष्ट्रीय सेवा योजना की वर्षभर में आयोजित की गई गतिविधियों की रिपोर्ट पेश की। डॉ. पटेल ने कहा कि इस वर्ष विश्वविद्यालय के स्वयं सेवकों ने तीन राष्ट्रीय स्तर के शिविरों में भाग लेकर विश्वविद्यालय और राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान वर्षभर आयोजित राष्ट्रीय शिविरों, रक्तदान शिविरों और डिजिटल इंडिया में भाग लेने वाले 160 स्वयं सेवकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया।















**राष्ट्रीय सेवा योजना का सम्मान समारोह आयोजित**

**जोधपुर।** जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष केम्प का समापन हुआ। माननीय कुलपति प्रो. आरपी सिंह की अध्यक्षता में हुए समापन समारोह में एनएसएस के सैकड़ो स्वयंसेवकों ने भाग लिया। प्रो. सिंह ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना का विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में अहम योगदान है।

प्रो. चैनाराम चौधरी, एनएसएस के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई और भौतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. आर.जे. सेंगवा ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया और समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी प्रो.के.आर पटेल ने एनएसएस की वर्षभर में आयोजित की गई गतिविधियों की रिपोर्ट पेश की। । कुलपति आरपी सिंह ने बेस्ट वॉलंटियर सुखराम जाणी का माला पहनाकर कर अभिनंदन किया।



**सुखराम जाणी को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक का पुरस्कार**

**विवि की राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष सम्मान समारोह**

**जोधपुर।** जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष केम्प का समापन रविवार को हुआ। कुलपति प्रो. आरपी सिंह की अध्यक्षता में हुए समापन समारोह में एनएसएस के सैकड़ो स्वयंसेवकों ने भाग लिया। प्रो. सिंह ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना का विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में अहम योगदान है।

प्रो. चैनाराम चौधरी, एनएसएस के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई और भौतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष प्रो. आर.जे. सेंगवा ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया और समाज के प्रति अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी प्रो.के.आर पटेल ने एनएसएस की वर्षभर में आयोजित की गई गतिविधियों की रिपोर्ट पेश की। पटेल ने कहा कि इस वर्ष विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों ने तीन राष्ट्रीय स्तर के शिविरों में भाग लेकर विश्वविद्यालय और राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया। इस दौरान वर्षभर आयोजित राष्ट्रीय शिविरों, रक्तदान शिविरों और डिजिटल इंडिया में भाग लेने वाले 160 स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया।

एनएसएस के समन्वयक प्रो. जेताराम बिश्नोई द्वारा सुखराम जाणी को इस वर्ष का बेस्ट वॉलंटियर चुना गया। कुलपति आरपी सिंह ने सुखराम का माला पहनाकर कर अभिनंदन किया। प्रो. जेताराम विश्नोई ने बताया कि बीएससी अंतिम वर्ष के छात्र सुखराम जाणी ने इस वर्ष पूर्व गणतंत्र दिवस परेड चंडीगढ़, राष्ट्रीय युवा महोत्सव हरियाणा और राष्ट्रीय साहसिक शिविर मनाली में भाग लिया।



**विवि की राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष सम्मान समारोह**

जोधपुर। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष केम्प का समापन रविवार को हुआ। कुलपति प्रो. आरपी सिंह की अध्यक्षता में हुए समापन समारोह में एनएसएस के सैकड़ों स्वयंसेवकों ने भाग लिया। प्रो. सिंह ने स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना का विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में अहम योगदान है। प्रो. चैनाराम चौधरी, प्रो. जेताराम विश्नोई, प्रो. आरजे सेंगवा ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. केआर पटेल ने एनएसएस की वर्षभर में आयोजित की गई गतिविधियों की रिपोर्ट पेश की। पटेल ने कहा कि इस वर्ष विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों ने तीन राष्ट्रीय स्तर के शिविरों में भाग लेकर विश्वविद्यालय और राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया।

## नेत्रदान के प्रति जागरूकता अभियान

(4 फरवरी 2017)

4 फरवरी 2017 से राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने **अभिनव पहल** की शुरूआत की। स्वयं सेवकों ने कैम्पस में विद्यार्थियों को नेत्रदान के प्रति जागरूक करने का अभियान चलाया। नेत्रदान के विषय में जानकारी के पेंपलेट और पोस्टरों के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया तथा विद्यार्थियों से नेत्रदान के संकल्प पत्र भरवाये। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल ने बताया कि नेत्रदान एक ऐसा दान है जो मरणोपरान्त ही संभव हैं। नेत्रदान का संकल्प पत्र जीवन काल में भरा जाता है व मृत्यु पश्चात् नेत्रदान करके दो नेत्रहीन व्यक्तियों को नेत्र ज्योति दी जाती हैं। उन्होंने बताया कि नेत्रदान महादान है क्योंकि नेत्रदान करने से हमारी आँखे किसी दृष्टिहीन के काम आ सकती है तथा वह फिर से दुनिया देख सकता हैं। हमारे जाने के बाद भी हमारी आँखे किसी को नई रौशनी दे देती हैं। इस अभियान में सैकड़ों स्वयं सेवकों ने डॉ. प्रवीण गहलोत के नेतृत्व में नेत्रदान के संकल्प पत्र भरें।



# एनएसएस के स्वयंसेवक चला रहे नेत्रदान जागरूकता अभियान

## इच्छुक विद्यार्थी भर रहे है संकल्प पत्र

जोधपुर। मृत्यु के बाद भी हमारी आंखें किसी की जिंदगी को रोशन कर सकें, इस भावना को लेकर जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने एक अभिनव पहल की शुरुआत की है।

स्वयंसेवक केम्पस में विद्यार्थियों को नेत्रदान के प्रति जागरूक कर रहे हैं। नेत्रदान के विषय में जानकारी के लिए पेम्पलेट और पोस्टरों के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक कर रहे है तथा मरणोपरांत नेत्रदान के इच्छुक विद्यार्थियों से संकल्प पत्र भी भरवा रहे है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले एनएसएस के शिविर में डॉ. नरपत चौधरी के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने नेत्रदान जागरूकता कार्यशाला में भाग लिया था। अब इन स्वयंसेवकों ने इस अभियान को मुहूर्त रूप देने का बीड़ा उठाया है।

एनएसएस के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने इस कार्य की प्रशंसा करते हुए विश्वविद्यालय के अन्य कार्यक्रमों में भी नेत्रदान के लिए प्रेरित व संकल्प पत्र भरवाने की बात कही। विश्नोई ने बताया कि नेत्रदान एक ऐसा दान है जो मरणोपरांत ही संभव है। नेत्रदान जीवन काल में भरा जाता है और मृत्यु पश्चात नेत्रदान करके दो नेत्रहीन व्यक्तियों के नेत्र ज्योति दी जाती है। स्वयंसेवक सुखराम जाणी का मानना है कि नेत्रदान महादान है, क्योंकि नेत्रदान करने से हमारी आँखे किसी दृष्टिहीन के काम आ सकती है तथा वह फिर से दुनिया को देख सकता है। हमारे जाने के बाद भी हमारी आँखे किसी को नई जिंदगी दे सकती है।

इस अभियान में सुखराम जाणी, बलवीर चौधरी, भरत पटेल, मदन सोलंकी, लोकेश सारण, अनीता, सुमन चारण, मंजू, शिल्पा, दिव्या, किशना, सुमन मुंडेल, उर्मिला आदि स्वयंसेवक शामिल है।

## <u>युवा पंजीकरण महोत्सव पखवाड़ा</u>

20 फरवरी 2017 को युवा पंजीकरण महोत्सव पखवाड़े की शुरूआत हुई। जिला प्रशासन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में इस कार्यक्रम का आयोजन विज्ञान संकाय के यूसिक सभागार में किया गया। जिला कलेक्टर विष्णु चरण मल्लिक ने कहा कि 01 जनवरी 2017 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं को अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाना चाहिए क्योंकि लोकतंत्र को मजबूत करने में युवाओं का सबसे अहम् योगदान होता हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को मतदान पंजीकरण के लिए प्रेरित करने को लेकर यह विशेष अभियान चलाया जा रहा हैं। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों को नए मतदाताओं को जागरूक कर पंजीकरण करवाने की शपथ दिलवाई गई। शिविर में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए विद्यार्थियों को 80 फॉर्म वितरित किए। युवा पंजीकरण महोत्सव कार्यक्रम को जिला कलेक्टर के अलावा विश्वविद्यालय के कुलसचिव बी. एस. सांदू, राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के आर. पटेल सहित जिला निर्वाचन आयोग के पदाधिकारियों ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया।






# राष्ट्रीय सेवा योजना
# विज्ञान संकाय
# जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर

---

## वार्षिक प्रगति रिपोर्ट

### वार्षिक प्रगति रिपोर्ट

### (1.4.2017 to 31.3.2018)

| क्र. सं. | दिनांक | कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | 20.04.2017 | परीक्षा के दौरान रक्तदान करने पर स्वयं सेवकों का सम्मान |
| 2. | 04.06.2017 | पर्यावरण चेतना रैली का आयोजन |
| 3. | 05.06.2017 से 06.06.2017 | विश्व पर्यावरण दिवस पर दो दिवसीय संगोष्ठी |
| 4. | 21.06.2017 | योग दिवस पर कार्यक्रम |
| 5. | 05.08.2017 | वृक्षारोपण कार्यक्रम |
| 6. | 08.08.2017 | पर्यावरण प्रदूषण व निवारण कार्यशाला |
| 7. | 13.08.2017 | एक दिवसीय पंजीयन शिविर |
| 8. | 10.09.2017 | स्वच्छता पखवाड़ा के तहत् एक दिवसीय शिविर (राजकीय उम्मेद अस्पताल में स्वच्छता अभियान) |
| 9. | 11.09.2017 | प्रधानमंत्री का उद्‌बोधन ''मन की बात'' का विडियों कॉन्फ्रेंसिंग के तहत् कार्यक्रम |
| 10. | 17.09.2017 | एक दिवसीय विशेष अभियान (प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर स्वच्छता अभियान) |
| 11. | 24.09.2017 | राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर कार्यक्रम |
| 12. | 25.09.2017 | पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म शताब्दी पर रक्तदान शिविर का आयोजन |
| 13. | 25.09.2017 | प्री. आर. डी. कैम्प हेतु स्वयं सेवकों का चयन शिविर |
| 14. | 09.10.2017 | एक दिवसीय स्वच्छता शिविर |
| 15. | 12.01.2018 से 16.01.2018 | राष्ट्रीय युवा महोत्सव कार्यक्रम |
| 16. | 21.01.2018 से 27.01.2018 | विज्ञान संकाय में सात दिवसीय विशेष शिविर |

<u>**परीक्षा के दौरान रक्तदान करने पर स्वयं सेवकों का सम्मान**</u>

<u>**20.04.2017**</u>

राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों एवं कार्यक्रमों से प्रभावित होकर स्वयं सेवकों ने समाज सेवा का उत्कर्ष उदाहरण पेश किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के दो स्वयं सेवकों सुखराम जाणी व लोकेश सारण दिनांक 20 अप्रेल 2017 की बी. एस. सी. अंतिम वर्ष की परीक्षा से पहली रात को पढ़ाई बीच में छोड़कर रक्तदान किया और देर रात घर पहुँचने के बाद सुबह परीक्षा दी। परीक्षा की पहली रात राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक सुखराम जाणी के पास एक व्यक्ति का फोन आया और कहा कि उनका परिचित डेंगू होने के कारण एक निजी अस्पताल में भर्ती है व प्लेटलेट्स के लिए ओ–पॉजिटीव ब्लड की जरूरत है, इस पर वह पढ़ाई बीच में छोड़कर रक्तदान करने निजी ब्लड बैंक गए, वहां पता चला कि एक अन्य व्यक्ति को भी डेंगू है व उसे एबी–पॉजिटीव ब्लड की जरूरत है तब उसने राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्य स्वयं सेवक लोकेश सारण को ब्लड बैंक बुलाया तथा दोनों ने एक साथ रक्तदान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने दोनों स्वयं सेवकों के इस कार्य को प्रेरणा दायक बताया। प्रो. विश्नोई ने बताया कि स्वयं सेवक सुखराम जाणी ने अब तक नौ बार व लोकेश सारण ने पांच बार रक्तदान किया हैं। परीक्षा से ठीक पहले रक्तदान कर डेंगू मरीजों की जान बचाने वाले राष्ट्रीय सेवा योजना के इन दोनों स्वयं सेवकों को कुलपति प्रो. आर. पी. सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि दोनों स्वयं सेवकों ने विश्वविद्यालय का नाम ऊंचा किया है तथा सेवा के क्षेत्र में मिसाल कायम की हैं। दोनों स्वयं सेवकों को माला पहनाकर व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई, कुलसचिव बी. एस. सांदू, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल, डॉ. प्रवीण गहलोत आदि उपस्थित थे।



दैनिक भास्कर, जोधपुर शुक्रवार 21 अप्रैल, 2017

जज्बा जिंदगी बचाने का | जेएनवीयू का एक छात्र नौ बार तो दूसरा पांच बार कर चुका रक्तदान

**सुबह फाइनल ईयर का पेपर था, डेंगू पीड़ितों की जान बचाने रात को रक्तदान करने पहुंचे जेएनवीयू के दो एनएसएस कार्यकर्ता**

एजुकेशन रिपोर्टर | जोधपुर

जेएनवीयू के दो एनएसएस कार्यकर्ताओं ने डेंगू पीड़ितों की जान बचाने के लिए परीक्षा से पहले रात को पढ़ाई बीच में छोड़ रक्तदान किया और देर रात घर पहुंचने के बाद सुबह एग्जाम दिया। जेएनवीयू की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सुखराम जाणी और लोकेश सारण बीएससी फाइनल के छात्र हैं। सुखराम ने बताया कि बुधवार को परीक्षा का अंतिम पेपर था। मंगलवार को परीक्षा की तैयारी करने के दौरान रात 10 बजे गुड़ामालानी निवासी एक व्यक्ति का फोन आया और कहा कि उनका ...

परीक्षा से पहले रात में रक्तदान करने पहुंचे एनएसएस के छात्र सुखराम व लोकेश।

अस्पताल में भर्ती है और प्लेटलेट्स के लिए ओ पॉजिटिव ब्लड की जरूरत है। इस पर वह पढ़ाई बीच में छोड़ रक्तदान करने एक निजी बैंक गए। वहां पता चला कि केरू निवासी डेंगू के एक अन्य मरीज को भी एबी पॉजिटिव ब्लड की जरूरत है तब अपने दोस्त लोकेश सारण को ब्लड बैंक बुलाया तथा दोनों ने एक साथ रक्तदान किया। एनएसएस समन्वयक प्रो. जैताराम बिश्नोई ने दोनों स्वयंसेवकों के इस कार्य को प्रेरणादायक बताया। सुखराम रेड डोनर्स क्लब से जुड़े हैं तथा फेसबुक व वाट्सएप के माध्यम से भी युवाओं को रक्तदान के प्रति जागरूक कर रहे हैं। सुखराम ने अब तक नौ बार व ...



**छात्रों का सम्मान**

जेएनवीयू के केन्द्रीय कार्यालय में छात्रों को सम्मानित करते कुलपति।

जोधपुर @ पत्रिका. परीक्षा से ऐन पहले रक्तदान करके डेंगू मरीजों की सहायता करने वाले जेएनवीयू की राष्ट्रीय सेवा योजना के दोनों स्वयंसेवकों सुखराम जाणी और लोकेश सारण को कुलपति प्रो. आरपी सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रो सिंह ने कहा कि दोनों स्वयंसेवकों ने विश्वविद्यालय का नाम ऊंचा किया है तथा समाज सेवा के क्षेत्र में मिसाल कायम की है। दोनों स्वयंसेवकों का माला पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। गौरतलब है कि सुखराम जाणी और लोकेश सारण विज्ञान संकाय के बीएससी अंतिम वर्ष के छात्र है। 19 अप्रेल को फाइनल ईयर के अंतिम पेपर से पहले रात्रि में इन्होंने दो डेंगू मरीजों को प्लेटलेट्स देकर उनकी जान बचाई थी।

## पर्यावरण चेतना रैली का आयोजन

**04.06.2017**

विश्व पर्यावरण दिवस के पूर्व दिवस 4 जून 2017 को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं जम्भेशवर शोध पीठ के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण का संदेश देने के लिए स्वयं सेवकों ने पर्यावरण चेतना रैली निकाली। रैली को ऊन विकास बोर्ड, वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के चेयरमेंन एवं पूर्व सांसद जसवंत सिंह विश्नोई ने जालोरी गेट पर हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

रैली में स्वयं सेवक पैदल मार्च करते हुए पर्यावरण बचाने के लिए पर्यावरण बचाओ—पेड़ लगाओं के गगनभेदी नारों का उद्घोष करते हुए जालोरी गेट, पुरी तिराहा, सोजती गेट, घंटाघर, घंटाघर से पुनः सोजती गेट, विश्वविद्यालय के पुराना परिसर, रातानाड़ा होते हुए विश्नोई धर्मशाला पहुँचे। वहा पर रैली को जसवंत सिंह विश्नोई, कुलपति प्रो. आर. पी. सिंह, समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई आदि ने संबोधित कर पर्यावरण बचाने में स्वयं सेवकों को आगे आने का आह्वान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत ने पर्यावरण रैली का नेतृत्व किया व व्यवस्था संभाली।

समन्वयक प्रो. विश्नोई ने बताया कि विश्नोई धर्मशाला से स्वयं सेवकों का एक दल साइकिल रैली के रूप में खेजड़ली रवाना हुए। कुलपति प्रो. आर. पी. सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। यह रैली यहां से 25 कि.मी. दूर पर्यावरण की रक्षार्थ अमृतादेवी विश्नोई के नेतृत्व में शहीद हुए 363 लोगों की स्मृति में बने राष्ट्रीय पर्यावरण स्मारक गाँव खेजड़ली पहुँची। वहां पर्यावरण का संदेश देने हेतु वाद—विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।


















## <u>विश्व पर्यावरण दिवस पर दो दिवसीय संगोष्ठी</u>
## <u>05.06.2017 से 06.06.2017</u>

पर्यावरण दिवस 5 जून 2017 को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं जम्भेशवर शोध पीठ के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण हेतु दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय संगोष्ठी में करिबन 500 पर्यावरण प्रेमीयों ने भाग लिया। जिनमें विश्वविद्यालय के शिक्षक, छात्र–छात्राएं व समाज के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। संगोष्ठी का उद्‌घाटन माननीय पूर्व सांसद जसवंत सिंह विश्नोई ने दीप प्रज्जवलित कर की। उद्‌घाटन सत्र में रक्षा प्रयोगशाला के पूर्व निदेशक डॉ. राम गोपाल ने अपने उद्‌बोधन में पर्यावरण संरक्षण की महत्ता को रेखांकित किया। दो दिवसीय संगोष्ठी में कुल 6 सत्र हुए जिनमें करिबन 25 वक्ताओं ने अपने शोध–पत्र व पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न आयामों पर चर्चा की। संगोष्ठी के समापन सत्र में राजस्थान सरकार के वन व पर्यावरण मंत्री श्री सुखराम विश्नोई ने अपने विचार व्यक्त किए। संगोष्ठी के समापन अवसर पर गुरू जम्भेश्वर शोध पीठ के निदेशक प्रो. जेताराम विश्नोई ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच का संचालन डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया। जबकि संगोष्ठी की व्यवस्था राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारियों व स्वयं सेवकों ने संभाली।


दिनांक 5-6 जून, 2017
ओडिटोरियम एम.बी.एम. अभियांत्रिकी संकाय
आयोजक




ओडिटोरियम एम.बी.एम. अभियांत्रिकी संकाय
आयोजक
पर्यावरण संरक्षण शोधपीठ
विश्वविद्यालय, जोधपुर




गुरु जम्भेश्वर पर्यावरण
संरक्षण शोधपीठ




गुरु जांभोजी के सिद्धान्त एवं समाधान
दिनांक 5-6 जून, 2017
स्थान :- ओडिटोरियम एम.बी.एम. अभियांत्रिकी संकाय
आयोजक
गुरु जम्भेश्वर पर्यावरण संरक्षण शोधपीठ
जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर

# <u>योग दिवस पर कार्यक्रम</u>

## <u>21.6.2017</u>

तृतीय अंतरर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2017 के पूर्व दिवस 20 जून को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं योग केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में योग चेतना रैली का आयोजन किया गया। रैली को समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. बीना भाटिया, डॉ. के. आर. पटेल व योग विभाग के निदेशक डॉ. बी. एल. दायमा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में छात्र–छात्राएं पैदल मार्च करते हुए विश्वविद्यालय के पुराना परिसर से रातानाड़ा होते हुए सोजती गेट पहुँचे तथा वहां से पुनः पुराना परिसर पहुँचे। अंतरर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े स्वयं सेवकों ने विश्वविद्यालय परिवार के सैकड़ों सदस्यों के साथ पुराना परिसर में योगाभ्यास किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रमुख पूनाराम चौधरी, अध्यक्ष कुलपति प्रो. आर. पी. सिंह व विशिष्ट अतिथि सिंडिकेट सदस्य प्रो. ए. एल. मीणा थे। इस कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. पी. के. शर्मा, कला संकाय के अधिष्ठाता प्रो. डी. सी. जैन, वाणिज्य संकाय के अधिष्ठाता प्रो. पी. के. भण्डारी, कार्यवाहक कुलसचिव प्रो. पी. के. शर्मा, समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई, सभी कार्यक्रम अधिकारी एवं विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों ने मिलकर योगाभ्यास किया।

















## जेएनवीयू में जागरूकता रैली

जेएनवीयू योग विभाग की ओर से ुराना परिसर में बुधवार को योग िवस समारोह आयोजित होगा। ंगलवार को योग जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। योग िभाग के निदेशक बीएल दायमा ने ताया की योग जागरूकता रैली ें योगा, एनएसएस, शारीरिक िभाग के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया गया। जिसमें छात्र नेता भूपेन्द्र सिंह सांकड़ा के नेतृत्व शारीरिक शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों ने रैली का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक जैताराम विश्नोई, डॉ. सुमित्रा दाधीच, के आर पटेल अंजू ,सुमन यादव, कमला विश्नोई आदि लोग मौजूद रहे।



## जेएनवीयू| निशुल्क योग सिखाने वालों का किया सम्मान

जेएनवीयू के खेल मैदान में आयोजित योग कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. आरपी सिंह, विशिष्ट अतिथि जिला प्रमुख पूनाराम चौधरी व डॉ. बीएल दायमा, डायरेक्टर पूनम बावा थे। प्रवक्ता भेरूसिंह भाटी चाबा ने बताया की रावल मल्लिनाथ योग शिक्षण संस्थान के शिक्षक भूपेंद्रसिंह सांकड़ा को जिला प्रमुख और कुलपति ने सम्मानित किया।

**सोमानी कॉलेज|** सोमानी कॉलेज ग्राउंड पर महापौर घनश्याम ओझा की मौजूदगी में योग किया। शिविर प्रभारी एडीईओ अशोक विश्नोई ने बताया कि सुबह 6:50 से 8:05 बजे तक योग विशेषज्ञ ईश्वर देवानी व ज्योति गुर्जर के निर्देशन में स्टूडेंट्स व क्षेत्रवासियों ने अभ्यास किया। इसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक श्यामसुंदर शर्मा, महानगर कार्यवाह प्रो. रिछपालसिंह, एसोसिएट प्रोफेसर हरिसिंह राजपुरोहित, शिविर सहप्रभारी डॉ. प्रमोद आदि मौजूद थे।

**जीडी मेमोरियल कॉलेज|** जीडी मेमोरियल कॉलेज की ओर से गोमी देवी मेमोरियल कॉलेज ग्राउंड में प्रशिक्षक भूपेंद्रसिंह द्वारा योग करवाया गया। मुख्य अतिथि लूणी विधायक जोगाराम पटेल थे। कार्यक्रम में बासनी क्षेत्र के करीब पांच सौ लोगों ने हिस्सा लिया। महिलाओं के लिए योग प्रशिक्षक तेज कंवर जोधा, खुशबू, मोनिका और उनकी टीम ने अभ्यास करवाया।

## <u>वृक्षारोपण कार्यक्रम</u>

**<u>05.08.2017</u>**

विज्ञान संकाय में दिनांक 5 अगस्त 2017 को राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयं सेवकों ने डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. शरद बिस्सा व डॉ. बी. आर. गाडी के नेतृत्व में वनस्पति विभाग में वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शरद बिस्सा ने वृक्षारोपण की महत्ता पर अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बी. आर. गाडी ने पर्यावरण संरक्षण का आह्वान किया। डॉ. प्रवीण गहलोत ने वृक्षारोपण पश्चात् स्वयं सेवकों को पौधों की देखभाल करने, उन्हें नियमित रूप से सिंचित करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के अन्त में विभागाध्यक्ष ने सभी कार्यक्रम अधिकारी व स्वयं सेवकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।











## पर्यावरण प्रदूषण व निवारण कार्यशाला

**08.08.2017**

विज्ञान संकाय के यूसिक सेंटर में 08.08.2017 को गुरू जम्भेश्वर पर्यावरण शोध पीठ संस्थान व राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला वैश्विक पर्यावरण समस्याएं, चुनौतियाँ व प्रबंधन रणनीति विषय पर आयोजित की गई। कार्यशाला के मुख्य वक्ता मेकवान विश्वविद्यालय, कैनेडा के आचार्य डॉ. रोहित जिंदल व डॉ. ममता वर्धन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरू जम्भेश्वर पर्यावरण शोध पीठ संस्थान व राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेतराम विश्नोई ने की। कार्यशाला में पर्यावरण संरक्षण के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। डॉ. रोहित जिंदल ने अमेरिका व कैनेडा के कई गाँवों के पर्यावरण संबंधित शोध का उदाहरण देकर समझाया की किस प्रकार से पर्यावरण संरक्षण किया जा सकता है तथा स्वयं सेवकों की पर्यावरण संरक्षण की भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में सामाजिक सरोकार से संबंधित समाज सेवकों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया।













# पर्यावरण प्रदूषण सबसे बड़ी चुनौती

## जेएनवीयू में पर्यावरण विषय पर कार्यशाला आयोजित

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

**बासनी(जोधपुर).** जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के न्यू कैम्पस स्थित यूसिक सेंटर में मंगलवार को गुरु जम्भेशवर पर्यावरण शोध पीठ संस्थान व राष्ट्रीय सेवा योजना (विवि इकाई) के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें वैश्विक पर्यावरणीय समस्याएं चुनौती और प्रबंधन रणनीति विषय पर आयोजित की गई। इस में मुख्य वक्ता मेकवान विवि कनाडा के सहायक आचार्य डॉ. रोहित जिंदल व डॉ. ममता वर्धन थे। अध्यक्षता गुरु जंम्भेशवर पर्यावरण शोध पीठ संस्थान व राष्ट्रीय सेवा योजना के निदेशक जैताराम विश्नोई ने की। कार्यक्रम में प्रोजेक्टर से पर्यावरण संरक्षण के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. रोहित जिन्दल ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण की गम्भीर समस्या है।

जेएनवीयू के न्यू कैम्पस में यूसिक सेंटर में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करती वक्ता।

मेगवन यूनिवर्सिटी कनाडा की डॉ. ममता वरधान ने अमरीका और कनाडा के कई गांवों के पर्यावरण संबंधित शोध का उदारण दिए। संस्थान निदेशक प्रो. जेताराम विश्नोई ने अतिथियों को श्रीफल भेंटकर स्वागत किया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. केआर गेनवा, प्रो. बीना भाटिया, डॉ. निधि सिंघल, डॉ. केआर मेघवाल, डॉ केआर पटेल, डॉ ओपी राजपुरोहित, डॉ. महेन्द्र सिंह, डॉ. अर्जुनलाल मीणा, डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. बीआर गढी भी कार्यक्रम में सम्मलित थे। भगवानाराम बिश्नोई उपाध्यक्ष अखिल भारतीय विश्नोई महासभा, आरएस चूनाराम बिश्नोई, विश्नोई टाइगर फोर्स अध्यक्ष रामपाल भवाद, रामनिवास बुधनगर, मुलाराम लोल, रामस्वरूप बुडिया व राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक विश्नोई समाज के गणमान्य व्यक्ति एवं वनस्पिति जन्तु विज्ञान और रसायन विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## एक दिवसीय पंजीयन शिविर

**13.08.2017**

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सत्र 2017–18 के विद्यार्थियों को स्वयं सेवक बनाने हेतु एक दिवसीय शिविर का आयोजन दिनांक 13 अगस्त को किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. गेनवा ने नवागंतुक विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना का इतिहास, उद्देश्य, कार्यप्रणाली व राष्ट्र सेवा के बारे में बताया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल ने नए छात्रों को राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने की महत्ता को बताया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बी. आर. गाडी, डॉ. शरद बिस्सा, डॉ. अनुराग चौधरी,

डॉ. रामप्रकाश व डॉ. बी. आर. जयपाल ने नवागंतुक छात्रों का पंजीयन कर नई इकाईयों का गठन किया। कार्यक्रम के अगले सत्र में **स्वच्छ भारत–स्वस्थ भारत अभियान** हेतु जन जागृति लाने के लिए स्वयं सेवकों की भूमिका के बारे में डॉ. प्रवीण गहलोत ने अपना उद्‌बोधन दिया। विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई विश्वविद्यालय स्वयं सेवकों द्वारा विगत 25 वर्षों के किए गए कार्यों के बारे में प्रकाश डाला। कार्यक्रम को विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के भूतपूर्व समन्वयक प्रो. चेनाराम चौधरी ने भी सम्बोधन किया।








**<u>स्वच्छता पखवाड़ा के तहत् एक दिवसीय शिविर</u>**
**<u>(राजकीय उम्मेद अस्पताल में स्वच्छता अभियान)</u>**
**<u>10.09.2017</u>**

राज्य सरकार की ओर से (10.09.2017) आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न इकाईयों की ओर से 10 सितम्बर को स्वच्छता जागरूकता अभियान रैली निकाली गई। रैली से पहले विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने छात्रों का मार्गदर्शन कर स्वच्छता पखवाड़ा के उद्‌देश्य एवं श्रमदान की महत्ता बताई। स्वच्छता जागरूकता रैली में 200 से ज्यादा छात्रों ने भाग लेकर समाज में संदेश दिया। रैली के पश्चात् स्वयं सेवकों द्वारा माननीय कुलपति प्रो. आर. पी. सिंह के निर्देशानुसार राजकीय उम्मेद अस्पताल में स्वच्छता अभियान के तहत् साफ–सफाई की। अस्पताल में व्याप्त गंदगी, प्लास्टिक, कागज इत्यादि को साफ किया। अस्पताल में उगी कंटीली झाड़ियों को भी

काटकर साफ किया गया। स्वच्छता अभियान में उम्मेद अस्पताल के शिशु विशेषज्ञ डॉ. मोहन मकवाना, डॉ. हरीश मोर्य व अन्य स्टाफ ने भी सहयोग किया। सफाई अभियान में विश्वविद्यालय के केयर टेकर ओमप्रकाश मुथा व सहायक अभियंता रवि कुमार पुरोहित ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल, डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. शरद बिस्सा, प्रो. के. आर. गेनवा, डॉ. बी. आर. गाडी, डॉ. बी. आर. जयपाल, डॉ. अनुराग चौधरी, व डॉ. राम प्रकाश ने भी अपनी इकाई के स्वयं सेवकों के साथ साफ–सफाई का स्वच्छता अभियान में अपनी भूमिका निभाई।












## एनएसएस का एक दिवसीय शिविर आज

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय, राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाइयों का संयुक्त एक दिवसीय शिविर रविवार को न्यू कैंपस स्थित यूसिक कार्यालय में आयोजित होगा। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. केआर पटेल ने बताया कि शिविर में विज्ञान संकाय के नए स्वयंसेवकों का पंजीकरण किया जाएगा।

## स्वयंसेवकों ने की सफाई

: जोधपुर . जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय विज्ञान संकाय की राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाइयों का संयुक्त शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. केआर गेनवा ने बताया कि इस मौके पर स्वयंसेवकों ने उम्मेद अस्पताल में साफ-सफाई की।



## ..न. एस. एस. छात्रों ने राजकीय अस्पतालों को स्वच्छ बनाया

### एन.एस.एस ने स्वच्छता अभियान से प्रधानमंत्री का जन्म दिन मनाया



## स्वच्छता अभियान : एनएसएस स्वयंसेवकों ने सरकारी अस्पतालों में की साफ-सफाई

### अस्पताल परिसर में सफाई कर लोगों को स्वच्छता के लिए किया जागरूक

सिटी रिपोर्टर | जोधपुर

जेएनवीयू की राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाइयों की ओर से रविवार को सरकारी अस्पतालों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। एनएसएस समन्वयक प्रो. जैताराम विश्नोई ने बताया कि रविवार सुबह 8 बजे से विश्वविद्यालय की अलग-अलग संकायों व केएन महिला महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं सेविकाओं ने उम्मेद अस्पताल, पावटा सेटेलाइट अस्पताल, विश्वविद्यालय के पुराना परिसर स्थित डिस्पेंसरी में सफाई कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

प्रो. विश्नोई ने बताया कि विज्ञान संकाय के स्वयंसेवकों ने उम्मेद अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मोहन मकवाना एवं डॉ. हरीश मौर्य के निर्देशन में उम्मेद अस्पताल में सफाई कर कचरा हटाया। पावटा सेटेलाइट अस्पताल में डॉ. सोमेंद्र वर्मा एवं प्रो. विश्नोई के निर्देशन में केएन कॉलेज की स्वयंसेविकाओं ने सफाई करने के साथ कचरा हटाया। वाणिज्य एवं विधि संकाय के सभी कार्यक्रम अधिकारियों के निर्देशन में जेएनवीयू ओल्ड कैंपस स्थित डिस्पेंसरी व पुराना परिसर के मुख्य द्वार पर झाड़ियां हटाने के साथ पूरे क्षेत्र की सफाई की।

**छात्राओं ने रैली निकाल दिया स्वच्छता का संदेश**: केएन कॉलेज की स्वयंसेविकाओं ने सोजती गेट मोहनपुरा पुलिया होते हुए हाइकोर्ट से पावटा सेटेलाइट अस्पताल तक रैली निकाल लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। प्रो. विश्नोई ने बताया कि इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. बीना भाटिया, प्रो. केआर गैना, डॉ. केआर पटेल, डॉ. भानाराम गडी, डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. आरपी सारण, डॉ. पंकज नामा, डॉ. आरएल सैनी, डॉ. आरडी पंकज, डॉ. गजेसिंह, डॉ. एमएल वसीटा, डॉ. पीएम मीणा, डॉ. अनिल वर्मा, डॉ. निधि सिंदल, डॉ. केआर मेघवाल, रवि पुरोहित व ओमप्रकाश मूथा ने सेवाएं दीं।

राजकीय अस्पतालों में स्वयंसेवकों ने सफाई की।

## <u>प्रधानमंत्री का उद्‌बोधन</u>
## <u>(मन की बात का विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के तहत् कार्यक्रम)</u>
## <u>11.09.2017</u>

विज्ञान संकाय में **11.09.2017** को प्रधानमंत्री द्वारा युवाओं के लिए आयोजित कार्यक्रम **मन की बात** का विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सभी स्वयं सेवकों को लाईव टैलिकास्ट दिखाया गया। प्रधानमंत्री का उद्‌बोधन सुनने हेतु कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी कार्यक्रम अधिकारी, विश्वविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी व तकनीकी अधिकारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम की सम्पूर्ण व्यवस्था में डॉ. प्रवीण गहलोत व डॉ. शरद बिस्सा ने अपना सहयोग प्रदान किया।

















## एक दिवसीय विशेष अभियान
## (प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर स्वच्छता अभियान)

**17.09.2017**

विज्ञान संकाय में 17 सितम्बर को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्म दिवस पर स्वच्छता अभियान चलाया व सभी स्वयं सेवकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर स्वयं सेवकों द्वारा कक्षाएं, प्रयोगशाला, सार्वजनिक शौचालय, साईकल स्टैंड, हॉस्टल इत्यादि जगह की सफाई की गई तथा सभी छात्रों से परिसर को साफ रखने का आह्वान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की अन्य इकाईयों द्वारा विज्ञान संकाय के मुख्य द्वार पर लगी स्व. श्री जय नारायण व्यास की प्रतिमा व संकाय में लगी स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के आस–पास उगी कंटीली झाड़ियों को काट कर साफ किया गया। स्वच्छता अभियान में डॉ. के. आर. पटेल, डॉ. प्रवीण गहलोत व डॉ. रामप्रकाश सारण ने एक दिवसीय स्वच्छता अभियान का नेतृत्व किया।













सफाई, संगोष्ठी, रक्तदान व पौधरोपण कर मनाया सेवा दिवस

## <u>राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर कार्यक्रम</u>

**<u>24.09.2017</u>**

विज्ञान संकाय में 24 सितम्बर, 2017 को एक दिवसीय शिविर के तहत् राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वाद–विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पारितोषिक वितरण किए गए। इस अवसर पर स्वयं सेवकों को 25 सितम्बर को आयोजित होने वाले रक्तदान के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राम प्रकाश सारण ने अपने उद्बोधन में रक्तदान व समाज में व्याप्त भ्रांतियों का वैज्ञानिक विश्लेषण कर स्वयं सेवकों से रक्तदान की अपील की। प्रो. जेताराम विश्नोई बताया कि एन. एस. एस. का अर्थ निस्वार्थ सेवा

भावना है क्योंकि जीवन का हर कार्य स्वार्थ की भावना के साथ नहीं किया जाता। व्यक्ति को अपने समाज व देश के लिए जरूरत पड़ने पर अपना योगदान देने के लिए पीछे नहीं हटना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म शताब्दी पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**25.9.2017**

25 सितम्बर को विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना की समस्त इकाईयों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म शताब्दी समारोह पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो. आर. पी. सिंह व राष्ट्रीय सेवा योजना, जयपुर के क्षेत्रीय निदेशक श्री जे. बी. सिंह एवं समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने स्वयं सेवकों को अधिक से अधिक रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गई। डॉ. बी. आर. गाडी व डॉ. बी. आर. जयपाल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जीवनी पर प्रकाश डाला। शिविर में 73 स्वयं सेवकों ने रक्तदान किया जिसमें 20 छात्राएं भी सम्मिलित थी। छात्राओं ने सक्रिय रूप से इस नेक कार्य में भागीदारी निभाई तथा रक्तदान से होने वाले लाभों के बारे में सभी को अवगत कराया, साथ ही भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया। रक्त दान करने वाले स्वयं सेवकों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। एन. एस. एस. प्रभारी डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. के. आर. पटेल ने रक्तदान शिविर के पश्चात् सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।
















जगह-जगह हुए विभिन्न कार्यक्रम...

## पंडित दीनदयाल जन्म शताब्दी समापन पर रक्तदान

एम्स में की स्वच्छता की प्रतिज्ञा

महाविद्यालय में किया 31 यूनिट रक्तदान



## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म शताब्दी एन.एस.एस. के 73 स्वयंसेवकों ने किया रक्तदान

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म शताब्दी के अवसर पर जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में एनएसएस के 73 स्वयंसेवकों ने रक्तदान किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने बताया कि रक्तदान कार्यक्रम के अध्यक्ष कुलपति प्रो. आर.पी. सिंह तथा मुख्य अतिथि क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना जयपुर श्री जे.बी. सिंह थे। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सिद्धातों को प्रत्येक विद्यार्थी को आत्मसात करना चाहिए। जो विद्यार्थी रक्तदान कर रहे हैं वे पुण्य का कार्य कर रहे हैं। इससे अन्य लोग भी रक्तदान के लिए प्रेरित होंगे। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. आर.पी. सिंह ने सभी विद्यार्थियों एवं कार्यक्रम अधिकारियों को इस पुनीत कार्य हेतु धन्यवाद देते हुए कहा कि दान के लिए केवल धन की ही आवश्यकता नहीं है वरन् विद्यार्थी रक्तदान कर पुण्य कमा सकते हैं। रक्तदान एक साथ तीन लोगों की जान बचाता है। समन्वयक प्रो. विश्नोई ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के 73 विद्यार्थियों ने रक्तदान किया, जिसमें 22 छात्राएं तथा 51 छात्र थे। 905 विद्यार्थियों ने रक्तदान के लिए पंजीयन भी करवाया, जो आवश्यकता होने पर रक्तदान के लिए तैयार हैं।

कार्यक्रम अधिकारी प्रो. बीना भाटिया, डॉ. के.आर. पटेल, डॉ. प्रवीण गेहलोत, डॉ. आर.पी. सारण, डॉ. शरद बिस्सा, डॉ. बी. आर. जयपाल, डॉ. पंकज नामा, डॉ. आर.डी. पंकज, डॉ. अन्जु अग्रवाल, डॉ. आर.एल. सैनी, डॉ. गोरव जैन, डॉ. गजेसिंह राजपुरोहित ने भी शिविर में सेवाएं दीं।

## प्री. आर. डी. कैम्प हेतु स्वयं सेवकों का चयन शिविर

**25.09.2017**

राजपथ, नई दिल्ली में 26 जनवरी को होने वाली गणतंत्र दिवस परेड के लिए विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशक श्री जे. बी. सिंह के निर्देशन में स्वयं सेवकों का वजन, ऊंचाई व शारीरिक सक्षमता के आधार पर स्वयं सेवकों का चयन किया गया। इस अवसर पर स्वयं सेवकों को परेड भी कराई गई। चयनीत स्वयं सेवक 25 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक हिसार (हरियाणा) में आयोजित प्री. आर. डी. कैम्प में भाग लेंगे तत्पश्चात्, पुनः चयनीत स्वयं सेवक गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया। कार्यक्रम की व्यवस्था डॉ. के. आर. पटेल व डॉ. रामप्रकाश द्वारा की गई।











## एनएसएस स्वयंसेवक प्री आरडी शिविर के लिए हिसार रवाना

नवज्योति/जोधपुर।

व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के जोधपुर सम्भाग के 10 स्वयंसेवक पूर्व गणतन्त्र दिवस परेड़ शिविर में भाग लेने के लिए चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के लिए रवाना हुए।

राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो.जेताराम बिश्नोई ने बताया कि प्री. आर डी. केम्प चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार मे 25 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक आयोजित होने जा रहा है। इस प्री. आर. डी. केम्प मे राजस्थान से व्यास वि. वि. जोधपुर एंव समबद्ध महाविद्यालयों से 10 स्वंयसेवकों का चयन हुआ है।

### इनका हुआ चयन

प्रो. बिश्नोई ने बताया कि आदर्श महाविद्यालय जोधपुर, राजकीय बागड़ महाविद्यालय पाली, राजकीय कन्या महाविद्यालय बाड़मेर तथा राजकीय पी.जी. महाविद्यालय बाड़मेर से 5 स्वयं सेवकों का चयन हुआ है। जिसमें बालाराम, मदन गोपाल, नरेश, राधिका एवं लीला का चयन हुआ है।



## एनएसएस के स्वयंसेवकों ने गणतंत्र दिवस पूर्व परेड शिविर में लिया भाग

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना का उतरी क्षेत्र पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर-2017 हरियाणा के हिसार में चौधरी चरण सिंह कृषि विश्वविद्यालय में सम्पन्न हुआ। जिसमे जेएनवीयू के 10 सदस्य दल ने भाग लिया एनएसएस के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने बताया कि इस शिविर में उत्तरी क्षेत्र के छह राज्यों पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल देश, जम्मू कश्मीर, दिल्ली और एक केन्द्र शासित देश चंडीगढ़ के 200 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इस दल में जेएनवीयू के मदन सोलंकी, राधिका दास, लीला चौधरी, रेखा वैष्णव, जीतू चौधरी, ममता चौधरी, रेवंत कुमार, नरेश, वालाराम आदि शामिल थे।

## <u>एक दिवसीय स्वच्छता शिविर</u>

**9-10-2017**

रिक्तिया भैरूजी चौराहा स्थित वीर दुर्गादास राठौड़ मल्टीलेवल आरओबी पर एन.एस.एस स्वयंसेवक सुखराम जाणी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के तहत् जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय नया परिसर और आदर्श महाविद्यालय के एन.एस.एस स्वयं सेवकों ने सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक दो किलोमीटर लंबे मल्टीलेवल आरओबी के हर कोने में सफाई कर शहरवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस मौके पर एन.एस.एस के समन्वयक प्रो. जैताराम विश्नोई ने स्वयंसेवकों को सामाजिक कार्या में बढ़–चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सुनील सियाग, विष्णु गौड़, निर्मल

पटेल, रवि रॉयल, मुकेश उज्जवल, प्रकाश सिंवर, हेमसिंह, जीवणराम, चंद्रप्रकाश आदि स्वयंसेवकों ने सहयोग किया।



## स्वयंसेवकों ने सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया

रिक्तिया भैरूजी चौराहा स्थित वीर दुर्गादास राठौड़ मल्टीलेवल आरओबी पर एनएसएस स्वयंसेवक सुखराम जाणी के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान के तहत जेएनवीयू नया परिसर और आदर्श महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक दो किलोमीटर लंबे मल्टीलेवल आरओबी के हर कोने में सफाई कर शहरवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस मौके पर एनएसएस के समन्वयक प्रो. जैताराम विश्नोई ने स्वयंसेवकों को सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सुनील सियाग, विष्णु गौड़, निर्मल पटेल, रवि रॉयल, मुकेश उज्जवल, प्रकाश सिंवर, हेमसिंह, जीवणराम, चंद्रप्रकाश आदि स्वयंसेवकों ने सहयोग किया।

# राष्ट्रीय युवा महोत्सव कार्यक्रम

**(12-01-2018 से 16-01-2018)**

विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों के 10 छात्र क्रमशः प्रकाश सिंवर, विष्णु गौड़, सुनील, बालाराम, रामनिवास, निर्मल, पुष्पेन्द्र, मनीष, योगेन्द्र व श्रवण कुमार तथा 7 छात्राएं क्रमशः भाग्यश्री, मोनीका, कोमल, ममता, रेखा, सुमन व प्रेमी ने राष्ट्रीय सेवा महोत्सव में भाग लेने के लिए कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत के नेतृत्व में गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोयडा, उत्तरप्रदेश गए। पाँच दिवसीय (12–16, जनवरी 2018) युवा महोत्सव की शुरूआत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विडियों कॉन्फ्रेंसिंग से की। कार्यक्रम में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री आदित्यनाथ योगी व भारत के युवा मामलात व खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने भी युवाओं को संबोधित किया। पाँच दिवसीय युवा महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों के लगभग 3000 युवाओं ने भाग लिया। युवा महोत्सव में स्वयं सेवकों ने विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक, योगा व खेलकूद गतिविधियों में भाग लिया। युवा महोत्सव में आकर्षण का केन्द्र यूथ पार्लियामेन्ट था। जिसमें विश्वविद्यालय के 4 स्वयं सेवकों ने भाग लेकर राजस्थान की विभिन्न समस्याओं को व उनके समाधान पर विचार विमर्श किया। स्वयं सेवकों ने बेरोजगारी व चिकित्सा सुविधा पर भी अपने विचार प्रस्तुत किए। युवा महोत्सव के समापन समारोह के पश्चात् खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने राजस्थान के स्वयं सेवकों से मुलाकात कर उनको खेलो इंडिया योजना से अवगत करवाया।













## युवा महोत्सव के लिए एनएसएस दल रवाना

जोधपुर जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के छात्र-छात्राएं (स्वयंसेवक) 12 जनवरी से शुरू होने वाले पांच दिवसीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव मे भाग लेने के लिए नोएडा स्थित गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय के लिए रवाना हो गए है। राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक प्रो. जैताराम बिश्नोई ने बताया कि युवा महोत्सव मे भाग लेने 10 छात्र व 7 छात्राएं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत के नेतृत्व में गए है। दल में छात्र प्रकाश सींवर, विष्णु गौड़, सुनील, बालाराम, रामनिवास, निर्मल, पुष्पेन्द्र, मनीष, योगेंद्र, श्रवण कुमार और छात्राएं भाग्यश्री, मोनिका, कोमल, ममता, रेखा, सुमन व प्रेमी शामिल है। कार्यक्रम अधिकारी खरताराम पटेल ने बताया कि स्वयंसेवक वहा पर होनी वाली विभिन्न शैक्षणिकक व सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेंगे।

## राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेकर एन. एस. एस. टीम लौटी



जोधपुर/नवज्योति।
भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय, ग्रेटर नौएडा, उत्तर प्रदेश मे 22 वाँ राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2018 दिनांक 12-16 जनवरी को मनाया गया। युवा महोत्सव की शुरूआत प्रधानमंत्री के विडियो कान्फ्रेसींग से हुई। राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक प्रो. जेताराम बिश्नोई ने बताया कि इस पांच दिवसीय कार्यक्रम मे जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के 10 छात्र व 7 छात्राए प्रकाश सीवर, विष्णु गौड़, सुनील सियाग, बालाराम, रामनिवास, निर्मल चौधरी, पुष्पेन्द्र डूडी, मनीष सांखला, योगेन्द्र सिंह, श्रवण कुमार व छात्राएं भाग्यश्री, मोनिका, कोमल, ममता, रेखा, सुमन व प्रेमी ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत के नेतृत्व मे भाग लिया। प्रो. बिश्नोई ने बताया कि 5 दिवसीय कार्यक्रम मे विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम, योगा, वाद-विवाद प्रतियोगिता व विभिन्न खेलो की प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षक 'युथ पार्लीयामेंट' रहा। जिसमे राजस्थान के छात्र सामंद सुनील सियाग, मनीष सांखला व बालाराम थे।

किया जाएगा।

## 10 युवा पहुंचे यूथ पार्लियामेंट

जोधपुर @ पत्रिका. युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की ओर से सोमवार को नोएडा स्थित गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में यूथ पार्लियामेंट का आयोजन किया गया। इसमें देश भर आए दो हजार से अधिक युवाओं ने भाग लिया। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवक व बीएससी फाइनल ईयर के विद्यार्थी सुनील सियाग ने यूथ पार्लियामेंट में भाग लिया। सुनील ने युवाओं के विकास और उनसे जुड़े मुद्दों पर अपने सुझाव प्रस्तुत किए। पार्लियामेंट में राजस्थान के विभिन्न सस्थानो से दस युवाओं ने भाग लिया। इसमें आंचल गुप्ता, ऐश्वर्या, शलोनी, अंजलि जैन, गार्गी गुप्ता, राजवीर सिंह, हर्षित पारीक, शिवराज, शुभम राजपुरोहित शामिल थे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. स्निग्धा शर्मा और डॉ. प्रवीण गहलोत ने टीम का नेतृत्व किया।

# <u>विज्ञान संकाय में सात दिवसीय विशेष शिविर</u>
## <u>(21.01.2018 से 27.01.2018)</u>

विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत् सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन दिनांक 21.01.2018 से 27.01.2018 को किया गया। विशेष शिविर की शुरूआत विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई व विश्वविद्यालय के पूर्व सिंडिकेट सदस्य प्रो. चेनाराम चौधरी के मुख्य आतिथ्य में हुई। प्रो. चेनाराम चौधरी ने अपने उद्बोधन में स्वयं सेवकों को अनुशासन की परिभाषा को स्वयं सेवकों के संदर्भ में परिभाषित किया। प्रो. जेताराम विश्नोई ने स्वयं सेवकों के कर्तव्य व उनका समाज निर्माण में योगदान पर प्रकाश डाला। विशेष शिविर के प्रथम दिन डॉ. के. आर. पटेल व डॉ. के. आर. गेनवा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया।










शिविर के दूसरे दिन 22-1-2018 बसंत पंचमी होने के कारण कार्यक्रम की शुरूआत सांस्कृतिक सत्र से की गई जिसके तहत् माँ सरस्वती देवी की विशेष पूजा की गई व सरस्वती वंदना की प्रस्तुति हुई। दूसरे सत्र में डॉ. दिनेश गहलोत ने भारतीय संविधान पर प्रकाश डालते हुए स्वयं सेवकों को मूल अधिकार व मूल कर्तव्य के बारे में बताया।

कार्यक्रम के अंत में स्वयं सेवकों को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया।










सात दिवसीय विशेष शिविर के तिसरे दिन 23.01.2018 को विद्यार्थियों (स्वयं सेवकों) को योगा के माध्यम से स्वस्थ जीवन व निरोगी काया पर व्याख्यान दिया गया। व्याख्यान में डॉ. शरद बिस्सा ने बताया की शरीर की उपापचयी प्रक्रिया को नियमन करके जीवन को निरोगी बनाया जा सकता हैं। उन्होनें योगा के प्रतिदिन महत्व पर प्रकाश डालते हुए शरीर के प्रति रक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने की बात कही। सह–आचार्य डॉ. खरताराम पटेल ने स्वच्छ भारत अभियान से भारत को विश्व में अग्रणी बनाने तथा दिन–प्रतिदिन जीवन में स्वच्छता के महत्व को प्रसंग के साथ समझाया। डॉ. प्रवीण गहलोत (कार्यक्रम अधिकारी) ने सड़क दुर्घटना में स्वयं सेवकों की भूमिका के बारे में बताया। उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया की फस्ट–एड तथा तत्काल सहायता से किस प्रकार जीवन हानी को बचाया जा सकता हैं। कार्यक्रम के इस विशेष सत्र को डॉ. भानाराम व डॉ. भवरूराम व डॉ. अनुराग चौधरी ने भी सम्बोधन किया व स्वयं सेवकों को अनुशासन के साथ राष्ट्र निर्माण में योगदान की सीख दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया। कार्यक्रम के अन्त में सभी स्वयं सेवकों को अल्पाहार वितरण किए गए।







शिविर के चौथे दिन 24.01.2018 प्रथम सत्र में जोधपुर के सरस्वती नगर में सफाई अभियान चलाकर मोहल्ले की सफाई की गई। द्वितीय बौद्विक सत्र में राजस्थान पुलिस सेवा के अधिकारी श्री नरेन्द्र चौधरी ने पुलिस सेवा व सामाजिक चुनौतियों पर अपना प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया।
















नवज्योति/जोधपुर। व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक (एन.एस.एस.) के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन हुआ। शिविर का प्रथम सत्र योगा का हुआ। जिनमें सभी स्वंय सेवकों को अलसुबह प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, कपाल भारती व अन्य योगा से स्वस्थ जीवन व निरोगी काया को सार्थक किया गया। द्वितीय सत्र में सभी स्वयं सेवकों ने विज्ञान परिसर में श्रमदान करके परिसर को स्वच्छ बनाया तथा परिसर मे व्याप्त गंदगी, प्लास्टिक थैलियां व अन्य कचरे को इकट्ठा कर उनका निस्तारण किया। तीसरे व अन्तिम बौद्धिक सत्र में विशेष अतिथि राजस्थान पुलिस सेवा के उप-अधीक्षक नरेन्द्र चौधरी द्वारा विद्यार्थी जीवन में अनुशासनशील रहने की प्रेरणा दी।



# एनएसएस शिविर

जोधपुर. जयनारायण व्यास विवि के विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर के दौरान बुधवार को तीन सत्रों में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित की गईं। प्रथम सत्र योगा हुआ। द्वितीय सत्र में सभी स्वयंसेवकों ने विज्ञान परिसर में श्रमदान किया। अंतिम बौद्धिक सत्र में विशेष अतिथि उप अधीक्षक नरेंद्र चौधरी द्वारा विद्यार्थी जीवन मेंअनुशासन की बात कही। डॉ. केआर गेनवा ने बौद्धिक सत्र को सम्बोधित किया। डॉ. खरताराम पटेल, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. भानाराम, डॉ. शरद बिस्सा, डॉ. भंवरूराम, डॉ. रामप्रकाश व डॉ. अनुराग चौधरी मौजूद थे।

शिविर के पांचवे दिन दिनांक 25.1.2018 को प्रथम सत्र में स्वयं सेवकों को कार्डियो पल्मोनरी रिससीटेशन (सी.पी.आर) व हार्ट पंम्पिग का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. गेनवा व डॉ. खरताराम पटेल ने बताया की डॉ. सपूर्णनंद मेडिकल कॉलेज के पूर्व सह–आचार्य डॉ. राजेन्द्र तातेड़ ने सी. पी. आर तकनीक बताई। उन्होंने बताया कि अचानक कार्डियक अरेस्ट, पानी में डूबे व्यक्ति, करंट और दम घुटने पर पीड़ित व्यक्ति को जमीन पर लिटा कर सी. पी. आर प्रणाली के माध्यम से जान बचाई जा सकती हैं। सभी स्वयं सेवकों ने डमी मोडल पर सी. पी. आर तकनीक का अभ्यास भी किया।

शिविर के दूसरे सत्र में स्वयं सेवकों द्वारा विज्ञान संकाय में श्रम दान कर सफाई की गई। सड़क के किनारे उगी कंटीली झाड़ियों को साफ किया गया। श्रमदान में डॉ. रामप्रकाश सारण, डॉ. शरद बिस्सा, डॉ. भानाराम, डॉ. अनुराग चौधरी व डॉ. भवरूराम ने सहयोग प्रदान किया।

शिविर के तीसरे सत्र में स्वयं सेवकों को गणतंत्र दिवस व उसके महत्व को समझाया गया व सम्पूर्ण संविधान की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में स्वयं सेवकों को अल्पहार वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया।














## एनएसएस शिविर में छात्रों ने किया योगा

जेएनवीयू विज्ञान संकाय में एनएसएस के सात दिवसीय शिविर में तीन सत्र आयोजित कर विभिन्न गतिविधियां करवाई। पहले सत्र में योगा में सभी स्वयंसेवकों को अलसुबह प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, कपालभारती व अन्य आसन करवाए। द्वितीय सत्र में विज्ञान परिसर में श्रमदान कर परिसर को स्वच्छ किया। तीसरे व अंतिम बौद्धिक सत्र में विशेष अतिथि पुलिस उप-अधीक्षक नरेंद्र चौधरी ने अनुशासित जीवन का महत्व बताया। बौद्धिक सत्र को आचार्य डॉ. केआर गेनवा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में सह-आचार्य डॉ. खरताराम पटेल, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. भानाराम, डॉ. शरद बिस्सा, डॉ. भंवरूराम, डॉ. रामप्रकाश व डॉ. अनुराग चौधरी उपस्थित थे। संचालन डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया।

शिविर में छठे दिन 26 जनवरी (26.01.2018) को झंडा रोहण व राष्ट्रगान के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्वयं सेवकों ने अपने उद्‌बोधन भी दिए तथा द्वितीय सत्र में विश्वविद्यालय के प्रो. हेमंत शर्मा ने व्यक्तित्व विकास पर अपना उद्‌बोधन दिया।














विशेष शिविर के अंतिम दन 27.01.2018 को प्रथम सत्र में प्रो. किशोरी लाल रैगर द्वारा स्वयं सेवकों को योगाभ्यास करवाया गया। दूसरे सत्र में स्वयं सेवकों द्वारा मंच पर अपने विचार प्रस्तुत किए गए।

सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतिम सत्र समापन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आर. पी. सिंह, कुलसचिव प्रोफेसर, पी. के. शर्मा, पूर्व सिंडिकेट सदस्य प्रोफेसर चेनाराम चौधरी, विश्वविद्यालय (एन.एस.एस.) समन्वयक प्रोफेसर जेताराम विश्नोई, छात्र संघ अध्यक्ष सुश्री कान्ता ग्वाला उपस्थित थे। माननीय कुलपति डॉ. आर. पी. सिंह ने अपने उद्बोधन में स्वयं सेवकों को सामाजिक सरोकार की सीख दी। उन्होंने अनुशासन में रहकर राष्ट्र निर्माण में योगदान करने के लिए आह्वन किया। कुलसचिव ने अपने उद्बोधन में व्यक्तित्व विकास पर प्रकाश डालने हुए सफलता हेतु लक्ष्य निर्धारण व लक्ष्य प्राप्ति तक साधना करने की सीख दी। एन. एस. एस. समन्वयक जेताराम विश्नोई ने भारत सरकार द्वारा प्रयोजित स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं, डीजीटल इंडिया इत्यादि कार्यक्रमों को समाज में जनचेतना लाने में (एन. एस. एस.) स्वयं सेवकों की भूमिका को बताया। कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के कार्यक्रम अधिकारी आचार्य प्रो. के. आर. गेनवा, सहआचार्य डॉ. के. आर पटेल, डॉ. भानाराम, डॉ. भवरूराम, डॉ. शरद बिस्सा, डॉ. अनुराग चौधरी व डॉ. रामप्रकाश सारण उपस्थित थे। कार्यक्रम में कुलपति द्वारा स्वयं सेवकों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी स्वयं सेवकों को अल्पाहार करवाया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया।



















# विज्ञान सकांय में एन.एस.एस. का विशेष शिविर

जय नारायण व्यासविश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय स्वंय सेवक (एन.एस.एस.) के सात दिवसीय विशेष शिविर में स्वयंसवेकों को विभिन्न प्रकार की गतिविधियां करवाई गई। शिविर के प्रथम सत्र में योग क्रियाएं हुई जिनमें सभी स्वयंसेवकों को अलसुबह प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, कपाल भाती व अन्य योगिक क्रियाओं से स्वस्थ जीवन व निरोगी काया के महत्व को जीवन में करने का संकल्प दिलाया। द्वितीय सत्र में सभी स्वयंसेवकों ने विज्ञान परिसर में श्रमदान कर परिसर को स्वच्छ बनाया तथा परिसर में व्याप्त गंदगी, प्लास्टिक थैलियां व अन्य कचरे को इकट्ठा कर उनका निस्तारण किया। तीसरे व अन्तिम बौद्धिक सत्र में विशिष्ट अतिथि राजस्थान पुलिस सेवा के उप-अधीक्षक श्री नरेन्द्र चौधरी ने विद्यार्थी जीवन में अनुशासन के महत्त्व को बताया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रतियोगिता के इस युग में सफलता का मूलमंत्र लक्ष्य प्राप्ति हेतु निरन्तर साधना है। डॉ. के. आर. गेनवा ने बौद्धिक सत्र को सम्बोधित करते हुए बताया की विद्यार्थी एन.एस.एस. के माध्यम से सच्चा राष्ट्र भक्त बन सकता है। स्वयंसेवकों का कार्य भी सैनिकों के समकक्ष है, सैनिक देश की सीमाओं की सुरक्षा करता है जबकि स्वयंसेवक कुरूतियों से समाज की सुरक्षा करता है। डॉ. खरताराम पटेल ने स्वयंसेवकों दिए जाने वाले प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. भानाराम, डॉ. शरद बिस्सा, डॉ. भवरूराम, डॉ. रामप्रकाश, डॉ. अनुराग चौधरी ने सहयोग दिया। कार्यक्रम का संचालन डा. प्रवीण गहलोत ने किया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना
# विज्ञान संकाय
# जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर

---

## वार्षिक प्रगति रिपोर्ट
## (1.4.2018 to 31.3.2019)

| क्र. सं. | दिनांक | कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | 5.06.2018 | पर्यावरण दिवस पर रैली व वृक्षारोपण |
| 2. | 21.06.2018 | विश्व योगा दिवस पर कार्यक्रम |
| 3. | 11.07.2018 | जनसंख्या नियंत्रण संदेश रैली |
| 4. | 24.08.2018 | राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर में स्वयं सेवकों द्वारा सघन वृक्षारोपण स्वयं प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित |
| 5. | 24.08.2018 | एक दिवसीय आमुखीकरण व नामांकन शिविर |
| 6. | 28.08.2018 | केरल राज्य बाढ़ पीड़ितों की सहायता हेतु एक दिवसीय शिविर |
| 7. | 30.08.2018 | स्वच्छता एप द्वारा स्वच्छ भारत अभियान का सर्वे |
| 8. | 17.09.2018 | प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस पर स्वच्छता अभियान |
| 9. | 20.09.2018 | प्री.आर.डी. कैम्प हेतु स्वयं सेवकों का चयन |
| 10. | 23.09.2018 | एन.एस.एस. द्वारा नया परिसर में "स्वच्छता ही सेवा अभियान" चलाया गया |
| 11. | 24.09.2018 | राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर एक दिवसीय शिविर |
| 12. | 25.09.2018 | पंडित दीनदयाल जयंती पर राष्ट्रीय योजना द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन कुल 101 युनिट हुआ रक्तदान कार्यक्रम अधिकारियों सहित 20 छात्राओं ने भी किया रक्तदान |
| 13. | 02.10.2018 | गाँधी जयंती पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों की नेत्र निःशुल्क जाँच व रक्तदान शिविर |
| 14. | 11.10.2018 से 13.10.2018 | मृदा एवं जल संरक्षण में वनों की भूमिका विषय पर प्रषिक्षण कार्यक्रम |
| 15. | 10.10.2018 से 22.10.2018 | हिमाचल प्रदेश में पर्वतारोहण संबधी गतिविधियां |
| 16. | 18.11.2019 | वोट डालो–लोकतंत्र पर्व मनाओ विषय पर नुक्कड़ नाटक का मंचन |
| 17. | 21.12.2018 से 27.12.2018 | सात दिवसीय विशेष शिविर |
| 18. | 08.12.2018 से 14.12.2018 | राष्ट्रीय एकता शिविर |
| 19. | 28.01.2019 | राष्ट्रीय यूथ पार्लियामेन्ट |
| 20. | 09.02.2019 | वार्षिक पारितोषिक वितरण कार्यक्रम |

<u>**पर्यावरण दिवस पर रैली व वृक्षारोपण**</u>

<u>**5 जून 2018**</u>

विज्ञान संकाय, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के सभी इकाईयों द्वारा 5 जून (पर्यावरण दिवस) पर पर्यावरण संरक्षण जनचेतना रैली का आयोजन किया गया। रैली में स्वयं सेवकों द्वारा हाथ में बैनर लेकर विज्ञान संकाय से शहीद स्मारक खेजड़ली तक दोपहिया वाहन रैली निकाली गई। रैली के पश्चात् शहीद स्मारक, खेजडली में वृक्षारोपण किया गया। रैली का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल, डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. अनुराग चौधरी व डॉ. रामप्रकाश सारण ने किया।












**पर्यावरण चेतना रैली व राष्ट्रीय संगोष्ठी आज**

गुरु जम्भेश्वर पर्यावरण संरक्षण शोधपीठ और जेएनवीयू की एनएसएस इकाई के तत्वावधान में खेजड़ली में विभिन्न कार्यक्रम होंगे। शोधपीठ के निदेशक प्रो. जेताराम विश्नोई ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह साढ़े सात बजे पर्यावरण शुद्धीकरण श्रीमहंत शिवदास शास्त्री व महंत शंकरदास के सान्निध्य में यज्ञ से होगी। दस बजे 'गुरु जम्भेश्वर के सिद्धांत एवं वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में पर्यावरण प्रबंधन' संगोष्ठी स्वामी भागीरथदास आचार्य जाजीवाल धोरा व महंत भगवानदास जोधा के सान्निध्य में होगी। मुख्य अतिथि केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत होंगे। अध्यक्षता जेएनवीयू कुलपति डॉ. राधेश्याम शर्मा करेंगे। खादी बोर्ड अध्यक्ष जसवंतसिंह विश्नोई विशिष्ट अतिथि और रक्षा प्रयोगशाला के पूर्व निदेशक डॉ रामगोपाल मुख्य वक्ता होंगे। जेएनवीयू न्यू कैंपस शोधपीठ कार्यालय से खेजड़ली तक पर्यावरण चेतना रैली निकाली जाएगी। चित्रकला, वाद-विवाद, निबंध प्रतियोगिता भी होगी।

<u>विश्व योगा दिवस पर कार्यक्रम</u>

<u>21.06.2018</u>

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना व योगा केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में योग दिवस पर एम.बी.एम इंजीनियरिंग कॉलेज के मैदान में प्रातः 6:30 बजे विश्व योगा दिवस के अवसर पर योग का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर विश्वविद्यालय के स्वयं सेवक व अन्य छात्र–छात्राएं ने योग शिविर में भाग लेकर योग किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण गहलोत ने अपने उद्बोधन में योग व स्वास्थ्य पर अपना व्याख्यान दिया व लोगों में योग के प्रति जागरूकता उत्पन्न स्वस्थ रहने की प्रेरणा दी।












# योगा केन्द्र और एन.एस.एस. मनाएगा विश्व योगा दिवस

नवज्योति/जोधपुर। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर के योगा केन्द्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में योगा केन्द्र एवं राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाईयां 21 जून को एम.बी.एम. इंजीनियरींग कॉलेज के मैदान में प्रातः 6:30 बजे योग कर विश्व योगा दिवस मनाएगा। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने बताया कि विश्वविद्यालय के एमबीएम इंजीनियरींग कॉलेज मैदान में विशाल योग शिविर आयोजित कर विश्व योग दिवस मनाएगा। प्रो. विश्नोई ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर विश्वविद्यालय में योग शिविर आयोजित कर लोगो में योग के प्रति जागरूकता उत्पन्न कर मानव के स्वस्थ रहने की प्रेरणा दी जाएगी।

## जनसंख्या नियंत्रण संदेश रैली
## 11 जुलाई जनसंख्या दिवस

विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई द्वारा भारत सरकार के आदेश पालना हेतु 11 जुलाई को जनसंख्या नियंत्रण संदेश रैली का आयोजन किया गया। रैली की शुरूआत कमला नेहरू महिला महाविद्यालय से की गई व समापन जसवंत कॉलेज (पुराना परिसर) पहुँच कर हुआ। रैली में विज्ञान संकाय के सभी इकाईयों के स्वयं सेवकों ने बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। रैली की व्यवस्था का जिम्मा भी विज्ञान संकाय के स्वयं सेवकों पर था। रैली में सभी स्वयं सेवकों को टी–शर्ट व टोपी दी गई। रैली के पश्चात् सभी स्वयं सेवकों को प्रमाण–पत्र व अल्पाहार वितरण किए गए। रैली का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल, डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. रामप्रकाश सारण व अनुराग चौधरी ने किया।






उद्देश्य व कार्यशैली पर अपना उद्बोधन देते हुए स्वयं सेवकों को इसके महत्व के बारे में जानकारी दी। डॉ. रामप्रकाश सारण द्वारा केरल में अतिवृष्टि के कारण उत्पन्न हालात को रेखांकित किया व स्वयं सेवकों से अपील करते हुए उन्हें अनुदान हेतु गली—मोहल्लें व बस्तीयों से धनराशी इकट्ठा करके प्रधानमंत्री सहायता कोष में जमा करवाने हेतु शीघ्र कार्य करने का आहवान किया। डॉ. शंकर नामा, डॉ. भवरूराम जयपाल, डॉ. प्रियंका पुरोहित व डॉ. उत्तम पालीवाल ने स्वयं सेवकों के साथ मिलकर नीम के पौधों का वृक्षारोपण कर उनकी दिन प्रतिदिन देखभाल करने व सिंचित करने की शपथ दिलाई। स्वयं सेवकों द्वारा लगाए गए सभी पौधों को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित किए। कार्यक्रम में स्वयं सेवकों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजली दी गई। इससे पूर्व वनस्पति विभाग में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजली देते हुए इनकी चिरस्मृति में उत्तराखण्ड से ''पुत्रजीवा'' पौधा मंगवाकर लगवाया गया ज्ञात्वय है कि अटल बिहारी वाजपेयी को भारतरत्न सम्मान मिल चुका है और वे भारत पुत्र कहलाते है अतः उनके अमरत्व हेतु ''पुत्रजीवा'' पौधा का वृक्षारोपण किया गया।







## स्वयंसेवकों ने किया पौधरोपण

### भारत रत्न वाजपेयी को दी मौन श्रद्धांजलि

एक्सपोज रिपोर्टर

xpose.jodhpur@in.patrika.com

जोधपुर. जेएनवीयू के विज्ञान संकाय में शुक्रवार को एनएसएस का एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। प्रथम सत्र में स्वयसेवकों के पंजीयन के बाद कार्यक्रम अधिकारी डा. प्रवीण गहलोत ने एनएसएस की स्थापना, उद्देश्य व कार्यशैली के साथ इसके महत्व की जानकारी दी। डॉ. रामप्रकाश सारण ने स्वयंसेवकों से केरल के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए गली-मोहल्ले से धनराशी एकत्र कर प्रधानमंत्री सहायता कोष में जमा करवाने का आह्वान किया।

डॉ. शंकरनामा, डॉ. भंवरूराम जयपाल, डॉ. प्रियंका पुरोहित और डॉ. उत्तम पालीवाल ने स्वयंसेवकों के ... के पौधे रोप कर उनकी ... करने व सिंचित ... पौधों को

## एक दिवसीय आमुखीकरण व नामांकन शिविर
## 24.08.2018

विज्ञान संकाय में दिनांक 24.08.2018 को एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय में नए भर्ती होने वाले छात्र–छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना की जानकारी प्रदान करना था। आमुखीकरण शिविर में नए छात्र–छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना, उद्देश्य व कार्यशैली से अवगत करवाया गया।

समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई द्वारा नए छात्र–छात्राओं का स्वागत करते हुए उन्हें राष्ट्रीय सेवा योजना में स्वयं सेवक बनने का आहवान किया। डॉ. के. आर. पटेल द्वारा विश्वविद्यालय के स्वयं सेवकों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना में रहते विभिन्न क्षेत्र में उपलब्ध की गई उपलब्धियों के बारे में बताया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत ने इकाई अनुसार नवागंतु छात्र–छात्राओं को पंजीयन की जानकारी प्रदान कर फॉर्म वितरण किए।

डॉ. रामप्रकाश सारण, डॉ. शरद बिस्सा, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. उत्तम पालीवाल, डॉ. बी. आर. जयपाल, डॉ. अनुराग चौधरी व डॉ. प्रियंका पुरोहित द्वारा विभिन्न इकाईयों का गठन कर वर्ष 2018—19 हेतु स्वयं सेवकों का नामांकन किया गया। स्वयं सेवकों द्वारा नीम के पौधें का वृक्षारोपण कर उनकी रोजाना देखभाल करने व सिंचित करने की शपथ ली। स्वयं सेवकों द्वारा लगाए गए सभी पौधों को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित किए। कार्यक्रम  का संचालन डॉ. उत्तम पालीवाल ने किया।








## <u>केरल राज्य बाढ़ पीड़ितों की सहायता हेतु एक दिवसीय शिविर</u>
## <u>28.08.2018</u>

राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय, जयपुर के आदेश की पालना हेतु विज्ञान संकाय में एक दिवसीय शिविर का आयोजन दिनांक 28.08.2018 को किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत ने केरल राज्य में बाढ़ से प्रभावित लोगों को सहायता देने हेतु धनराशी एकत्र करने हेतु स्वयं सेवकों को प्रोत्साहित किया, सभी स्वयं सेवकों द्वारा विज्ञान संकाय में आचार्य, सह—आचार्य, सहायक आचार्य, कर्मचारी व छात्र—छात्राओं से मिलकर बाढ़ पीडितों के सहायतार्थ दान राशी एकत्र की। स्वयं सेवकों द्वारा अपने गली—मोहल्ले से भी दान राशी एकत्र की गई, जमा धनराशी को कार्यक्रम  अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत द्वारा केरल के मुख्यमंत्री सहायता कोष में जमा करवाया गया। सम्पूर्ण

कार्यक्रम  डॉ. के. आर. पटेल, डॉ. रामप्रकाश सारण, डॉ. उत्तम पालीवाल व डॉ. प्रियंका पुराहित के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम  अधिकारी डॉ. उत्तम पालीवाल द्वारा स्वयं सेवकों को आपदा प्रबंधन की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ. शरद बिस्सा, डॉ. रामप्रकाश सारण, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. प्रियंका पुरोहित, डॉ. अशोक कुमार पटेल, डॉ. बी. आर. जयपाल ने अपनी–अपनी इकाईयों के साथ मिलकर धनराशी जुटाने में अपना सहयोग प्रदान किया।










## <u>स्वच्छता एप द्वारा स्वच्छ भारत अभियान का सर्वे</u>
## <u>30.08.2018</u>

विज्ञान संकाय में 30 अगस्त को राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाए गए स्वच्छ भारत अभियान के फीडबैक लेने हेतु सर्वेक्षण अभियान में वोटिंग करना था। कार्यक्रम  को सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम  समन्वयक

प्रो. जेताराम विश्नोई ने संबोधन किया। उन्होंने अपने उद्‌बोधन में स्वच्छ भारत अभियान की महत्ता की जानकारी दी। कार्यक्रम  में मुख्य अतिथि जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री अविचल चतुर्वेदी (आई.ए.एस) थे। श्री अविचल चतुर्वेदी ने स्वच्छ भारत अभियान के फिडबैक हेतु अपने मोबाईल से स्वच्छ एप डाउनलोड करने व उसमें पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। तत्पश्चात् जिला परिषद से आए कार्यक्रम  के विशेष अतिथि श्री सोहनलाल चौधरी ने स्वयं सेवकों को स्वच्छता एप के तहत् स्वच्छ भारत अभियान में अपनी भागीदारी की जिम्मेदारी के बारे में बताया। कार्यक्रम के अगले चरण में सभी स्वयं सेवकों ने अपने मोबाईल में स्वच्छ एप डाउनलोड कर फिडबैक दिया। कार्यक्रम  का संचालन डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया।






**स्वच्छता एप के जरिए दी जानकारी**

जोधपुर. जेएनवीयू के विज्ञान संकाय में गुरुवार को एनएसएस के एक दिवसीय शिविर में प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत अभियान में फीड बैक लेने के लिए चलाए गए सर्वेक्षण अभियान में वोटिंग के बारे में जानकारी दी गई। एनएसएस समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने स्वच्छ भारत अभियान की जानकारी दी। मुख्य अतिथि जिला परिषद के सीईओ अविचल चतुर्वेदी ने स्वच्छ भारत अभियान के फीडबैक के लिए अपने मोबाइल में स्वच्छ एप डाउनलोड करने और उसमें पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने के सम्बन्ध में जानकारी दी। जिला परिषद के सोहनलाल चौधरी ने स्वच्छता एप डाउनलोड करने का प्रोसेस बताया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. केआर पटेल ने अगले महीने होने वाली छात्र संसद के लिए स्वयंसेवकों का चयन किया। तृतीय चरण में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत ने केरल राज्य में बाढ़ से प्रभावित लोगों को प्रोत्साहित किया।



**स्वच्छता एप से विवि में स्वच्छ भारत अभियान का सर्वे**

**विज्ञान संकाय व केएन कॉलेज में हुए आयोजन**

जोधपुर। व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाए गए स्वच्छ भारत अभियान के फीड बैक लेने के लिए सर्वेक्षण अभियान में वोटिंग की गई। कार्यक्रम को राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने संबोधित किया। उन्होंने स्वच्छ भारत अभियान की महत्ता की जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अविचल चतुर्वेदी ने स्वच्छ भारत अभियान के स्वच्छता एप डाउनलोड करने व उसमें पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। तत्पश्चात जिला परिषद से सोहनलाल चौधरी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों को स्वच्छता एप के तहत अपना अनुभव व स्वच्छ भारत अभियान में अपनी भागीदारी को स्वच्छता एप डाउनलोड कर फीडबैक दिया। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत ने केरल राज्य में बाढ़ से प्रभावित लोगों को सहायता देने हेतु धनराशि एकत्र करने के लिए स्वयंसेवकों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम को प्रियंका पुरोहित ने भी सम्बोधन किया।

**केएन कॉलेज में आयोजन** कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में भी राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में भारत सरकार द्वारा चलाई गयी विभिन्न जनहित योजनाओं के कार्यान्वयन से सम्बंधित सर्वे के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक प्रो. पूनम बावा ने की। कार्यक्रम में एन.एस.एस. अधिकारी प्रो. बीना भाटिया, डॉ. आर.एल. सैनी एवं डॉ. विनीता चौहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गजेसिंह राजपुरोहित ने किया एवं डॉ. पंकज नामा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## <u>प्रधानमंत्री जी के जन्म दिवस पर स्वच्छता अभियान</u>

**<u>17.09.2018</u>**

जोधपुर, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में आज दिनांक 17.09.2018 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत् राष्ट्रीय स्वयं सेवकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंनें अपने उद्‌बोधन में स्वयं सेवकों को स्वच्छता की महत्ता को बताया। उन्होंने अपने गली मोहल्लो, शहर, गाँव, विद्यालयों, कॉलेज, विश्वविद्यालयों, सार्वजनिक स्थानों इत्यादि को स्वच्छ रखने हेतु

जागरूकता लाने हेतु आहवान किया। डॉ. के. आर. पटेल ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाए गए स्वच्छता अभियान व स्वच्छता अभियान हेतु मोबाईल में ऐप डाउनलोड करने व अपने स्वयं द्वारा किए गए कार्यो को अपलोड करने की बात कही। डॉ. प्रवीण गहलोत ने क्लीन कैम्पस—ग्रीन कैम्पस की धारणा को विज्ञान संकाय में लागू करने व विज्ञान संकाय को साफ सुथरा व हरा—भरा रखने का आहवान किया। डॉ. शरद बिस्सा, डॉ. रामप्रकाश सारण, डॉ. उत्तम पालीवाल व डॉ. प्रियंका पुराहित ने स्वय सेवकों को संबोधन किया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत् स्वयं सेवकों द्वारा विज्ञान संकाय की साफ—सफाई की गई तथा संकाय में विश्वविद्यालय चुनाव के दौरान फैली गंदगी को साफ किया। कार्यक्रम के अन्त में डॉ. उत्तम पालीवाल ने सभी स्वयं सेवकों को धन्यवाद दिया।












**पीएम के जन्म दिवस पर स्वच्छता अभियान**

नवज्योति/ जोधपुर।

व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत् राष्ट्रीय स्वयं सेवकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो.जेताराम विश्नोई ने संबोधन में स्वयं सेवकों को स्वच्छता की महत्ता को बताया। उन्होंने अपने गली, मोहल्लों, शहर, गाँव, विद्यालयों, कॉलेज, विश्वविद्यालयों, सार्वजनिक स्थानों इत्यादि को स्वच्छ रखने हेतु जागरूकता लाने हेतु आह्वान किया।



**एनएसएस कैडेट्स ने ली स्वच्छता की शपथ**

जोधपुर. जेएनवीयू के विज्ञान संकाय में सोमवार को एनएसएस स्वयं सेवकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई।

प्रो. जेताराम विश्नोई ने गली, मोहल्ले, घर, शिक्षण संस्थान और सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने के लिए जागरूकता लाने के लिए स्वय सेवकों का आह्वान किया। डॉ. केआर पटेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाए गए स्वच्छता अभियान ऐप मोबाइल में डाउनलोड करने और स्वय की ओर से किए गए स्वच्छता कार्यों को अपलोड करने की बात कही। डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. शरद किस्सा, डॉ. उत्तम पालीवाल, डॉ. रामप्रकाश सारण व डॉ. प्रियंका पुरोहित ने भी स्वयं सेवकों को सम्बोधित किया।

## <u>प्री.आर.डी. कैम्प हेतु स्वयं सेवकों का चयन</u>

**<u>20.09.2018</u>**

विज्ञान संकाय में दिनांक 20.09.2018 को एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया जिसके तहत् प्री.आर.डी. कैम्प (गणतंत्र दिवस हेतु आगामी कैम्प) में भाग लेने हेतु स्वयं सेवकों का चयन किया गया। स्वयं सेवकों के चयन हेतु क्षेत्रीय निदेशालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, जयपुर से आए अधिकारी श्री देशराज ने सर्वप्रथम स्वंय सेवकों को संबोधन कर उन्हें गणतंत्र दिवस परेड की महत्ता को बताया तत्पश्चात् परेड में चयन हेतु उचित मापदण्ड पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई द्वारा विश्वविद्यालय से पूर्व में चयनिय स्वयं सेवकों की जानकारी देकर छात्र–छात्रओं का मनोबल बढ़ाया गया। डॉ. के. आर. पटेल व डॉ. उत्तम पालीवाल द्वारा करीब 200 स्वयं सेवकों का ट्रायल लिया गया। चयनित स्वयं सेवक विश्व भारती पी.जी. महाविद्यालय, सीकर में आयोजित प्री. आर. डी. शिविर में भाग लेंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया।

## प्री गणतंत्र दिवस परेड के लिए स्वयं सेवकों का चयन

**जोधपुर @ पत्रिका** . जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में गुरुवार को विवि के विभिन्न संकायों, कमला नेहरू महाविद्यालय, आदर्श महाविद्यालय, राजकीय महाविद्यालय बालोतरा, राजकीय महाविद्यालय बिलाडा व जोधपुर संभाग के विभिन्न कॉलेजों के स्वयं सेवकों का प्री गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के युवा सहायक अधिकारी देशराज द्वारा विज्ञान संकाय में 200 स्वयं सेवकों का ट्रायल लिया गया। इसके तहत चयनित स्वयं सेवक वर्ष 2018 के प्री आरडी केम्प में 10 दिन भाग लेंगे। प्री आरडी केम्प में चयनित स्वयं सेवक 26 जनवरी को राष्ट्रीय परेड में भाग लेंगे।

## गणतंत्र दिवस परेड के लिए हुआ स्वयंसेवकों का चयन

**नवज्योति/जोधपुर।**

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय में गुरुवार को गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयन शिविर का आयोजन किया गया। एनएसएस के समन्वयक प्रोण् जेत्ताराम विश्नोई ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारत सरकार के कार्मिक देश राज रहें। विश्नोई ने बताया कि गणतंत्र दिवस को दिल्ली के राजपथ पर होने वाली परेड में एनएसएस की टुकड़ी भी भाग लेती है। इसके उतरी क्षेत्र पूर्व शिविर हेतु जोधपुर संभाग स्तर पर एनएसएस स्वयंसेवको का चयन किया गया। शिविर में स्वयंसेवकों की शारीरिक दक्षता, परेड और सांस्कृतिक नृत्य और कलाओं के आधार पर दस उत्कृष्ठ स्वयंसेवकों का चयन किया गया। इनका परिणाम अगले माह घोषित किया जाएगा। चयनित स्वयंसेवकों का सीकर के विश्व भारती पीजी कॉलेज में 12 से 21 अक्टूम्बर तक 10 दिवसीय शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर से चयनित उत्कृष्ठ स्वयंसेवकों को 26 जनवरी को दिल्ली के राजपथ पर परेड करने का मौका मिलेगा। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. केआर पटेलए डॉ. बीआर जयपाल, डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. आरपी सारण, डॉ. शरद बिस्सा, डॉ. उत्तम पालीवाल, डॉ. अशोक पटेल व सुखराम जाणी आदि उपस्थित रहे।

## <u>एन.एस.एस. द्वारा नया परिसर में "स्वच्छता ही सेवा अभियान" चलाया गया</u>

## <u>23.09.2018</u>

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में 23 सितम्बर को राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाईयों द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल ने बताया कि शिविर के प्रथम सत्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर चलाए जा रहे ''स्वच्छता ही सेवा अभियान'' के तहत् स्वयं सेवकों द्वारा विज्ञान संकाय में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके तहत् कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. आर. पी. सारण, डॉ. उत्तम पालीवाल, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. प्रियंका पुरोहित के नेतृत्व में विभिन्न दल बनाकर अधिष्ठाता कार्यालय, व्याख्यान कक्ष, कालांष रूम, गार्डन, लैक्चर थियेटर, भौतिक विभाग, रसायन विभाग व यूसिक कार्यालय के आस–पास पड़े कचरे को इकट्ठा कर जलाकर सफाई की गई तथा मुख्य द्वार के आस–पास कंटीली झाडीया, कंकड–पत्थर आदि को हटा कर साफ–सफाई की गई। मोहन लाल चौधरी, सुरेश जाणी, हनुमान डुकीया, सुमेरमल, विकास विश्नोई, रमेश पुनीया, रमेश बेरड इत्यादि स्वयं सेवकों के नेतृत्व में विभिन्न दलों का गठन कर सफाई का अलग–अलग काम सौंपकर परिसर की सफाई की गई।









## एनएसएस द्वारा न्यू कैंपस में चलाया स्वच्छता अभियान

नवज्योति/जोधपुर। जयनारायण व्यास विश्व विद्यालय के विज्ञान संकाय में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाइयों द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डा. के आर पटेल ने बताया कि शिविर में एनएसएस के स्वयं सेवकों द्वारा विज्ञान संकाय में चलाये गये स्वच्छता अभियान में कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण गहलोत, डा आर पी सारण, डा उत्तम पालीवाल, डा अशोक पटेल, डा प्रियंका पुरोहित के नेतृत्व में दल बनाकर अधिष्ठाता कार्यालय, व्याख्यान कक्ष, कालांश रूम , गार्डन, आदि स्थानों सफाई की गई। शिविर के द्वितीय सत्र में प्राणीशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डा आरपी सारण ने मानव शरीर में बनने वाले रक्त की प्रक्रिया के बारे में विचार व्यक्त किये। डा गहलोत ने रक्तदान के महत्व कोबताया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर एक दिवसीय शिविर

**24.09.2018**

विज्ञान संकाय में दिनांक 24.09.2018 को एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन कर राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस को उत्साह पूर्वक मनाया गया। शिविर को संबोधन करते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल ने राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास, उद्देश्य, कार्यप्रणाली व उपलब्धियों का रेखांकन किया। डॉ. रामप्रकाश सारण ने राष्ट्रीय सेवा योजना के मुख्य कार्य रक्तदान हेतु समाज में जनचेतना विषय पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने शरीर में बनने वाले रक्त की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. उत्तम पालीवाल व डॉ. अशोक पटेल द्वारा निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयं सेवकों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के अन्त में विभिन्न विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण गहलोत व डॉ. प्रियंका पुरोहित ने किया।













**राजस्थान पत्रिका** . जोधपुर, सोमवार, 24 सितम्बर, 2018

**विज्ञान संकाय में स्वच्छता अभियान**

**जोधपुर** ◆ जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाइयों की ओर से एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. केआर पटेल ने बताया कि प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. आरपी सारण, डॉ. उत्तम पालीवाल, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. प्रियंका पुरोहित के नेतृत्व में तहत विज्ञान संकाय में सफाई की। द्वितीय सत्र में प्राणीशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. आरपी सारण ने मानव शरीर में रक्त बनने की प्रक्रिया की जानकारी दी।

**<u>पंडित दीनदयाल जयंती पर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन</u>**

**<u>कुल 101 यूनिट हुआ रक्तदान</u>**

**<u>कार्यक्रम अधिकारियों सहित 20 छात्राओं ने भी किया रक्तदान</u>**

**<u>25.09.2018</u>**

दिनांक 25.09.2018 को विश्व स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाईयों का संयुक्त एक दिवसीय विशेष रक्तदान शिविर विज्ञान संकाय

के यूसिक केन्द्र पर आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने बताया कि अम्बिका अस्पताल रक्तकोष एवं शोध केन्द्र द्वारा रक्त संग्रहण किया गया।

समारोह की अध्यक्षता कर रहे पूर्व एन.एस.एस. समन्वयक प्रो. चेनाराम चौधरी ने स्वयं सेवकों को रक्तदान हेतु प्रोत्साहित करते हुए अपने उद्बोधन में रक्तदान को मानव समाज की सबसे बड़ी सेवा बताते हुए कहा कि एन.एस.एस. का एक स्वयं सेवक जो उच्च आदर्श, सेवाभाव के साथ सेवा करने को तत्पर रहता है, रक्तदान कर कितने ही जरूरतमंद इंसानों की जिंदगी बचा सकता है और आज तक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में एन.एस.एस. के स्वयं सेवकों न बढ़–चढ़ कर रक्तदान किया हैं। विश्वविद्यालय एन.एस.एस. समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने स्वयंसेवकों में रक्तदान के प्रति समाज में फैली भ्रांतियों को दूर करते हुए बताया कि रक्तदान से किसी भी तरह का नुकसान या शारीरिक व्याधि पैदा नहीं होती बल्कि इसके फायदे ही फायदे हैं। इसी तरह प्रो. आर. जे. सेंगवा ने रक्तदान से संबंधित विविध जानकरी देते हुए बताया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका स्वस्थ युवक जिसने पिछले तीन माह में रक्तदान नहीं किया एवं जिसका वजन 48 किलो से अधिक है रक्तदान कर सकता है तथा एक यूनिट रक्त से विभिन्न तरह की बिमारियों एवं दुर्घटनाओं से पीडितों की जान बचा कर मानव सेवा की जा सकती हैं। प्रो. पवन कसेरा ने भी अपने उद्बोधन में रक्तदान करने की अपील की।


एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. ओमप्रकाश राजपुरोहित, डॉ. उत्तम पालीवाल, डॉ. प्रवीण चंद्र, डॉ. संतोष मेहर, डॉ. रामलाल सैनी, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. प्रियंका पुरोहित ने रक्तदान कर स्वंय सेवकों को प्रोत्साहित व जागरूक किया। जिसके फलस्वरूप राष्ट्रीय सेवा योजना के 101 स्वयं सेवकों द्वारा रक्तदान किया गया जिनमें 20 छात्राओं ने भी रक्तदान किया।

कार्यक्रम अधिकारी प्रो. बीना भाटीया, डॉ. पंकज नामा, डॉ. बी. आर. जयपाल, डॉ. शरद बिस्सा, डॉ. फताराम के नेतृत्व में स्वयं सेवक सुरेश जाणी, मोहनलाल, ताराचन्द, सुमेरमल, सुखाराम जाणी, मदन, भरत पटेल व विकास विश्नोई ने व्यवस्था बनाने में सहयोग दिया। इस अवसर पर अम्बिका ब्लड बैंक से डॉ. राकेश गहलोत एवं डॉ. योगेश दवे की टीम ने ब्लड ग्रुप की जाँच कर कैम्प को सफल बनाया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत व डॉ. रामप्रकाश ने किया। कार्यक्रम के अन्त में डॉ. के. आर. पटेल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।









महा... कई शिक्षक व छात्राएं मौजूद थी। ये कक्षाएं प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक लगेगी।

**रक्तदान आज**

जोधपुर. पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर मंगलवार को जयनारायण व्यास विवि के नया परिसर स्थित यूसिक भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रो. जैताराम विश्नोई ने बताया कि शिविर में एनएसएस के स्वयंसेवक रक्तदान करेंगे।

## गाँधी जयंती पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों की नेत्र निःशुल्क जाँच व रक्तदान शिविर

**02.10.2018**

जोधपुर, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एक दिवसीय शिविर के तहत् विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 150 वी जयंती पर अपने उद्‌बोधन में राष्ट्रपिता के आदर्शो पर प्रकाश डाला तथा स्वयं सेवकों से उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गाँधी जयंती पर शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान के बारे में विस्तार से बताया तथा स्वच्छता के बारे में जागरूक किया। डॉ. प्रवीण गहलोत ने स्लाईडों के माध्यम से घरेलु कचरा निस्तारण पर अपना प्रेजेन्टेशन दिया। उन्होंने स्वयं सेवकों को स्वच्छतादूत बनकर कार्य करने की अपील की। इस अवसर पर ए.एस.जी. नेत्र चिकित्सालय द्वारा 150 स्वयं सेवकों की निःशुल्क नेत्र जाँच की गई। नेत्र जाँच शिविर का संचालन डॉ. आर. पी. सारण, डॉ. शरद बिस्सा व डॉ. एस. के. बरवड द्वारा किया गया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया

गया, जिसका संचालय डॉ. उत्तम पालीवाल द्वारा किया गया। डॉ. पालीवाल ने रक्तदान करने के लिए स्वयं सेवकों को प्रोत्साहित किया।















## एनएसएस का रक्तदान शिविर आज

नवज्योति/ जोधपुर। व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा रक्तदान कर महात्मा गांधी की 150 वीं जयन्ती मनाई जाएगी। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम बिश्नोई ने बताया कि 2 अक्टूबर को पुराना परिसर के विधि संकाय मे सुबह 9 बजे से उम्मेद अस्पताल के ब्लड़ बैंक की टीम द्वारा रक्तदान किया जायेगा। विधि संकाय में विश्वविद्यालय की सभी इकाइयों द्वारा रक्तदान किया जायेगा। विज्ञान संकाय में नेत्र जांच शिविर तथा कमला नेहरू महाविद्यालय एवं कला संकाय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गांधी जयन्ती पर स्वच्छता अभियान चला कर महाविद्यालय तथा कला संकाय मे सफाई की जायेगी। राज्य सरकार के आदेशानुसार कई सम्बद्ध महाविद्यालय भी विधि संकाय पुराना परिसर मे रक्तदान करेंगे।



**एनएसएस व रक्तदान शिविर** : जेएनवीयू में राष्ट्रीय सेवा योजना समंवयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर अपने उद्बोधन में राष्ट्रपिता के आदर्शों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. केआर पटेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए स्वच्छ भारत अभियान के बारे में बताया। डॉ. प्रवीण गहलोत ने घरेलू कचरा निस्तारण पर अपना प्रजेंटेशन दिया। एएसजी नेत्र चिकित्सालय द्वारा 150 स्वयं सेवकों की नेत्र जांच की गई। संचालन डॉ. आरपी सारण, डॉ. शरद बिस्सा और डॉ. एसके बरवड़ द्वारा किया गया। साथ ही रक्तदान शिविर लगाया।

## मृदा एवं जल संरक्षण में वनों की भूमिका विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम
## 11.10.2018 से 13.10.2018

शुष्क वन शोध अनुसंधान, (आफरी) जोधपुर द्वारा 3 दिवसीय मृदा एवं जल संरक्षण शिविर में वनों की भूमिका विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के तीन स्वयं सेवक रमेश, संदीप गोयल व ओमपूरी ने भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत ने बताया की तीनों स्वयं सेवकों द्वारा तीन दिवसीय शिविर के विभिन्न सत्रो में मृदा संरक्षण, जल संरक्षण, वन संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण का ज्ञानोत्पार्जन किया। ज्ञात्वय है कि मृदा एवं जल संरक्षण की कार्यशाला में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों को प्रशिक्षण दिया गया जिनमें विज्ञान संकाय के तीन स्वयं सेवकों ने भाग लिया।

## हिमाचल प्रदेश में पर्वतारोहण संबंधी गतिविधियां
## 10.10.2018 से 22.10.2018

विश्वविद्यालय के 11 सदस्य दल ने 10.10.2018 से 22.10.2018 तक हिमाचल प्रदेश के मैक्लोडगंज स्थित रीजनल माउंटेनिंग सेंटर में दस दिवसीय साहसिक शिविर में भाग लिया। शिविर में पर्वतारोहण से संबंधित गतिविधियां जैसे रॉक क्लाइंबिंग, रैपलिंग, ट्रेवर्स रिवर क्रॉसिंग, ट्रेकिंग, सर्वायीवल जंगल क्राफ्ट, कैम्पिग, नाइट मार्च एवं लीडरशीप क्वालिटी, लेशन, डेमोंस्ट्रेशन एवं प्रैक्टिस के माध्यम से सिखाई गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल क नेतृत्व में स्वयं सेवक मोहनलाल, सुरेश जाणी, सुमेरमल, ताराचन्द, विकास विश्नोई, किरण, कोमल, कौशल्या, सरिता एवं प्रियंका ने भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत ने सभी स्वयं सेवकों को पर्वतारोहण के समय ध्यान में रखी जाने वाली सावधानीयो से अवगत करवाया। ज्ञात्वय है की कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत मनाली में दस दिवसीय पर्वतारोहण का शिविर में भाग ले चूके हैं।

## जेएनवीयू के एनएसएस दल ने हिमाचल में की पर्वतारोहण संबंधी गतिविधियां



**जोधपुर**| जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना का ग्यारह सदस्यीय दल हिमाचल प्रदेश के मैक्लोडगंज स्थित रीजनल माउटेंनरिंग सेंटर से दस दिवसीय साहसिक शिविर में भाग लेकर लौटा। आरएमसी की निर्देशिका अनुजा अवस्थी ने बताया कि शिविर में कुल पांच राज्यों के 60 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शिविर में पर्वतारोहण से संबंधित गतिविधियां जैसे रॉक क्लाइंबिंग, रैपलिंग, ट्रेवर्स रिवर क्रॉसिंग, ट्रैकिंग, सर्वाइवल, जंगल क्राफ्ट, कैंपिग, नाइट मार्च एवं लीडरशिप क्वालिटी, लेशन, डेमोंस्ट्रेशन एवं प्रैक्टिस के माध्यम से सिखाई गई। डॉ. अशोक पटेल की अगुवाई में गए दल में स्वयंसेवक मोहनलाल, सुरेश जांणी, सुमेरमल, ताराचंद, विकास विश्नोई, किरण, कोमल कौशल्या, सरिता व प्रियंका ने भाग लिया।

## एनएसएस के दल प्री आरडी शिविर में भाग लेने के लिए रवाना

**जोधपुर.** जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के दो अलग-अलग दल साहसिक शिविर और प्री आरडी शिविर मे भाग लेने के लिए रवाना हुए। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जैताराम बिश्नोई ने बताया कि 12 अक्टूबर से 21 अक्टूबर तक हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला मे अटल बिहारी वाजपेयी माउटेन्ड इंस्टीट्यूट में आयोजित होने जा रहे सहासिक शिविर मे डॉ. अशोक पटेल के नेतृत्व में पांच छात्र एवं पांच छात्राएं व्यास विश्वविद्यालय से भाग लेने के लिए रवाना हुए। विश्व भारती पीजी महाविद्यालय सीकर में होने वाले शिविर में भी राष्ट्रीय सेवा योजना के तीन स्वयं सेवक गुरूवार शाम को रवाना होंगे।

## जेएनवीयू एनएसएस के दो दल हिमाचल शिविर में भाग लेने हुए रवाना

**नवज्योति/जोधपुर।**

जेएनवीयू एनएसएस के दो अलग-अलग दल 12 से 21 अक्टूबर तक हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में आयोजित होने वाले साहसिक शिविर एवं प्रीआरडी. शिविर मे भाग लेने के लिए रवाना हुए। समन्वयक प्रो. जेताराम बिश्नोई ने बताया, कि अटल बिहारी बाजपेयी माउटेंड इन्सटीटयुट मे आयोजित होने जा रहे शिविर मे डॉ. अशोक पटेल के नेतृत्व में पांच-पांच छात्र एवं छात्राएं व्यास विश्वविद्यालय से भाग लेने के लिए बुधवार को रवाना हुए।

## <u>वोट डालो–लोकतंत्र पर्व मनाओ</u>
## <u>विषय पर नुक्कड़ नाटक का मंचन</u>
**<u>18.11.2019</u>**

विज्ञान संकाय की राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न इकाईयों द्वारा आगामी राजस्थान विद्यानसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए वोट डालो–लोकतंत्र पर्व मनाओं की थीम पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक का मंचन जोधपुर शहर के विभिन्न चौराहों पर किया गया। स्वयं सेवकों ने नाटक मंचन में जन–मानव से अपील कर वोट डालने व देश के लोकतंत्र को मजबूत करने की बात कही। नुक्कड़ नाटक का

संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. रामप्रकाश, डॉ. प्रवीण गहलोत व डॉ. शरद बिस्सा के नेतृत्व में किया गया।
















# <u>सात दिवसीय विशेष शिविर</u>
# <u>21.12.2018 से 27.12.2018</u>

विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर की शुरूआत आज दिनांक 21.12.2018 को विधिवत की गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल ने अपने उद्बोधन में सात दिवसीय शिविर में की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। इन्होंने बताया कि विशेष शिविर का उद्देश्य स्वयं सेवकों में समाज व राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना की सीख देना हैं। एन.एस.एस. समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई द्वारा सात दिनों में किए जाने वाले कार्यक्रम को रेखांकित किया।

**प्रथम दिन** के प्रथम सत्र में स्वयं सेवकों को योग करवाया गया, तत्पश्चात् द्वितीय सत्र में विज्ञान संकाय में सफाई करवाई गई। तृतीय बौद्धिक सत्र में डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. बी. आर. जयपाल, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. रामप्रकाश सारण ने स्वयं सेवकों को संबोधन दिया। प्रथम दिन समापन पश्चात् स्वयं सेवकों को पौष्टिक आहार खिलाया गया।

शिविर के **दूसरे दिन** योगा सत्र व स्वच्छता सत्रों का आयोजन किया गया तत्पश्चात् बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. बिहारी लाल दर्जी (राज्य कर अधिकारी) द्वारा स्वयं सेवकों को जी.एस.टी. की जानकारी प्रदान की गई।

विशेष शिविर के **तीसरे दिन** सम्पूर्णानंद मेडिकल कॉलेज जोधपुर के सेवानिवृत प्रो. राजेन्द्र तातेड़ द्वारा स्वयं सेवकों को कार्डियक पल्मोनरी रिसशिटेशन की जानकारी का लाईव डेमो दिया गया। उन्होंने अपने पी.पी.टी. प्रेजेन्टेशन व मानव डमी के माध्यम से करीब 200 स्वयं सेवकों को प्रशिक्षित किया। उन्होंने बताया कि पानी में डूबे व्यक्ति, अचानक कार्डियक अरेस्ट, जन्म के समय बच्चे की नहीं रोने व अचानक श्वास में रूकावट आने इत्यादि केस के उदाहरण प्रजेन्टेशन के माध्यम से बताया व मानव डमी पर प्रशिक्षण दिया।

विशेष शिविर के **चौथे दिन** प्रथम सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल के निर्देशन में स्वयं सेवकों द्वारा सरस्वती नगर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर सड़कों के किनारे पर उगी झाड़िया, पॉलीथीन व कचरा साफ किया गया। तत्पश्चात् घर–घर जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। तत्पश्चात् बौद्धिक सत्र में जोधपुर के परिवहन अधिकारी श्री अर्जुन सिंह राठौड़ ने स्वयं सेवकों को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों की जानकारी दी। पुलिस अधिकारी श्री ओमप्रकाश चौधरी ने नागरिक शिष्टाचार व सुरक्षा व्यवहार पर अपना उद्बोधन दिया।

विशेष शिविर के **पाँचवे दिन** डॉ. रचना नेगी (R. Ac. S.) द्वारा स्वयं सेवकों को वित्तिय प्रबन्ध की जानकारी दी गई। डॉ. रचना ने बजट के मूल प्रारूप, आवश्यकता व सरकार द्वारा करो को संग्रह करने वाली योजनाओं से अवगत करवाया। श्री नरेन्द्र चौधरी (RPS) द्वारा अपने उद्बोधन में नागरिकों के कर्त्तव्य व अधिकारों पर चर्चा की व स्वयं सेवकों से अच्छे नागरिक बनने व राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने का आहवान किया।

विशेष शिविर के **छठे दिन** डॉ. अनुराग चौधरी के निर्देशन में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। डॉ. प्रियंका पुरोहित ने भाषण प्रतियोगिता, डॉ. उत्तम पालीवाल ने निबंध प्रतियोगिता, डॉ. प्रवीण गहलोत ने बेटी–बचाओं, बेटी–पढ़ाओं व विज्ञान व तकनीकी विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया।

शिविर के **अंतिम दिन** प्रो. किशोरी लाल रैगर द्वारा स्वच्छ शरीर व योगा पर अपना व्याख्यान दिया। सम्पूर्ण सात दिवसीय कार्यक्रम में प्रति दिन स्वयं सेवकों से योगा व श्रमदान भी करवाया गया। सातो दिन स्वयं सेवकों को पौष्टिक आहार भी करवाया गया।

कार्यक्रम के समापन समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. गुलाब सिंह चौहान मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रो. चेनाराम चौधरी थे जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. जेताराम विश्नोई ने की। सम्पूर्ण सात दिवसीय कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारियों द्वारा किया गया।
























## एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

नवज्योति/जोधपुर। जेएनवीयू विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय चरण का शनिवार को समापन हुआ। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. केआर पटेल ने सात दिवसीय शिविर में हुई गतिविधियों की जानकारी दी। शिविर में डॉ. बिहारी लाल दरजी, राज्य कर अधिकारी ने विभिन्न प्रकार के कर, सेवा व वस्तु कर की जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. भवरूराम जयपाल, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. रामप्रकाश सारण ने स्वयं सेवकों को राष्ट्र निर्माण के विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिया।



## यातायात नियमों व नागरिक कर्त्तव्यों की जानकारी दी

*एनएसएस का विशेष शिविर आयोजित*

नवज्योति/जोधपुर

व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन के प्रथम सत्र में योग व व्यायाम करवाया गया। योग व व्यायाम सत्र का संचालन डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया। द्वितीय सत्र में स्वच्छ भारत अभियान के तहत् सरस्वती नगर में स्वछता अभियान चलाकर सड़कों के किनारों पर उगी झाड़िया, पॉलीथीन व कचरा साफ किया गया एवं घर-घर जाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

स्वच्छता अभियान का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ.के.आर. पटेल, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. आर.पी.सारण, डॉ. उत्तम पालीवाल व डॉ. बी.आर. जयपाल ने किया। तीसरे व चौथे बौद्धिक सत्र में परिवहन अधिकारी अर्जुन सिंह राठौड़ व पुलिस अधिकारी श्री ओमप्रकाश चौधरी ने स्वंयसेवकों का मार्गदर्शन किया।

अर्जुन सिंह ने यातायात नियमों के बारे में अवगत करवाया व स्वयं सेवकों से यातायात नियमों के पालना की शपथ दिलवाई। वहीं ओमप्रकाश चौधरी ने नागरिक शिष्टाचार व सुसभ्य व्यवहार अपनाने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत डॉ. प्रियंका पुरोहित ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

<u>**राष्ट्रीय एकता शिविर**</u>

<u>**08.12.2018 से 14.12.2018**</u>

विज्ञान संकाय के स्वयं सेवक सुरेश जाणी व विकास विश्नोई ने राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत ने बताया कि राष्ट्रीय एकता शिविर के सात दिवसीय कार्यक्रम में सुरेश जाणी व विकास विश्नोई ने विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए सांस्कृतिक, खेलकूद, राजनीतिक संवैधानिक सत्र में अपनी बात रखी। शिविर समाप्ति पर दोनों स्वयं सेवकों को एकता शिविर प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया।












भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
Ministry of Youth Affairs & Sports
प्रमाण–पत्र
CERTIFICATE

प्रमाणित किया जाता है कि/ Certified that श्री/ सुश्री/ Sh. / Ms. Suresh Kumar
सुपुत्र/सुपुत्री/ Son / Daughter of श्री/ Sh. Mohan lal
राष्ट्रीय सेवा योजना, स्वयंसेवक/ N.S.S., Volunteer of JNVU, Jodhpur राज्य/ State Rajasthan
ने दिनांक 8 दिसम्बर से 14 दिसम्बर 2018 तक राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर (राजस्थान) में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविर में सहभागिता की/ participated in National Integration Camp held at University of Rajasthan, Jaipur (Rajasthan) from 8th December to 14th December, 2018.

प्रो. आर. के. कोठारी
कुलपति
राजस्थान विश्वविद्यालय
जयपुर (राजस्थान)

डॉ. आर. एन. शर्मा
समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना
राजस्थान विश्वविद्यालय
जयपुर (राजस्थान)

श्री गिरधर उपाध्याय
क्षेत्रीय निदेशक, भारत सरकार
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय
क्षेत्रीय निदेशालय, जयपुर

<u>**राष्ट्रीय यूथ पार्लियामेन्ट**</u>

<u>**28.01.2019**</u>

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा दिनांक 28.01.2019 को राष्ट्रीय यूथ पार्लियामेन्ट का आयोजन किया गया जिनमें विज्ञान संकाय के विभिन्न इकाईयों के स्वयं सेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण गहलोत ने बताया की विज्ञान संकाय से यूथ पार्लियामेन्ट में भाग लेने वाले स्वयं सेवक सुरेश कुमार, मोहनलाल, विकास विश्नोई, श्रवण कुमार, सुमेरमल, मनोहर सिंह, नेमीचन्द, राकेश, शंकरराम, सुरेन्द्र कुमार, रमेश, संदीप गोयल, दिनेश कुमार, त्रिलोक कुमार, सताराम, ओमपूरी, श्यामलाल व ताराचन्द देवड़ा थे। यूथ पार्लियामेन्ट में विज्ञान संकाय के स्वयं सेवक राकेश सारण को यूथ पार्लियामेन्ट में अवार्ड दिया गया। राकेश सारण ने पार्लियामेन्ट में देश की एकता व अखंडता पर अपना उद्‌बोधन दिया था। यूथ पार्लियामेन्ट का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल, डॉ. प्रवीण गहलोत व डॉ. निधि संदल ने किया।









# वार्षिक पारितोषिक वितरण कार्यक्रम

**09.02.2019**

विज्ञान संकाय के राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न इकाईयों का वार्षिक पारितोषिक वितरण कार्यक्रम  दिनांक 09.02.2019 को सेमीनार हॉल, विज्ञान संकाय में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जोधपुर शहर विद्यायिका श्रीमति मनीषा पंवार थी। जबकि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री राजेन्द्र सोलंकी थे। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल द्वारा वार्षिक गतिविधिया रिपोर्ट का वाचन किया। वर्षभर में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रमाण–पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण गहलोत व प्रियंका पुरोहित द्वारा किया गया।










# एनएसएस के वार्षिक समारोह में प्रमाण पत्र व पुरस्कार वितरित

**जोधपुर |** जेएनवीयू के विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना का वार्षिक कार्यक्रम, प्रमाण पत्र और पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत 120 स्टूडेंट्स को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर विधायक मनीषा पंवार, राजेंद्र सोलंकी, प्रो. गंगाराम जाखड़, प्रो. अय्यूब खान, डा. लालसिंह राजपुरोहित, प्रो. करताराम पटेल आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण मंत्री सुखराम विश्नोई ने विवि में वन्यजीव संरक्षण के उद्देश्य के लिए आयोजित फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना

विज्ञान संकाय

# जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर

---

## वार्षिक प्रगति रिपोर्ट

**1.04.2019–31.03.2020**

| क्र. सं. | दिनांक | कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | 31.05.2019 | विश्व तम्बाकू निषेध–दिवस पर कार्यक्रम |
| 2. | 05.06.2019 | विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण रैली |
| 3. | 21.06.2019 | अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम |
| 4. | 22.06.2019 | स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप कार्यक्रम |
| 5. | 07.07.2019 | रन फार वन कार्यक्रम |
| 6. | 08.08.2019 | भारत छौड़ो आन्दोलन पर प्रतियोगिता का आयोजन |
| 7. | 09.08.2019 | स्कूल बचाओं अभियान प्रशिक्षण शिविर |
| 8. | 03.09.2019 | फिट इंडिया कार्यक्रम |
| 9. | 23.09.2019 | एन.एस.एस. का आमुखीकरण कार्यक्रम |
| 10. | 24.09.2019 | एन.एस.एस. दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन |
| 11. | 25.09.2019 | प्री.आर.डी. कैम्प हेतु चयन प्रक्रिया |
| 12. | 02.10.2019 | गाँधी जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन |
| 13. | 31.10.2019 | राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ ग्रहण समारोह |
| 14. | 08.11.2019 | माननीय राज्यपाल का नांदडा कलां गाँव का दौरा : राष्ट्रीय स्वयं सेवकों की सक्रीय भूमिका |
| 15. | 10.11.2019 | एक भारत श्रेष्ठ भारत पर कार्यक्रम आयोजन |
| 16. | 15.11.2019 से 24.11.2019 | पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर |
| 17. | 20.12.2019 | सात दिवसीय विशेष शिविर |
| 18. | 12.01.2020 | युवा महोत्सव लखनऊ (12.01.2020 |
| 19. | 18.01.2020 | स्वयं सेवकों से साइकिल चलाने का आहवान (Fit India Movement) |
| 20. | 04.02.2020 | विश्व कैंसर दिवस पर कार्यक्रम |
| 21. | 22.03.2020 से 31.03.2020 | लॉकडाउन में स्वयं सेवकों द्वारा उत्कृष्ठ कार्य |

# विश्व तम्बाकू निषेध–दिवस पर कार्यक्रम

**31.05.2019**

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से शुक्रवार को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विज्ञान संकाय के देराश्री छात्रावास के हॉल में किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के अधिकारी डॉ. अनुराग चौधरी ने स्वयं सेवकों व विद्यार्थियों को संबोधन करते हुए तम्बाकू से होने वाली बिमारियों की जानकारी दी। कार्यक्रम समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने गुटखा, पान, बीड़ी तथा सिगरेट आदि के सेवन करने व उससे होने वाले मुंह व गले के कैंसर होने की संभावना व जानकारी के बारे में विस्तृत से बताया। कार्यक्रम अधिकारी ने समाज को नशा मुक्ति हेतु प्रेरित करने का आहवान किया।







राजस्थान पत्रिका patrika.com जोधपुर, शनिवार, 01 जून 2019

Weekend पत्रिका सि

एम्स में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर हुआ कार्यक्रम

## 'तम्बाकू छोड़ें, घर जोड़ें' की थीम पर किया लोगों को जागरू

जोधपुर @ पत्रिका. तम्बाकू छोड़ें, घर जोड़ें की थीम पर अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में मनोचिकित्सा विभाग की ओर से शुक्रवार को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर जनजागरूकता शिविर का आयोजन हुआ. [illegible]

एम्स में तम्बाकू को लेकर आयोजित जागरूकता प्रदर्शनी

### एनएसएस ने मनाया तंबाकू निषेध दिवस

[illegible]

## विधिक जागरुकता शिविर

patrika

# <u>विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण रैली</u>
## <u>05.06.2019</u>

गुरू जंभेश्वर पर्यावरण शोधपीठ, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय द्वारा पर्यावरण दिवस पर आयोजित पर्यावरण संरक्षण चेतना रैली में विश्वविद्यालय की सभी इकाईयों के स्वयं सेवकों ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर समाज को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण चेतना रैली में समाज की भागीदारी हेतु विभिन्न एनजीओ, सामाजिक संगठनों, महिलाओं इत्यादि को रैली में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया था। रैली जोधपुर शहर के मुख्य मार्गो से होती हुई विश्वविद्यालय के अभियांत्रिक संकाय में खत्म हुई। रैली में स्वयं सेवकों के साथ एनजीओ व स्काउट के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. रामप्रकाश सारण व डॉ. ओमप्रकाश ने रैली का संचालन किया। रैली हेतु पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संदेश लिख तख्तियां बनाने में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल ने सहयोग प्रदान किया।

















राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)
विश्व
पर्यावरण दिवस
(5th June)


पर्यावरण चेतना रैली जोधपुर
विश्व
पर्यावरण दिवस
(5th June)


राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)
विश्व
पर्यावरण दिवस
(5th June)
कपड़े की थैली रखो
पोलिथिन मत लो
HATE


राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)
विश्व
पर्यावरण दिवस
(5th June)



6/5/2019

पत्रिका PLUS CITYLIFE

## ये अवेयरनेस एक दिन नहीं, आगे

विश्व पर्यावरण दिवस : रैली निकालकर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प, कई जगह पौध

### चेतना रैली में पर्यावरण बचाने का संदेश

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

जोधपुर • विश्व पर्यावरण दिवस पर सूर्यनगरी में बुधवार को चेतना रैली सहित विभिन्न जगहों पर पौधरोपण, पौध वितरण, कार्यशाला और संगोष्ठियों का आयोजन किया गया। पर्यावरण संरक्षण को लेकर संकल्प भी किए। विशेषज्ञों ने पर्यावरण की महत्ता बताई।

**महिलाओं का उत्साह**

गुरु जंभेश्वर पर्यावरण शोध पीठ और जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार सुबह पर्यावरण चेतना रैली ओलम्पिक सर्किल से शुरू होकर रेलवे स्टेशन, पुरी तिराहा, घंटाघर, नई सड़क, मोहनपुरा पुलिया, रातानाडा होते हुए एमबीएम इंजीनियरिंग कॉलेज के सभागार पहुंची।

पर्यावरणविद् खमुराम विश्नोई के नेतृत्व में चेतना रैली में जेएनवीयू छात्र, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट कैडेट्स तथा विश्नोई समाज की महिलाएं शामिल हुई।

5/6/19

**पर्यावरण पर अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन**

जोधपुर • विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की गुरु जम्भेश्वर पर्यावरण संरक्षण शोधपीठ की ओर से 'जाम्भोजी - दर्शन द्वारा जनभागीदारी से पर्यावरण संरक्षण एवं प्रबंधन' विषयक आयोजित दो दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन एमबीएम इंजीनियरिंग कॉलेज में हुआ। संगोष्ठी में 9 तकनीकी सत्र और एक सर्वधर्म विषयक सत्र आयोजित किया गया। संगोष्ठी में राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली, मध्यप्रदेश, गुजरात आदि राज्यों के अलावा कोलम्बिया, दुबई एवं मॉरिशस के विद्वानों ने शिरकत की। इसमें करीब आठ सौ शिक्षक, शोधार्थी, पर्यावरणविद् उपस्थित रहे। संगोष्ठी निदेशक प्रो. जैताराम विश्नोई ने बताया कि संगोष्ठी में वर्तमान भूमण्डलीकरण के दौर में पर्यावरण को हो रही क्षति और उसके समाधान को लेकर विभिन्न तकनीकी सत्रों में चर्चा की गई और शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।



विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रसन्नपुरी गोस्वामी को सम्मानित करते हुए

## विश्व पर्यावरण दिवस पर हुए कई कार्यक्रम

जोधपुर/नवज्योति। विश्व पर्यावरण दिवस पर शहर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर की मुख्य सड़क पर पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के जरिये आमजन को पौधारोपण करने की अपील की गई। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का आह्वान किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरु जंभेश्वर पर्यावरण शोध पीठ और जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण जनचेतना रैली आयोजित की गई। पर्यावरणविद खमुराम विश्नोई के नेतृत्व में चेतना रैली ओलम्पिक सर्किल से शुरू होकर रेलवे स्टेशन, पुरी तिराहा, [illegible] नई सड़क, मोहनपुरा पुलिया, रातानाडा होते हुए एमबीएम इंजीनियरिंग कॉलेज के सभागार पहुंची। पर्यावरण रैली में विश्नोई समाज के लोग, पर्यावरण प्रेमी और जेएनवीयू छात्र, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट कैडेट्स तथा विश्नोई समाज की महिलाएं भी शामिल हुई।

## <u>अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम</u>
## <u>21.06.2019</u>

विश्व योग दिवस, दिनांक 21.06.2019 को प्रातः 6:30 राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत के निर्देशन में विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारियों, कर्मचारियों व स्वयं सेवकों द्वारा योगा किया गया। कार्यक्रम को योग शिक्षक अमान सिंह सियोदिया व प्रो. के. एल. रैगर ने योग पर अपना व्याख्यान दिया व **"करो योग भगाओ रोग"** तथा **"करो योग रहो निरोग"** के संदेश को जन–जन तक पहुँचाने के लिए संदेश दिया। इस अवसर पर सिंडीकेट सदस्य प्रो. चेनाराम चौधरी ने भी योगा में भाग लिया व स्वयं सेवकों को संबोधन किया। कार्यक्रम के अन्त में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम ने धन्यवाद ज्ञापित किया।


राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)
अन्तराष्ट्रीय
योग दिवस
विज्ञान संकाय
जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर






अन्तराष्ट्रीय
योग दिवस


अन्तराष्ट्रीय
योग दिवस

# <u>स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप कार्यक्रम</u>

**<u>22.06.2019</u>**

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न इकाईयों द्वारा नेहरू युवा केन्द्र जोधपुर द्वारा एस.एन. मेडिकल कॉलेज, ऑडिटोरियम, जोधपुर में आयोजित कार्यक्रम स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप 2019 में भाग लिया। कार्यक्रम राज्य स्तरीय स्तर था जिसकी थीम युवाओं को स्वच्छ भारत अभियान हेतु आमुखीकरण करना व उनको संवाद स्थापित करना था। कार्यक्रम में भारत सरकार के जल संसाधन मंत्री एवं जोधपुर के सांसद श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने संबोधित किया। कार्यक्रम में करीबन 50 स्वयं सेवक ने कार्यक्रम अधिकारी प्रवीण गहलोत के निर्देशन में समर इंटर्नशिप में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम में अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा सभी स्वयं सेवकों रजिस्ट्रेशन करने व उन्हें किट देने में अपना सहयोग प्रदान किया।















POCO

<u>**रन फार वन कार्यक्रम**</u>
<u>**07.07.2019**</u>

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु आम जन में पेड़–पौधें व वनों के संरक्षण हेतु जागरूकता लाने के लिए आयोजित **"रन फार वन"** दौड़ का आयोजन दिनांक 07.07.2019 को सुबह आयुर्विज्ञान महाविद्यालय से किया जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. उत्तम पालीवाल, डॉ. शिव कुमार बरवड़ ने 30 स्वयं सेवकों के साथ दौड़ में विश्वविद्यालय के बैनर के साथ दौड़ लगाकर कार्यक्रम को सफल बनाया व समाज में वन व वन जीवों को संरक्षण करने हेतु अपना सहयोग दिया।













<u>**भारत छोड़ो आन्दोलन पर प्रतियोगिता का आयोजन**</u>

<u>**08.08.2019**</u>

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग राजस्थान सरकार के आदेशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना विज्ञान संकाय में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत के नेतृत्व में भारत छोड़ो आन्दोलन की 75 वी वर्षगाठ पर दिनांक 08.08.2019 को वाद–विवाद व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वयं सेवकों द्वारा **भारत छोड़ो आन्दोलन** पर अपने निबंध लिखे व भाषण के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी। भाषण प्रतियोगिता में स्वयं सेवक विजेन्द्र पाल सिंघल ने प्रथम स्थान, प्रियंका नागल ने द्वितीय व चनणाराम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि निबंध प्रतियोगिता में प्रग्यासिंह गहलोत प्रथम, मोनिका राठौड़ द्वितीय व कमलेश तृतीय स्थान पर रहें। कार्यक्रम के अन्त में प्रो. पवन कुमार कसेरा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभावी डॉ. उत्तम पालीवाल व डॉ. शिव कुमार बरवड़ ने सहयोग प्रदान किया।











## स्कूल बचाओं अभियान प्रशिक्षण शिविर
## 09.08.2019

सरदार पटेल विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा राजस्थान पुलिस एकेडमी, जयपुर में स्कूल बचाओं अभियान का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के दो स्वयं सेवक रमेश कुमार व ओमपुरी ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण पश्चात् इन स्वयं सेवकों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया जिसके तहत् स्वयं सेवक विभिन्न स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों से स्कूल बचाओं पर अपना संवाद स्थापित करेंगे। स्वयं सेवक रमेश कुमार व ओमपुरी का चयन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत द्वारा किया गया व उन्हें प्रशिक्षण शिविर में भेजने की तैयारियां भी उन्हीं के द्वारा की गई।

## फिट इंडिया कार्यक्रम
## 03.09.2019

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में फिट इंडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा बनाते हुए विश्वविद्यालय कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देशित किया कि भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय **खेल दिवस पर फिट इंडिया कार्यक्रम** की शुरूआत की हैं। जिसका मुख्य उद्देश्य भारत के युवाओं को फिट रहने के लिए प्रतिदिन पैदल चलना, व्यायाम करना व किसी भी खेल को नियमित खेलने की अनुपालना करना है ताकि सभी स्वस्थ रहें। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के 100 से अधिक स्वयं सेवकों ने भाग लिया जिसके तहत् सभी स्वयं सेवकों ने पैदल चलकर विज्ञान संकाय में अन्य छात्र–छात्राओं को स्वस्थ रहने का संदेश दिया। स्वयं सेवकों द्वारा विवेकानंद स्मारक तक पैदल चलकर शपथ ली, जिसके तहत् अब वे प्रतिदिन 10,000 कदम पैदल चलेंगे व इस कार्य के लिए अपने परिवार, पड़ोसियों, मौहल्ले व बस्ती इत्यादि में अन्य लोगों को जागरूक करेंगे। कार्यक्रम के शुरूआत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत ने फिट इंडिया कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में डॉ. अशोक पटेल, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. प्रियंका पुरोहित ने भी संबोधन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया।













5/9/19

# एनएसएस ने दिया फिट इंडिया का संदेश




जोधपुर. जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में फि ट इंडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विवि के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो जेताराम विश्नोई ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को फिट रहने के लिए प्रतिदिन पैदल चलना, व्यायाम करना व किसी भी खेल को नियमित खेलने की अनुपालना करना है ताकि सभी स्वस्थ रहें। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के 100 से अधिक स्वयं सेवकों ने भाग लिया। स्वयंसेवकों ने पैदल चलकर विज्ञान संकाय में अन्य छात्र-छात्राओं को स्वस्थ रहने का संदेश दिया। स्वयं सेवकों द्वारा विवेकानन्द स्मारक पर शपथ ली कि वे प्रतिदिन 10 हजार कदम पैदल चलेंगे और इस कार्य के लिए अपने परिवार, पड़ोसियों, मौहल्ला व बस्ती इत्यादी में अन्य लोगों को जागरूक करेंगे।

**एन.एस.एस. का आमुखीकरण कार्यक्रम**
**23.09.2019**

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में आज राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न इकाईयों का रजिस्ट्रेशन व आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई के निर्देशन में विज्ञान संकाय में एक दिवसीय आमुखीकरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सह–आचार्य प्रवीण गहलोत ने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना, उद्देश्य, कार्यप्रणाली व गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। डॉ. रामप्रकाश सारण ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों को रक्तदान की जानकारी प्रदान की व रक्तदान हेतु प्रेरित किया। डॉ. अशोक कुमार पटेल ने एन.एस.एस. द्वारा समाज सेवा, निस्वार्थ कार्य की भावना, व्यक्तित्व विकास व टीमवर्क के बारे में बताया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में डॉ. शिवकुमार ने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित वर्षभर की गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में एन.एस.एस. के स्वयं सेवक रमेश, महिपाल, कविता चौधरी, मनोहर, हर्ष, मदनलाल ने एन.एस.एस. शिविरों के अपने अनुभव शेयर किए। तृतीय सत्र में स्वयं सेवकों ने विज्ञान संकाय में कंटीली झाड़िया काटी व कक्षा कक्षों की सफाई की। डॉ. प्रवीण गहलोत ने बताया की एन. एस.एस. एक दिवसीय कार्यक्रम में 24 सितम्बर को रक्तदान शिविर का आयोजन होगा, जिसके तहत् 101 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य रखा गया हैं।


















**<u>एन.एस.एस. दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन</u>**

**<u>24.09.2019</u>**

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर राष्ट्रीय सेवा योजना की विज्ञान संकाय इकाई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि सिंडीकेट सदस्य प्रो. चेनाराम चौधरी व सिंडीकेट सदस्या प्रो. संगीता लुंकड द्वारा स्वयं सेवकों को एन.एस.एस. के महत्व व इसकी उपयोगिता के बारे में

अवगत कराया। विशिष्ट अतिथि प्रो. जेताराम विश्नोई ने छात्रों को रक्तदान करने के लिए प्रेरणा दी। इकाई द्वारा हर वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन होता है जिसमें सभी स्वयं सेवक बढ़–चढ़ कर भाग लेते हैं। कार्यक्रम में विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. अशोक पुरोहित, वनस्पतिशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. पवन कसेरा, भौतिकशास्त्र विभाग के प्रो. आर. जे. सेंगवा, रसायनशास्त्र विभाग के प्रो. के. आर. गेनवा, सह–आचार्य डॉ. के. आर. पटेल ने भी छात्रों का हौसला बढ़ाया। शिविर में कुल 60 यूनिट का रक्तदान हुआ, जिसमें छात्रों के साथ–साथ कार्यक्रम अधिकारियों ने भी रक्तदान में भाग लिया। शिविर में विभिन्न व्यवस्था संभालने में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. आर. पी. सारण, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. शिवकुमार बरवड़, डॉ. उत्तम पालीवाल, डॉ. प्रियंका पुराहित, डॉ. बी. आर. जयपाल ने सहयोग दिया। अन्त में डॉ. प्रवीण गहलोत ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। रक्तदान शिविर में रक्त संग्रहण का कार्य अम्बिका ब्लड बैंक की तरफ से किया गया।












## विवि में रक्तदान शिविर आयोजित

जोधपुर/नवज्योति।

व्यास विवि की राष्ट्रीय सेवा योजना की विज्ञान संकाय की सभी इकाइयों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस 24 सितम्बर के उपलक्ष में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि सिंडीकेट सदस्य प्रो.चैनाराम चौधरी व सिंडीकेट सदस्या प्रो.संगीता लुंकड द्वारा स्वयंसेवकों को एन.एस.एस. के महत्व व इसकी [illegible] के बारे में अवगत कराया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विज्ञान संकाय क अधिष्ठाता प्रो.अशोक पुरोहित ने की। प्रो.पुरोहित ने रक्त के घटकों के बारे में विस्तार से बताते हुए रक्तदान की उपयोगिता को बताया। विशिष्ठ अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो.जेताराम विश्नोई ने छात्र-छात्राओं को रक्तदान करने के लिये प्रेरित करते हुए बताया कि जितेजी रक्तदान तथा मरणोपरांत नेत्रदान करना चाहिए तो ही मनुष्य जीवन सफल होगा।

प्रो. बिश्नोई ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा हर वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन होता हैं। जिससे सभी स्वयं सेवक बढचढ कर भाग लेते हैं। कार्यक्रम में वनस्पति शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो.पवन कसेरा, भौतिक शास्त्र के प्रो.आर.जे.सेंगवा, रसायनशास्त्र के प्रो.के.आर.गेनवा, सह-आचार्य डॉ.के.आर.पटेल ने भी छात्र-छात्राओं का रक्तदान पर विचार वक्त किए। शिविर में कुल 60 छात्र-छात्राओं ने रक्तदान किया। जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ-साथ कार्यक्रम अधिकारियों ने भी रक्तदान में भाग लिया। शिविर आयोजन में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. आर.पी. सारण, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. शिवकुमार बरवड, डॉ. उत्तम पालीवाल, डॉ. प्रियंका पुराहित, डॉ. बी.आर. जयपाल ने सहयोग किया।

अन्त में डॉ. प्रवीण गहलोत ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। रक्तदान शिविर में रक्त संग्रहण का कार्य अम्बिका ब्लड बैंक की तरफ से किया गया।

प्रो. बिश्नोई ने बताया कि प्री.आर.डी कैम्प के लिए जोधपुर संभाग के राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय जयपुर के युवा अधिकारी तरूणा राम, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो जेताराम बिश्नोई, एन.सी.सी. के अधिकारी डॉ. ललित झाला, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत एवं डॉ. प्रियंका पुरोहित ने स्वयंसेवकों का चयन किया।

## <u>प्री.आर.डी. कैम्प हेतु चयन प्रक्रिया</u>

**<u>25.09.2019</u>**

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में दिनांक 25.09.2019 में पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर (उत्तर क्षेत्र) 2019 हेतु एक दिवसीय चयन प्रक्रिया शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई, डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. प्रियंका पुरोहित राष्ट्रीय सेवा योजना, राजस्थान सरकार के अधिकारी श्री कटारीयां ने इच्छुक स्वयं सेवकों को शारीरिक, मानसिक व बौधिक प्रशिक्षण कर पूर्व गणतंत्र दिवस परेड हेतु तीन स्वयं सेवकों का चयन किया। चयनीत स्वयं सेवक 15 नवम्बर से 24 नवम्बर के मध्य चितकारा विश्वविद्यालय, राजपूरा पंजाब राज्य में आयोजित शिविर में भाग लेंगे। चयन प्रक्रिया हेतु एक दिवसीय शिविर की व्यवस्था कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल द्वारा की गई।







## गाँधी जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन
## 02.10.2019

जोधपुर 2 अक्टूबर, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में आज विज्ञान संकाय सभागार में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 150 वी जयंती का आयोजन किया गया। आयोजन के संबंध में प्रो. किशोरी लाल रैगर ने बताया कि यह भारत सरकार के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय स्तर का कार्यक्रम है और महात्मा गाँधी की 150 वी जयंती की श्रृंखला में ये पाँचवा कार्यक्रम हैं। प्रारंभ में महात्मा गाँधी की प्रतिमा को पुष्पांजली अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। एन.एस.एस. समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने मंचस्थ अतिथियों का स्वागत करते हुए गाँधी दर्शन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। प्रो. विश्नोई ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि गाँधी जी छूआछूत, जातिवाद जैसी भयंकर बुराईयों का विरोध करते हुए लोगों के मन में मानवतावादी भाव जाग्रत करने का सराहनीय कार्य किया जिसे हमें अपने जीवन में उतारना चाहिए। मुख्य वक्ता प्रो. सोहन लाल मीणा अध्यक्ष, राजनीति विज्ञान निदेशक, सायंकालीन अध्ययन संस्थान ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि आज देश जिस मुकाम पर खड़ा है इसमें राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी का महत्वपूर्ण योगदान हैं। गाँधी जी ने विभिन्न आन्दोलनों का नेतृत्व किया उनके असहयोग आन्दोलन, सत्याग्रह आन्दोलन प्रमुख थे, जो गलामियत के खिलाफ लोगों को खड़ा कर रहे थे। उन्होंने हमेशा अपने सिद्धांतों पर बल दिया। गाँधी जी ने नमक आन्दोलन के माध्यम से लोगों को जोड़ा। पूना पैक्ट के बाद देश में एक नए अध्याय सामाजिक न्याय की बात सामने आई। तत्कालीन तमाम क्रान्तिकारी नेतृत्व ने अन्तविरोध होने के बावजूद राष्ट्रहित में एकजुट होकर देश को आजाद करवाया।

गाँधी जी ने राष्ट्रीय आन्दोलन को जन आन्दोलन का रूप दिया। आज यदि हमें राष्ट्रीय चुनौतियों का सामना करना है तो गाँधी जी के पद्चिन्हों पर चलना होगा। आज इस राष्ट्र को गाँधी जी के दर्शन पर विचार–विमर्श करने की जरूरत हैं। असहिष्णुता, प्रेम, अहिंसा, सद्भाव, भाईचारा जैसे भाव आज इस देश में चाहते है तो अब हमें सोचना होगा कि क्या हम गाँधी जी का भारत बना पाए हैं। विशिष्ट अतिथि प्रो. चेनाराम चौधरी ने अपने वक्तव्य में बताया कि गाँधी जी दक्षिण अफ्रिका में अपने साथ हुए रंगभेदी दुर्व्यवहार के कारण आहत हुए और भारत आकर राष्ट्रीय आन्दोलन के भागीदार बने। गाँधी ने अपने विचारों से लोगों को प्रभावित किया और लोग उनके साथ जुड़ते चले गए, साथ ही प्रो. चौधरी ने वर्तमान नई शिक्षा नीति पर भी प्रकाश डाला तथा राष्ट्रीय सेवा योजना का गाँधी दर्शन के साथ क्या जुड़ाव है इसको भी रेखांकित किया। मुख्य अतिथि प्रो. कौशलनाथ उपाध्याय, अधिष्ठाता, कला संकाय ने अपने उद्बोधन में कहा कि 150 साल बाद गाँधी जी आज भी हमें सीख दे रहे हैं। अब जरूरत है उसे देखने कि अब सीख ले रहे है या नहीं। गाँधी जी मानवतावाद के प्रति दृढनिश्चयी थे। गाँधी जी जीवन मूल्यों के प्रेरणाओं के प्रवक्ता रहे हैं। आज हम गाँधी जी के प्रवक्ता बन आगे आए संकल्प ले कि गाँधी जी के विचारों को जीवन में धारण करें। कार्यक्रम कि अध्यक्षता करते हुए प्रो. घनश्याम त्रिपाठी, अधिष्ठाता, विज्ञान संकाय ने कहा कि गाँधी जी दूरदर्शी व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने समय की आवश्यकता को पहचानते हुए भी स्वतंत्रता आन्दोलन में जुड़े विविध विचारधाराओं में लोगों को एक मंच पर खड़ा किया, साथ ही प्रो. त्रिपाठी ने गाँधी जी ने पर्यावरण के प्रति योगदान की भी चर्चा की। आज हमें गाँधी जी के सिद्धांतों का अनुसरण करने की आवश्यकता है जिससें हमें शक्ति मिलेगी। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. किशोरीलाल रैगर ने किया तथा अंत में एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह मीणा, डॉ. प्रवीण चन्द्र, डॉ. ओमप्रकाश, श्री फत्ताराम, ललित कुमार सहित 350 से अधिक एन.एस.एस. के कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर रक्तदान कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।














## राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ ग्रहण समारोह
## 31.10.2019

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में दिनांक 31.10.2019 को भारत के लौह पुरूष व प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय एकता दिवस राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में स्वयं सेवकों को राष्ट्र की एकता व अखंडता की शपथ दिलाई गई।

राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने राष्ट्रीय सद्भावना पर अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया।








## मान‌नीय राज्यपाल का नांदडा कलां गाँव का दौरा
## राष्ट्रीय स्वयं सेवकों की सक्रीय भूमिका
## 08.11.2019

राजस्थान के महामहिम राज्यपाल व विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्रीमान कलराज मिश्र ने विश्वविद्यालय के द्वारा गोद लिए गए गाँव नांदडा कलां का दौरा किया व ग्रामीणों से मिलकर उनकी समस्या जानी। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय द्वारा किए गए विकास कार्यों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। ज्ञातन्य है कि पूर्व में स्वयं सेवकों द्वारा गाँव में सघन सफाई अभियान व सघन वृक्षारोपण किया गया था। कार्यक्रम की सम्पूर्ण व्यवस्थाएं विज्ञान संकाय के स्वयं सेवकों द्वारा की गई व कार्यक्रम को सफल बनाया गया। इस प्रकार स्वयं सेवकों ने अनुशासन व नेतृत्व क्षमता की अपनी दक्षता का प्रस्तुतिकरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अन्त में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने स्वयं

सेवकों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. रामप्रकाश सारण, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. प्रियंका पुरोहित, डॉ. के. आर. पटेल व डॉ. बी. आर. जयपाल ने भी अपनी भूमिका निभाई।













<u>एक भारत श्रेष्ठ भारत पर कार्यक्रम आयोजन</u>
<u>10.11.2019</u>

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में आज दिनांक 10.11.2019 को राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के प्रथम सत्र में करीबन 100 स्वयं सेवकों ने विज्ञान संकाय में श्रमदान कर संकाय को स्वच्छ किया। विज्ञान संकाय में बिखरे प्लास्टिक को इकट्ठा कर परिसर को प्लास्टिक मुक्त किया गया। शिविर के दूसरे बौधिक सत्र में विधार्थियों में अवसाद व उसके निवारण पर व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसके तहत् विषय–विशेषण ने अपने उद्‌बोधन में अवसाद के कारण व उनके निवारण पर उदाहरण सहित समझाया गया। शिविर के तीसरे सत्र में भारत सरकार के हाल ही में शुरू किए गए **"एक भारत श्रेष्ठ भारत"** पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें करीबन 25 स्वयं सेवकों ने अपने विचार व्यक्त किए तथा **"असम राज्य"** के बारे में जानकारी को साझा किया। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. के. आर. पटेल, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. अशोक कुमार पटेल व डॉ. उत्तम पालीवाल ने भी संबोधन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया। अन्त में स्वयं सेवक भैराराम ने धन्यवाद ज्ञापित किया।








# <u>पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर</u>
## <u>15.11.2019 से 24.11.2019</u>

राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय, चंडीगढ़ द्वारा दिनांक 15.11.2019 से 24.11.2019 तक पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर (उत्तर क्षेत्र) 2019 का आयोजन चितकारा विश्वविद्यालय, राजपूरा पंजाब में आयोजित किया जिसमें विज्ञान संकाय के दो स्वयं सेवक राकेश व अनिता विश्नोई ने भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत ने बताया की स्वयं सेवक राकेश व अंकिता विश्नोई ने सांस्कृतिक गतिविधियों में मारवाड़ लोकगीत व लोकनृत्य संस्कृति पर अपनी प्रस्तुति देकर श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया।











# राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष शिविर
## 20.12.2019 से 26.12.2019

**प्रथम दिवस (20.12.2019)**

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन 20 दिसम्बर को किया गया। शिविर के प्रथम सत्र में स्वयं सेवकों द्वारा नया परिसर में सफाई अभियान के तहत् मुख्य द्वार से रसायन शास्त्र विभाग तक सफाई की गई। इस शिविर में मुख्य अतिथि डॉ अशोक पुरोहित, अधिष्ठाता विज्ञान संकाय ने छात्रों को रक्तदान के विशेष महत्व पर उद्बोधन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने राष्ट्रीय सेवा योजना की विभिन्न गतिविधियों जैसें राष्ट्रीय एकता शिविर, प्री.आर.डी. एवं आर.डी.परेड, डिजिटल इंडिया, स्वच्छ भारत, बालिका शिक्षा, प्रोढ़ शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। स्वागत भाषण प्रो. के. आर. पटेल द्वारा तथा धन्यवाद प्रो. प्रवीण गहलोत द्वारा ज्ञापित किया गया। इस मौके पर विज्ञान संकाय में अन्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. आर. पी. सारण, डॉ. एस. के. बरवड़, डॉ. अनुराग चौधरी एवं डॉ. अशोक पटेल मौजूद रहें।






## द्वितीय दिवस (21.12.2019)

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन प्रथम सत्र में स्वयं सेवकों द्वारा विज्ञान संकाय में श्रमदान करके विज्ञान परिसर की सफाई की गई। शिविर के दूसरे बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री रविन्द्र चौधरी राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक भी हैं, ने अपना उद्‌बोधन दिया। उन्होंने अपने उद्‌बोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन व कर्त्तव्य के साथ सफलता के टीप्स दिए। श्री रविन्द्र चौधरी ने विद्यार्थियों के जीवन में आने वाली आर्थिक व सामाजिक कठिनाईयों का सामना करने व उससे निजात पाकर प्रशासनिक सेवा में सफलता पर विशेष उद्‌बोधन दिया।

शिविर के दूसरे बौद्धिक सत्र में सेवानिवृत प्रोफेसर पी. के. शर्मा ने स्वयं सेवकों को व्यक्त्वि विकास पर उपना उद्‌बोधन दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना को सामाजिक कर्त्तव्य की पाठ्‌शाला बताया। प्रोफेसर शर्मा ने समाज में बढ़ रहे अपराध को कम करने हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों से आहवान किया कि वे समाज में लोगों को जागरूक करें। कार्यक्रम में प्रोफेसर के. आर. पटेल द्वारा भी अपना उद्‌बोधन दिया गया। प्रोफेसर पटेल ने स्वयं सेवकों की समाज के प्रति जिम्मेदारी को रेखाकिंत किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर प्रवीण गहलोत, डॉ. ओमप्रकाश विश्नोई, डॉ. रामप्रकाश सारण, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. अशोक कुमार पटेल, डॉ. प्रियंका पुरोहित व डॉ. शिव कुमार बरवड़ उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन स्वयं सेवक श्यामलाल ने किया।

## तृतीय दिवस (22.12.2019)

राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष सात दिवसीय शिविर के तृतीय दिन के प्रथम सत्र में स्वयं सेवकों ने श्रमदान किया। इसके द्वितीय बौद्धिक सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती निर्मला विश्नोई उप अधिक्षक, पुलिस निदेशक महिला परामर्श केन्द्र, जोधपुर तथा पूर्व रजिस्ट्रार प्रो. पी. के. शर्मा उपस्थित थे। स्वागत उद्‌बोधन समन्वयक प्रो. के. आर. पटेल ने किया जिसके अन्तर्गत वर्षभर होने वाली गतिविधियों से भी अवगत कराया। विशिष्ट अतिथि निर्मला विश्नोई ने स्वयं सेवकों को मानसिकता परिवर्तन के संदेश को समाज में फैलाने का जिम्मा सौंपा। इसके साथ ही पुलिस विभाग के नव कार्यक्रमों से स्वयं

सेवकों को अवगत कराया। प्रो. पी. के. शर्मा ने व्यक्तित्व विकास तथा समय प्रबंधन की छात्र जीवन में महत्ता पर चर्चा की। कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत, डॉ. ओमप्रकाश विश्नोई, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. प्रियंका पुरोहित, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. शिवकुमार बरवड़ उपस्थित थे।

श्रीमती निर्मला विश्नोई ने बताया कि समाज का रूप सुधारने के लिए समाज का व्यवस्था से जुड़ना आवश्यक हैं। इस शिविर के अन्तर्गत उन्होंने बताया कि महिला सशक्तिकरण हेतु शक्ति समूह की अधिकारी भी उनके साथ सौव रहती हैं। उन्होंने यह विश्वास जताया कि अपने नव प्रोजेक्ट महिला आत्म सुरक्षा केन्द्र की ट्रेनिंग द्वारा महिलाएं सभी स्थानों पर सुरक्षित महसूस व व्हाट्सएप नम्बर भी प्रदान किया। श्री पी. के. शर्मा जी ने जीवांत उदाहरणों द्वारा छात्रों में नव उर्जा का प्रवाह किया। जीवन में सफलता के लिए विभिन्न कार्यशैलियों की महत्ता पर जोर दिया।

**<u>चतुर्थ दिवस (23.12.2019)</u>**

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस स्वयं सेवकों ने प्रथम सत्र व्यायाम, श्रमदान में सक्रिय भाग लिया। द्वितीय बौद्धिक सत्र में विशिष्ट अतिथि विधि संकाय के प्रोफेसर सुनील आसोपा तथा राजनीति विज्ञान के सहायक आचार्य डॉ. दिनेश गहलोत ने स्वयं सेवकों को उद्बोधन किया। डॉ. आसोपा ने बताया कि समाज में विधि का उपयोग क्या है? विभिन्न विषयों से विधि किस प्रकार से संबंध रखती हैं। इसके साथ जन भावना तथा विधि में संबंध को विस्तृत रूप से विवेचित किया। समाज व व्यक्तियों की विधि से होने वाली अपेक्षाओं पर चर्चा की। इसके साथ इस बात पर जोर दिया कि विधि मनोभावों से नहीं चलती, विधि का आधार सामाजिक न्याय होता हैं। चर्चा का समापन विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं के निवारण के साथ किया। इसके साथ डॉ. दिनेश गहलोत ने भारतीय संविधान, कर्तव्य व प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रकाश डाला। उनके अनुसार भारत का नागरिक होने की एक मात्र पहचान भारतीयता की समझ हैं। उन्होंने जोर दिया हमें अपने अधिकारों के साथ–साथ कर्तव्यों की समझ भी विकसित करनी चाहिए तथा हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकती हैं। कार्यक्रम में रिटायर्ड प्रो. एफ. एस. पूनिया जी ने भी स्वयं सेवकों को रा.से.यो. के आधारभूर सिद्धांतों तथा महत्व पर प्रकाश डाला एवं उत्साहित किया। अतिथियों का स्वागत समन्वयक प्रो. के. आर. पटेल तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने दिया। कार्यक्रम में डॉ.

रामप्रकाश सारण, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. प्रियंका पुराहित, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. शिव कुमार बरवड़ तथा डॉ. उत्तम पालीवाल ने सक्रिय भूमिका निभाई।

**पंचम दिवस (24.12.2019)**

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पंचम दिवस का आरंभ व्यायाम सत्र से हुआ। इसके पश्चात् श्रमदान सत्र में स्वयं सेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। क्रमगत बौद्धिक सत्र में प्रसिद्व मनोवैज्ञानिक, कला एवं समाजशास्त्र के पूर्व डीन प्रो. ऐ. के. मलिक, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समन्वयक प्रो. के. आर. पटेल ने अपने स्वागत उद्‌बोधन के द्वारा रा.से.योजना के मूल संदेश व लक्ष्य पर प्रकाश डाला। सत्र का प्रारंभ "स्वयं सजे वसुंधरा सवार दे" के ऊर्जावान उद्‌बोधन से हुआ। प्रो. मलिक ने अपने उद्‌बोधन में स्वयं सेवकों की तुलना गुरूगोविन्द सिंह जी के पंच प्यारो से की जिन्होंने मातृभूमि समर्पण का भाव रखते हुए राष्ट्र निर्माण का बीड़ा उठाया हैं। अपनी चर्चा में व्यक्तित्व विकास तथा तनाव प्रबंधन को सम्मिलित किया। इन्होंने बताया कि मनोविज्ञान व्यक्तित्व का निर्माण आन्तरिक क्षमता से आकता है अतः सर्वप्रथम मनोवैज्ञानिक आईना देखे व अपनी कमजोरियों पर कार्य करें। इसी कड़ी में उन्होंने स्वयं सेवकों को असीम संभावनाओं की प्रेरणा दी तथा असंभव शब्द को जीवन शब्द कोष से पूर्णतः हटाने का सुझाव दिया। अपने वक्तव्य में जीवांत उदाहरणों को लेते हुए कर्मवाद की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने तनाव प्रबंधन हेतु केथेरेसस संकल्पना समझाई जिसके अनुसार उपलब्धियों के साथ–साथ समस्याओं के संवेगों को भी साझा करें। विपरीत परिस्थितियों में भी निरंतर कर्मशीलता नवनिर्माण का आधार हैं। अन्त में स्वयं सेवकों को बधाई दी। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रियंका पुरोहित ने किया। कार्यक्रम में डॉ. बी. आर. जयपाल, डॉ. रामप्रकाश सारण, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. शिव कुमार बरवड़ ने सक्रिय भूमिका निभाई।

**छठा दिवस (25.11.2019)**

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी इकाईयों द्वारा महामहिम राज्यपाल की स्मार्ट विलेज स्कीम के तहत् गोद लिए गए गाँव मोगड़ा कलां में स्वयं सेवकों द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत् स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में स्वयं सवकों द्वारा स्वच्छ घर, स्वच्छ गाँव, खुले में शौच बंद करों, टीकाकरण करवाओं, पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन के नारे लगवाकर ग्रामीणों को

संदेश दिया। स्वयं सेवकों द्वारा गाँव के लगभग 500 घरों का सर्वे कर विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया जिसमें मुख्य रूप से उज्जवला योजना, शौचालय निर्माण योजना, जैविक कृषि, मृदा जाँच, पशुपालन इत्यादि के बारे में जानकारियां इकट्ठी की। एकत्रित जानकारियों से एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर महामहिम राज्यपाल को प्रेषित की जाएगी। रिपोर्ट में गाँव की विभिन्न समस्याओं की भी विस्तृत जानकारी दी गई जिनमें पशु चिकित्सालय की कमी, वृद्वावस्था–विधवा पेंशन, सीवरेज की समस्या, कच्ची सड़के एवं बिजली–पानी की समस्या इत्यादि का ब्यौरा दिया गया हैं। कार्यक्रम प्रभारी प्रो. के. आर. पटेल, प्रो. प्रवीण गहलोत, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. उत्तम पालीवाल ने रैली, सफाई अभियान एवं सर्वेक्षण का नेतृत्व किया। स्वयं सेवक भैराराम भाटी, मनोहर सिंह, राकेश विश्नोई, हरचंद राम पटेल, रमेश, ओमपुरी, अमृत इत्यादि ने सक्रिय भूमिका निभाकर व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग प्रदान किया। गाँव के युवा सरपंच श्री प्रकाश पटेल ने इस आयोजन के लिए पूरे गाँव की तरफ से सभी स्वयं सेवकों एवं कार्यक्रम अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया एवं भविष्य में समय–समय पर ऐसे आयोजनों की पुनरावृति का आहवान किया।

<u>सांतवा दिवस (26.12.2019)</u>

विज्ञान संकाय में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन विशेष कार्यक्रम के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. गंगाराम जाखड़ ने की जबकि विशेष अतिथि राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व समन्वयक व सिंडीकेट सदस्य प्रो. चेनाराम चौधरी व विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. अशोक पुरोहित थे। प्रों. गंगाराम चौधरी ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने हेतु आह्मन किया। प्रो. चेनाराम चौधरी ने अनुशासन व कर्तव्य को स्वयं सेवकों का पूरक बताया । कार्यक्रम की शुरूआत में प्रो. के. आर. पटेल द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत् वर्षभर किए गए कार्य का ब्यौरा प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में श्रेष्ठ स्वयं सेवकों को सम्मानीत भी किया गया। श्रेष्ठ स्वयं सेवक : बी.एस.सी. प्रथम वर्ष (शकील अख्तर व भागीरथ पटेल), बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष (श्यामलाल व नेमाराम), बी.एस.सी. तृतीय वर्ष (विकास गहलोत व अमृत चौधरी) एवं एम.एस.सी. (भैराराम भाटी व मनोहर) श्रेष्ठ स्वयं सेविका सुश्री पुष्पा पटेल को सम्मानीत किया गया। कार्यक्रम में सभी कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित थे। अन्त में प्रो. प्रवीण गहलोत ने धन्यवाद ज्ञापित किया।







राजस्थान पत्रिका . जोधपुर, मंगलवार, 24 दिसंबर, 2019

patrika.com

## जेएनवीयू: एनएसएस शिविर में व्यायाम व श्रमदान



पत्रिका PLUS रिपोर्टर

जोधपुर ◆ जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन सोमवार को स्वयं सेवकों ने प्रथम सत्र में व्यायाम व श्रमदान में भाग लिया। द्वितीय बौद्धिक सत्र में विशिष्ट अतिथि विधि संकाय के प्रोफेसर सुनिल आसोपा और राजनीति विज्ञान के सहायक आचार्य डॉ. दिनेश गहलोत ने स्वयं सेवकों को संबोधित किया।

डॉ. आसोपा ने समाज में विधि का उपयोग और विभिन्न विषयों से विधि के संबंध को लेकर व्याख्यान दिया।

डॉ. गहलोत ने भारतीय संविधान, कर्तव्य व प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रकाश डाला। उनके अनुसार भारत का नागरिक होने की एक मात्र पहचान भारतीयता की समझ है। अपने अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की समझ भी विकसित करनी चाहिए तथा हिंसा से किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता है। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्रो. एसएस पुनिया, प्रो केआर पटेल और प्रो प्रवीण गहलोत ने भी संबोधित किया।

## मोगड़ा कलां में जागरुकता रैली निकाली

**नवज्योति/जोधपुर।** व्यास विश्व विद्यालय के विज्ञान संकाय के राष्ट्रीय सेवा योजना में स्मार्ट विलेज स्कीम में गोद लिए गए गांव मोगड़ा कलां में स्वयं सेवकों द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छ घर, स्वच्छ गांव, खुले में शौच बंद करने, टीकाकरण कराने, पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन के नारे लगाकर ग्रामीणों को जागरुकता का संदेश दिया गया। स्वयं सेवकों द्वारा गांव के लगभग 500 घरों का सर्वे कर विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया। इसमें मुख्य रूप से उज्जवला योजना, शौचालय निर्माण योजना, जैविक कृषि, मृदा जांच पशुपालन इत्यादि के बारे में जानकारियां इकट्ठी की गई। कार्यक्रम प्रभारी प्रो. के.आर. पटेल, प्रो. प्रवीण गहलोत, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. उत्तम पालीवाल ने रैली, सफाई अभियान एवं सर्वेक्षण का नेतृत्व किया।

## एनएसएस शिविर का समापन

**नवज्योति/ जोधपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत जय नारायण व्यास विश्विद्यालय के विधि संकाय में सात दिवसीय शिविर के अँतिम दिन आज प्रोफेसर चंदन बाला डीन विधि संकाय, प्रो सुनील आसोपा, जितेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। प्रारम्भ में डॉ.के आर मेघवाल की अध्यक्षता में कोमल राजपुरोहित ने स्वागत भाषण दिया। तत्पश्चात भावना चौधरी ने सात दिवसीय कैम्प का परिवेदन दिया ।निराली गौड़, दिनेश चौधरी; अनिल, विक्रम सिंह, प्रवीण पटेल ने अपने विचार व्यक्त किए।

**जेएनवीयू: एनएसएस शिविर का शुभारंभ :** जोधपुर. जेएनवीयू के विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन शुक्रवार को विज्ञान संकाय में किया गया। प्रथम सत्र में स्वयंसेवकों ने नया परिसर में साफ सफाई की। मुख्य अतिथि विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. अशोक पुरोहित ने रक्तदान का महत्व बताया। कार्यक्रम अध्यक्ष राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने एनएसएस की विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला। डॉ केआर पटेल ने स्वागत भाषण दिया। इस मौके पर विज्ञान संकाय के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ आरपी सारण, डॉ अनुराग चौधरी और डॉ. अशोक पटेल मौजूद रहे।

## शिविर के तहत किया श्रमदान

पत्रिका PLUS रिपोर्टर

जोधपुर ◆ एनएसएस की ओर से जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में चल रहे शिविर में दूसरे दिन स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर विवि परिसर की साफ-सफाई की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रविन्द्र चौधरी ने संबोधित किया।

## सामाजिक कर्तव्य की पाठशाला है एनएसएसः शर्मा

एजुकेशन रिपोर्टर | जोधपुर

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन शनिवार को विज्ञान संकाय में श्रमदान कर सफाई की गई। बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी रविंद्र चौधरी ने विद्यार्थियों को अनुशासन व कर्तव्य के साथ सफलता के टिप्स दिए। साथ ही जीवन में आने वाली आर्थिक व सामाजिक कठिनाईयों का सामना करने की शिक्षा दी। पीके शर्मा ने एनएसएस को सामाजिक कर्तव्य की पाठशाला बताया। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर प्रवीण गहलोत, डॉ. रामप्रकाश सारण, डॉ. अनुराग चौधरी, डॉ. अशोक कुमार पटेल, डॉ. प्रियंका पुरोहित व डॉ. शिव कुमार बरवड आदि उपस्थित थे।

## स्वयं सेवकों से साइकिल चलाने का आहवान

## Fit India Movement

**18.01.2020**

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन कर स्वयं सेवकों से स्वस्थ रहने हेतु प्रतिदिन साइकिल चलाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत व डॉ. प्रियंका पुरोहित ने स्वयं सेवकों के साथ नव–परिसर में साइकिल पर चक्कर लगाकर अन्य विद्यार्थियों को साइकिल पर कॉलेज आने का आहवान किया। स्वयं सेवकों द्वारा भी समूह बनाकर नव–परिसर में पाँच चक्कर लगाए। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने स्वयं सेवकों को साइकिल चलाने के फायदों के साथ प्रदूषण नियंत्रण करने के उद्देश्य को समझाते हुए पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए।










**<u>विश्व कैंसर दिवस पर कार्यक्रम</u>**

**<u>04.02.2020</u>**

विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर दिनांक 04.02.2020 को राष्ट्रीय सेवा योजना, विज्ञान संकाय द्वारा एक कैंसर रोग पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने बताया कि विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर विज्ञान संकाय के स्वयं सेवकों ने विभिन्न विभागों से होते हुए नव–परिसर के भाषा प्रकोष्ठ के सभी विभागों में जाकर कैंसर रोकथाम हेतु नारे लगाते हुए रैली के रूप में पुनः यूसीक पहुँचे। रैली के दौरान स्वयं सेवकों ने गुटखा, बीड़ी, तम्बाकू इत्यादि नशीले पदार्थों से दूर रहने का आहवान किया व नारे लगाए। कार्यक्रम के अन्त में डॉ. अनुराग

चौधरी, डॉ. के. आर. पटेल व डॉ. रामप्रकाश ने संबोधन किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रवीण गहलोत ने किया।



## छात्रों ने निकाली जागरुकता रैली

5/2/2

जोधपुर. जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के नए परिसर में एनएसएस विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान संकाय एवं कला संकाय में रैली निकालकर नशे की प्रवृत्ति से दूर रहने का आह्वान किया। छात्र नेता हरेंद्र चौधरी ने बताया कि विज्ञान संकाय के डीन ऑफिस से रैली रवाना होकर कैंपस के सभी फैकल्टी में गई, जहां विद्यार्थियों को नशे से दूर रखने के लिए जागरुक किया गया। नशे से होने वाली बीमारियां को विस्तारित रूप से बताया। कला संकाय में भी रैली निकाली गई। अंत में विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर रैली का समापन हुआ। डॉ अनुराग चौधरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

<u>**लॉकडाउन में स्वयं सेवकों द्वारा उत्कृष्ट कार्य**</u>

<u>**22.03.2020 से 31.03.2020**</u>

वैश्विक महामारी का रूप ले चूकी कोरोना वायरस संक्रमण बीमारी की रोकथाम हेतु भारत सरकार द्वारा 22.03.2020 को सम्पूर्ण भारत में लॉकडाउन कर दिया था अतः इन विशम परिस्थितियों में विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के स्वयं सेवकों को लॉकडाउन में कार्य करने, गरीबों व असहाय को भोजन व खाद्य सामग्री पहुँचाने तथा समाज में सामाजिक दूरी का पालन करने हेतु जागरूकता लाने, सार्वजनिक स्थानों को निर्मिकरण करने में अपना सहयोग देकर उत्कृष्ट कार्य किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रवीण गहलोत द्वारा मोबाईल पर व्हाट्सएप ग्रुप के जरिए स्वयं सेवकों को जोड़कर उन्हें समय–समय पर दिशा निर्देश भी दिए गए। सभी स्वयं सेवक अपने क्षेत्र मे जिला कलेक्टर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर, (ADM), उप जिला कलेक्टर (SDM), चिकित्सा अधिकारी (MO) व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क किया। लॉकडाउन की स्थिति में कुछ स्वयं सेवकों ने जिला कलेक्टर से मेल व व्हाट्सएप से संपर्क कर सामाजिक सेवा में अपना योगदान देने हेतु अपने संकल्प को दोहराया था।



# जेएनवीयू : एनएसएस ने कहा- हम तैयार हैं, जहां प्रशासन कहेगा वहां पर देंगे सेवा

एजुकेशन रिपोर्टर |

कोरोना संकट के समय जहां आम आदमी घबराया और डरा हुआ है, वहीं जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कार्यकर्ता आगे आए हैं। जिला कलेक्टर को लिखे पत्र में कार्यकर्ताओं ने कहा कि जब प्रशासन चाहे, वे सेवा देने के लिए तैयार हैं। इसके लिए विवि ने 200 कार्यकर्ताओं का एक ग्रुप तैयार किया है।

दरअसल कोरोना संकट में पूरा देश एकजुट होकर लड़ने का प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में अब वॉलंटियर्स आगे आए हैं। विवि को एनएसएस के कार्यकर्ताओं ने [illegible] कर जिला कलेक्टर को पत्र लिखा है कि वे विपरीत समय में सहयोग करना चाहते हैं। इसके लिए जिले में कहीं पर भी उनकी सेवा ली जा सकती है। कारण कि कुछ कार्यकर्ता ग्रामीण पृष्ठभूमि के हैं और लॉकडाउन में पूर्व गांव जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि वे प्रशासन की मदद के लिए तैयार हैं। इसके लिए विवि की विज्ञान संकाय के एनएसएस टीम में 200 कार्यकर्ताओं को चुना गया है। ये सभी अपनी सहमति से आगे आए हैं। इनका इंचार्ज डॉ. प्रवीण गहलोत को बनाया गया है। ये लॉकडाउन में मदद करने, सहायता सामग्री पहुंचाने से लेकर [illegible] देने में भी सहयोग करेंगे। इसके लिए कुलपति से स्वीकृति ले ली गई है।

## एनएसएस का सेवा ही परम धर्म

• यह निर्णय एनएसएस के कार्यकर्ताओं का है, विवि के कुलपति ने स्वीकृति दी है ताकि वह अपने परम धर्म का पालन कर सके।

-प्रो. किशोरीलाल रैगर,

कार्यवाहक समन्वयक एनएसएस, जेएनवीयू

# राष्ट्रीय सेवा योजना
# विज्ञान संकाय
# जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर

---

## वार्षिक प्रगति रिपोर्ट
## 1.04.2020—31.03.2021

| क्र. सं. | दिनांक | कार्यक्रम |
|---|---|---|
| 1. | 01.04.2020 से 30.06.2020 | राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने लॉकडाउन में किया उत्कृष्ट कार्य |
| 2. | 21.06.2020 | योगा दिवस— स्वयं सेवकों द्वारा घर पर योग |
| 3. | 29.06.2020 | लॉकडाउन पश्चात् रक्तदान शिविर |
| 4. | 15.08.2020 | वनस्पति विभाग में वृक्षारोपण कार्यक्रम |
| 5. | 15.08.2020 | कोरोना—19 महामारी की जागरूकता हेतु ऑनलाईन प्रतियोगिता का आयोजन |
| 6. | 27.08.2020 | विज्ञान संकाय में वृक्षारोपण |
| 7. | 02.09.2020 | राष्ट्रीय सेवा योजना का आमुखीकरण कार्यक्रम |
| 8. | 24.09.2020 | राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर कार्यक्रम |
| 9. | 27.09.2020 | महिलाओं की सुरक्षा हेतु कानुनी प्रावधान पर वेबीनार का आयोजन |
| 10. | 02.10.2020 | ''नो मास्क, नो एंट्री अभियान'' |
| 11. | 04.10.2020 | कोरोना बचाव की शपथ हेतु कार्यक्रम |
| 12. | 13.10.2020 | राष्ट्रीय सेवा योजना की कोरोना—19 उन्मूलन हेतु बैठक व जागरूकता हेतु एस एल ओ धर्मेन्द्र सिंह चाहर व बन्नेसिंह के नेतृत्व में रैली का आयोजन |
| 13. | 22.10.2020 | विज्ञान संकाय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाईयों द्वारा झालामंड क्षेत्र में मास्क व पेंपलेट वितरण (**कोरोना से बचाव हेतु जन जागरण पखवाड़ा)** |
| 14. | 09.11.2020 | राष्ट्रीय सेवा योजना का संभाग स्तरीय पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर आयोजित |
| 15. | 12.12.2020 | पूर्व गणतंत्र दिवस परेड हेतु मनोहर सिंह व नेमाराम का चयन |
| 16. | 27.12.2020 | एनएसएस स्वयंसेवक ने आधी रात को किया प्लाज्मा दान |
| 17. | 07.01.2021 | प्रो. जेताराम विश्नोई प्लांट बैंक की स्थापना |
| 18. | 25.01.2021 | मतदाता दिवस पर कार्यक्रम |
| 19. | 31.01.2021 | विश्वविद्यालय के तीन एनएसएस स्वयं सेवकों का हुआ सम्मान |
| 20. | 27.02.2021 | स्वच्छता पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन |
| 21. | 06.03.2021 | विज्ञान संकाय में स्वच्छता हेतु एक दिवसीय शिविर |
| 22. | 08.03.2021 | अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम (वनस्पतिशास्त्र विभाग) |
| 23. | 08.03.2021 | अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रम (रसायनशास्त्र विभाग) |

## राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने लॉकडाउन में किया उत्कृष्ट कार्य 01.04.2020 से 31.06.2020

वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए घोषित लॉकडाउन के कारण सभी प्रकार की गतिविधियां, बाजार, उद्योग बंद हो जाने के कारण गरीब असहाय परिवारों पर भुखमरी व रोजगार का संकट आ गया हैं, वही कोरोना वायरस के फैलने के कारण भी लोगों में भय भी व्याप्त हैं। इन कठिन परिस्थितियों में विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक अपना सेवा धर्म का पालन कर रहे हैं। लॉकडाउन में स्वयं सेवकों द्वारा अपने मौहल्ले व शहरों में गरीबों को खाना पहुँचाया गया, सूखी राशन सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही वे वन्य जीव–जन्तुओं के लिए दाना–पानी की व्यवस्था करने में अपना योगदान दिया। विज्ञान संकाय के स्वयं सेवकों ने अपने क्षेत्र में बड़ी मात्रा में रक्तदान करवाने में अपनी भूमिका निभाई। स्वयं सेवक अपने क्षेत्र के प्रशासनिक अधिकारियों से व्हाट्सएप व मेल के माध्यम से सम्पर्क कर प्रशासन की मदद भी कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने सभी स्वयं सेवकों से अपील की थी कि वे समाज में कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने हेतु लोगों को सामाजिक दूरी के फायदे के बारे में बताए। अपने गाँवों में प्रवासियों को क्वारेंटाइन करवाने में मदद करें, उनके लिए खाना–पानी व बिस्तर की उचित व्यवस्था करवाएं। संदिग्ध संक्रमित व्यक्ति की सूचना तुरन्त चिकित्सा विभाग व प्रशासन को देने हेतु तत्पर कार्यवाही करे। प्रो. विश्नोई ने सभी स्वयं सेवकों को प्रो. के. आर. पटेल व प्रो. प्रवीण गहलोत के सम्पर्क में रहकर उनसे मार्गदर्शन प्राप्त करने हेतु भी निर्देशित किया हैं।


















## <u>योगा दिवस– स्वयं सेवकों द्वारा घर पर योग</u>

**<u>21.06.2020</u>**

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित योग दिवस पर घर पर योगा कार्यक्रम के तहत् अपने घर पर योग कर व्हाटसअप ग्रुप में फोटो शेयर किए। कार्यक्रम अधिकरी प्रो. के. आर. पटेल व प्रो. प्रवीण गहलोत के नेतृत्व में विश्व योग दिवस पर आयोजित वर्चूअल कार्यक्रम में कोविड–19 महामारी के रोकथाम हेतु लॉकडाउन के कारण स्वयं सेवकों को घर पर योग करने व अपने फोटो शेयर करने हेतु निर्देशित किया गया। डॉ. गहलोत ने बताया की इस कार्यक्रम में लगभग 250 स्वयं सेवकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की एक विस्तृत रिपोर्ट राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय जयपुर भी भेजी गई।







## <u>लॉकडाउन पश्चात् रक्तदान शिविर</u>

<u>29 जून 2020</u>

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में राष्ट्रीय आपदा कोविड–19 महामारी में रक्त की आवश्यकता को ध्यान में रखने हुए विश्वविद्यालय की प्रो. (डॉ.) शोभा शर्मा की प्रथम पुण्य तिथि के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के 53 स्वयं सेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. के. आर. पटेल के नेतृत्व में रक्तदान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत, डॉ. हेमसिंह गहलोत, डॉ. ओमप्रकाश विश्नोई, डॉ. शिव कुमार बरवड़ आदि ने रक्तदान शिविर की व्यवस्था संभाली व स्वयं सेवकों को रक्तदान करने हेतु जागरूक किया। कार्यक्रम के अन्त में सभी रक्तदाताओं को अल्पाहार करवाया गया। कार्यक्रम के अन्त में डॉ. प्रवीण गहलोत ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।












## वनस्पति विभाग में वृक्षारोपण कार्यक्रम

**15.08.2020**

स्वतंत्रता दिवस 15.08.2020 पर वनस्पति विभाग में विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल व्यास व विभाग के शिक्षकों के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. के. आर. पटेल द्वारा वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत, डॉ. अशोक पटेल व डॉ. अल्केश टाक ने किया।








<u>**कोरोना–19 महामारी की जागरूकता हेतु ऑनलाईन प्रतियोगिता का आयोजन**</u>

<u>**15.08.2020**</u>

कोरोना महामारी में जागरूकता हेतु Online Quiz किया गया जिसमें 1600 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रियंका पुरोहित ने बताया कि कोरोना महामारी व उनके उन्मूलन हेतु जागरूकता लाने के लिए Quiz का आयोजन किया गया जिसमें 1600 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को e-Certificate प्रदान किए गए। डॉ. उत्तम पालीवाल डॉ. प्रवीण गहलोत, डॉ. रामप्रकाश सारण, डॉ. अल्केश टाक ने प्रतियोगिता आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाई। ऑनलाईन प्रतियोगिता का संचालन प्रियंका पुरोहित ने किया।



JAI NARAIN VYAS UNIVERSITY, JODHPUR, RAJASTHAN

NATIONAL SERVICE SCHEME

CORONA AWARENESS QUIZ


CERTIFICATE OF PARTICIPATION

THIS IS TO CERTIFY THAT DR/MR/MS JAGDISH PATEL

HAS PARTICIPATED IN THE QUIZ DESIGNED BY NSS, JAI NARAIN VYAS UNIVERSITY, JODHPUR FOR THE AWARENESS OF COVID-19.

UNIQUE e-CERTIFICATE CODE: NSS/JNVU-20/907

DR. PRIYANKA PUROHIT, PROGRAMME OFFICER | PROF. K.R. PATEL, PROGRAMME OFFICER | PROF. J.R. BISHNOI, COORDINATOR | PROF. P.C. TRIVEDI, VICE-CHANCELLOR



**राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा कोविड-19 के प्रति जागरूकता के लिए क्विज आयोजित की**

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा वैश्विक महामारी कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण से बचने के लिए लोगों को जागरूक करने हेतु मई में एक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. के.आर. पटेल ने इस संबंध में 'परिसर' को बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 1600 प्रतिभागियों ने ऑनलाइन अपने जवाब प्रेषित किए। इनमें से 40प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रोत्साहन प्रमाण-पत्र भेजे गए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रियंका पुरोहित ने कोरोना वाइरस व पर्यावरण जागरूकता से संबंधित प्रश्नोत्तरी तैयार की। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पी.सी. त्रिवेदी व कार्यक्रम समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने इस कार्य को प्रसंशनीय बताया व प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।

<u>**विज्ञान संकाय में वृक्षारोपण**</u>

<u>**27.08.2020**</u>

आज दिनांक 27.08.2020 को जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना व गाँधी अध्ययन केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में अशोक, गुलमोहर, आम आदि के फलदार व छायादार पौधें न्यू कैम्पस में माननीय कुलपति प्रो. पी. सी. त्रिवेदी के नेतृत्व में लगाए गए। इस अवसर पर अधिष्ठाता प्रो. अशोक पुरोहित, पूर्व समन्वयक प्रो. चेनाराम चौधरी, प्रो. जेताराम विश्नोई, समन्वयक प्रो. के. आर. पटेल, गाँधी अध्ययन केन्द्र के निदेशक डॉ. हेमसिंह गहलोत, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, के. एन. कॉलेज की निदेशक प्रो. संगीता लुंकड़, सिंडीकेट सदस्य प्रो. के. आर. गेनवा, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत, डॉ. अशोक पटेल, डॉ. रामप्रकाश सारण, डॉ उत्तम पालीवाल सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।










# जेएनवीयू के नया परिसर में पौधरोपण

**राष्ट्रीय सेवा योजना व गांधी अध्ययन केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में लगाए पौधे**

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

जोधपुर. जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना और विवि के गांधी अध्ययन केन्द्र के संयुक्त तत्वाधान में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. पीसी त्रिवेदी ने अशोक, गुलमोहर, आम इत्यादि के पौधे लगाकर वृक्षों द्वारा आक्सीजन बजट के बारे में जानकारी दी। अध्यक्षता विज्ञान संकाय में अधिष्ठाता प्रो. अशोक कुमार पुरोहित ने विज्ञान संकाय को ग्रीन कैंमस बनाने का संकल्प लिया। एनएसएस समन्वयक प्रो. केआर पटेल और अध्ययन केंद्र के निदेशक डॉ हेमसिंह गहलोत ने वृक्षों की महत्ता पर प्रकाश डाला। एनएसएस के पूर्व समन्वयक प्रो. चैनाराम चौधरी व प्रो. जेताराम विश्नोई ने पर्यावरण संरक्षण के बारे में बताया। संचालन डॉ. प्रियंका पुरोहित और प्रो. प्रवीण गहलोत ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का आमुखीकरण कार्यक्रम
## 02.09.2020

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर में दिनांक 02.09.2020 को विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी संकायों की इकाईयों के कार्यक्रम अधिकारियों का आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय कुलपति प्रो. पी.सी. त्रिवेदी व विशिष्ट अतिथि कला संकाय अधिष्ठाता प्रो. के. एल. रैगर व के. एन. कॉलेज निदेशक प्रो. संगीता लुंकड़ थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने की। कार्यक्रम की शुरूआत में दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी को दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात् सभी अतिथियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत किए जा रहे विभिन्न गतिविधियों हेतु विवरणिका तथा कोरोना के प्रति जागरूकता के प्रसार हेतु बैनर का विमोचन किया। यह बैनर विश्वविद्यालय के सभी विभागों तथा कार्यालयों में लगाया जाएगा जिससे कार्यालयों में आने वाले आगुन्तक, शिक्षक व विद्यार्थी कोरोना के प्रति सचेत रहें। राष्ट्रीय सेवा योजना के

समन्वयक प्रो. के. आर. पटेल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा आमुखीकरण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। आमुखीकरण कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. जेताराम विश्नोई ने विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों तथा आगामी वर्ष में किए जाने वाले कार्यक्रमों व गतिविधियों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की जिसमें गाँव अथवा कॉलोनी को गोद लेकर उसमें शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना, स्वस्थता स्वच्छता के प्रति किए जाने वाले कार्यक्रम तथा रक्तदान शिविर, कोरोना के प्रति जागरूकता इत्यादि के बारे में जानकारी दी। माननीय कुलपति प्रो. पी.सी. त्रिवेदी ने सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के कर्तव्य, समाज के प्रति उत्तरदायित्व, कोरोना महामारी उन्मूलन में राष्ट्रीय सेवा योजना के योगदान पर प्रकाश डालते हुए विश्वविद्यालय की भागीदारी निश्चित करने का आहवान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निधि संदल ने किया व धन्यवाद प्रो. प्रवीण गहलोत ने किया।










परिक्रमा Jodhpur

कोरोना के प्रति जागरूकता बैनर का विमोचन




## जेएनवीयू बैनर से बताएगा कोरोना से बचाव के उपाय

जोधपुर ◆ जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के केन्द्रीय कार्यालय स्थित बृहस्पति भवन में विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की सभी संकायों की इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारियों का आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस के अन्तर्गत किए जा रहे विभिन्न गतिविधियों की विवरणिका और कोरोना के प्रति जागरूकता के प्रसार के लिए बैनर का विमोचन किया। यह बैनर विवि के सभी विभागों तथा कार्यालयों में लगाया जाएगा ताकि आगुन्तक व छात्र कोरोना के प्रति सचेत रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. प्रवीणचंद्र त्रिवेदी थे। विशिष्ट अतिथि कला संकाय अधिष्ठाता प्रो. केएल रेगर व केएन कॉलेज निदेशिका प्रो. संगीता लुंकड थी। अध्यक्षता एनएसएस के पूर्व समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने की। एनएसएस समन्वयक प्रो. केआर ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। संचालन डॉ. निधि संदल ने किया। धन्यवाद प्रो. प्रवीण गहलोत ने किया।

## एनएसएस के उत्तरदायित्व और कर्त्तव्य के बारे में दी जानकारी

आमुखीकरण : कोरोना बचाव व जागरूकता पोस्टर का विमोचन




एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों के आमुखीकरण कार्यक्रम में बैनर का विमोचन किया।

जोधपुर | जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के केंद्रीय कार्यालय स्थित बृहस्पति भवन में राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी संकायों की इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारियों का आमुखीकरण कार्यक्रम बुधवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी को दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अतिथियों ने एनएसएस की विभिन्न गतिविधियों की विवरणिका और कोरोना जागरूकता बैनर का विमोचन किया। एनएसएस के समन्वयक प्रो. केआर पटेल ने अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही आमुखीकरण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्य वक्ता प्रो. जैताराम विश्नोई ने गतिविधियों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। कुलपति प्रो. प्रवीणचंद्र त्रिवेदी ने एनएसएस के कर्त्तव्य, समाज के प्रति उत्तरदायित्व, कोरोना महामारी उन्मूलन में उनके योगदान की जानकारी दी। संचालन डॉ. निधि संदल ने किया। प्रो. प्रवीण गहलोत ने आभार जताया। इस अवसर पर कला डीन प्रो. किशोरीलाल रैगर और केएन निदेशक प्रो. संगीता लूंकड भी मौजूद थीं।

## जेएनवीयू में आमुखीकरण कार्यक्रम

जोधपुर/नवज्योति। जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के केन्द्रीय कार्यालय स्थित बृहस्पति भवन में राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी संकायों की इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारियों का आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. प्रवीण चन्द त्रिवेदी थे। विशिष्ट अतिथि कला संकाय अधिष्ठाता प्रो. केएल रेगर व केएन कॉलेज निदेशिका प्रो. संगीता लुंकड़ थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने की। कार्यक्रम के शुरुआत में दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात सभी अतिथियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत किए जा रहे विभिन्न गतिविधियों हेतु विवरणिका तथा कोरोना के प्रति जागरूकता के प्रसार हेतु बैनर का विमोचन किया। यह बैनर विश्वविद्यालय के सभी विभागों तथा कार्यालयों में लगाया जाएगा जिससे कार्यालयों में आने वाले आगुन्तक व छात्र कोरोना के प्रति सचेत रहे। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. केआर. पटेल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा आमुखीकरण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।



आमुखीकरण कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. जेताराम विश्नोई ने विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों तथा आगामी वर्ष में किए जाने वाले कार्यक्रमों व गतिविधियों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. निधि संदल ने किया व धन्यवाद प्रो. प्रवीण गहलोत ने किया।

## एनएसएस आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

### कोरोना जागरूकता बैनर का विमोचन

नवज्योति/ जोधपुर।

व्यास विश्वविद्यालय के केन्द्रीय कार्यालय स्थित बृहस्पति भवन में विवि की राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी संकायों की इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारियों का आमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. प्रवीण चन्द त्रिवेदी थे एवं विशिष्ट अतिथि कला संकाय अधिष्ठाता प्रो. के.एल. रेगर व के.एन. कॉलेज निदेशिका प्रो. संगीता लुकड थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व समन्वयक प्रो. जेताराम विश्नोई ने की। कार्यक्रम की शुरूआत में दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी को दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. के.आर. पटेल ने सभी अतिथियों का स्वागत कर आमुखीकरण कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कुलपति प्रो. प्रवीण चन्द त्रिवेदी ने सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के कर्तव्य, समाज के प्रति उत्तरदायित्व, कोरोना महामारी उन्मूलन में राष्ट्रीय सेवा योजना के योगदान पर प्रकाश डाला। संचालन डॉ. निधि संदल ने किया। आभार डॉ.प्रवीण गहलोत ने जताया।



## राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस पर कार्यक्रम

**24.09.2020**

दिनांक 24.09.2020 को जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के माननीय कुलपति प्रो. पी. सी. त्रिवेदी जी के निर्देशानुसार तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. के. आर. पटेल के निर्देशन में आज राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस कच्ची बस्ती में जाकर मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की विज्ञान संकाय के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत, डॉ. उत्तम पालीवाल, डॉ. अल्केश टाक, डॉ. आर.

पी. सारण, डॉ. समय सिंह मीणा, डॉ. शिवकुमार बरवड़ तथा स्वयं सेवक मनोहर इत्यादि ने एम्स जोधपुर के पास स्थित कच्ची बस्ती के प्रत्येक घर में जाकर मास्क व सैनिटाइजर का वितरण किया। इस अवसर पर कुल एक हजार मास्क तथा सैनिटाइजर का वितरण किया गया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत ने लोगों को कोरोना के प्रति जागरूक किया व मास्क लगाने तथा सैनिटाइजर से बार–बार हाथ साफ करने के लिए प्रेरित किया ।









## एनएसएस ने चलाया जागरूकता अभियान

जोधपुर@पत्रिका. कमला नेहरू महिला महाविद्यालय के एनएसएस वॉलिंटियर की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजन स्थापना उपलक्ष में सांसी कॉलोनी एवं नेहरू कॉलोनी क्षेत्र में कोरोना से जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें ऑटो रिक्शा चालकों और बच्चों को मास्क, हैंडसेट सेनेटाइजर का वितरण किया गया। महामारी से बचने के लिए घरेलू उपाय बताए गए। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ.पंकज नामा, डॉ.पूनम पूनिया, डॉ.रामलाल सेन, मधु चारण, कैलाश सांखला,हरीश देवड़ा समेत एनएसएस के वॉलिंटियर मौजूद रहे।



## जेएनवीयू ने कच्ची बस्ती में मनाया एनएसएस स्थापना दिवस

जोधपुर@पत्रिका. जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस कच्ची बस्ती में मनाया। एनएसएस के समन्वयक प्रो. केआर पटेल के निर्देशन में विज्ञान संकाय के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत, डॉ. उत्तम पालीवाल, डॉ. अल्केश टाक, डॉ आरपी सारण, डॉ. समय सिंह मीणा, डॉ शिवकुमार बरवड़ और स्वयंसेवक मनोहर ने एम्स जोधपुर के पास स्थित कच्ची बस्ती के प्रत्येक घर में जाकर मास्क व सेनेटाइजर का वितरण किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गहलोत ने लोगों को कोरोना के प्रति जागरूक किया।



## एनएसएस स्थापना दिवस पर बांटे मास्क-सेनेटाइजर

जोधपुर। जेएनवीयू कुलपति व राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रो. केआर पटेल के निर्देशन में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस कच्ची बस्ती में मनाया। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. प्रवीण गहलोत, डॉ. उत्तम पालीवाल, डॉ. अल्केश टाक, डॉ. आरपी सारण, डॉ. समयसिंह मीणा, डॉ. शिवकुमार बरवड़ एवं स्वयंसेवक मनोहर ने एम्स रोड स्थित कच्ची बस्ती में 1 हजार मास्क व सैनेटाइजर बांटे।

## महिलाओं की सुरक्षा हेतु कानूनी प्रावधान पर वेबीनार का आयोजन

**27.09.2020**

